हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



## पीटीसी उषा का बड़ा आरोप : कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं

Page 10 देश



## मायावती ने संभाली चुनावी मोर्चा, 22 को गृह जनपद नोएडा में करेगी रैली

शुक्ल पक्ष भरणी संवत 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 10 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 119 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 71, 730 | ₹84,500 |





## आज का इतिहास

- 2005 : महिला क्रिकेट विश्व कप: ऑस्ट्रेलिया ने 98 रन से भारत को हराया।
- 2001 : भारत व ईरान के बीच तेहरान घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर।

## न्यूज बाइट्स

### केंद्र ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को दी गई जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा

पटना (नि. सं.)। केंद्र ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसार,केंद्र सरकार ने संभावित खतरों के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सुरक्षा देने का फैसला किया है। उन्हें सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा दी गई है। खबरों की मानें तो केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

### मुर्मु आज करेंगी होम्योपैथिक सम्मेलन का उद्घाटन

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज होम्योपैथी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी जिसमें देश विदेश के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि श्रीमती मुर्मु विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर नयी दिल्ली में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का विषय 'अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ानाः एक होम्योपैथिक सम्मेलन' होगा। सम्मेलन का उद्देश्य नैदानिक अभ्यास और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देना, अनुसंधान-आधारित चिकित्सा विज्ञान में होम्योपैथिक को सक्षम बनाना, व्यक्तिगत, सुरक्षित तथा विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल के लिए आबादी की जरूरतों को पूरा करने वाला स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बनाना और होम्योपैथिक चिकित्सा को समृद्ध करना है।

### राज्य के 35547 प्रारंभिक स्कूलों में बनेगी पोषण वाटिका

पटना (नि. सं.)। प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य में सुधार के लिए पोषण वाटिका बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य के सभी जिलों के कुल 35547 प्रारंभिक स्कूलों में पोषण वाटिका बनाया जाएगा। वहीं जहां पर पोषण वाटिका है उसका विस्तार किया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को मध्याह्न भोजन योजना निर्देशालय में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें 16 विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं पोषण वाटिका खोलने के लिए संबंधित स्कूलों को निर्देश भी दिया गया है। बता दें कि हाल में पोषण वाटिका के सबसे बेहतर प्रचार प्रसार के लिए देशभर में बिहार को पहला स्थान मिला है। बिहार के स्कूलों में पोषण वाटिका का प्रचार-प्रसार सबसे बेहतर होता है। अब इसको लेकर नये पोषण वाटिका बनाने और इसके विस्तार पर जोर दिया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में मात्र 11 फीसदी स्कूलों में ही पोषण वाटिका चल रहा है। अधिक से अधिक स्कूलों में पोषण वाटिका खोला जाएगा, इसके लिए अब निदेशालय ने निर्णय लिया है।

### गया लोकसभा क्षेत्र में पीएम के सभा से पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव की दूसरी चुनावी सभा

# देश में लोकतंत्र नहीं है, राजतंत्र आ चुका है : तेजस्वी

निज संवाददाता | गया

गया लोकसभा क्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी के सभा से पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव की दूसरी चुनावी सभा हुई। पहले दिन गया में एनडीए के गढ़ बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र के मोहनपुर प्रखंड से चुनावी सभा कर पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर बरसे थे। वहीं मंगलवार दोपहर बाद जिले के चाकंद प्रखंड के चाकंद हाई स्कूल के मैदान में तेजस्वी यादव और उनके साथ सन ऑफ़ मल्लाह मुकेश सहनी ने चुनावी सभा में हुंकार भरी।खास बात यह भी है कि तेजस्वी यादव गया लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत कुमार की जीत सुनिश्चित कराने के लिए दूसरे दिन भी चुनावी सभा की। कुमार सर्वजीत बोधगया विधानसभा क्षेत्र से राजद के विधायक भी हैं। इससे पहले तेजस्वी सोमवार को मोहनपुर प्रखंड के इटवा विहिया में चुनावी सभा को संबोधित किया था। मंगलवार को बाहुबली कहे जाने वाले विधायक डा. सुरेंद्र यादव के विधानसभा क्षेत्र बेलागंज के चाकन्द प्रखंड के हाई स्कूल के मैदान में तेजस्वी और मुकेश साहनी सभा को संबोधित किया। गया लोकसभा क्षेत्र के बेलागंज प्रखंड के चाकंद हाई स्कूल में पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह 2024 का आम चुनाव है, लेकिन यह खास चुनाव है समझने की आवश्यकता है। देश संकट से गुजर रहा है। युवा रोजगार की जगह घर में बैठा है। युवाओं को पीछे धकेलने का काम किया जा रहा है। पूर्वजों ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी उसके बाद देश आजाद हुआ। सही मायने में अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। 5 किलो चावल में विकास आ गया है। राज्य और देश में लोकतंत्र नहीं है, राजतंत्र आ चुका है। दो-दो सीएम को मोदी ने जेल में डाल चुका है। संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। अच्छे दिन लाने का मोदी ने नारा दिया था उसी झांसे में आ गए। आज हिटलर बने हैं। किसानों की आमदनी दोगुना, युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। 2020 में हमने 4 विधायक बनाया, बिना समर्थन के नीतीश कुमार सीएम नहीं बनते। एक षड्यंत्र के तहत विधायकों को खरीदकर हमे रोड पर ला दिया है। बिहार के सभी 40 सीट हरा कर दिखाएंगे यह गारंटी है।



### चाचा से अब बिहार चलने वाला नहीं

मोदी से कोई दुश्मनी नहीं है विपक्ष में हैं सवाल पूछने का अधिकार है। जनता को भी यह अधिकार है। मोदी की बात नहीं मुद्दे की बात होनी चाहिए। डिग्री के बाद भी नौकरी नहीं मिल रहा है। बेरोजगार घूमेगा तो शादी भी नही होगी। हमने कहा था 10 लाख लोगो को सरकारी नौकरी देने का काम करेंगे तो 17 महीने में 5 लाख लोगो को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। 17 महीने में इतने को सरकारी नौकरी दे सकता है तो 5 साल में सोचिए कितने को नौकरी देगा। 10 साल में मोदी ने हजारों में भी सरकारी नौकरी देने का काम नहीं किया। सबसे ज्यादा सेना और रेलवे में नौकरी मिलती थी। रेलवे को बेच कर सेना में अग्निविर कर दिया गया। शहीद का दर्जा तक नही मिलता है। सुनवाई और कार्रवाई वाली सरकार हम देंगे। चाचा जी पलट गए है अब उनसे बिहार चलने वाला नहीं है।

### पहले महंगाई डायन, अब भौजाई : तेजस्वी

असली दुश्मन बेरोजगारी, महंगाई, पलायन,भुखमरी है। यह सब बात कोई नहीं करता है।लेकिन मोदी सिर्फ लालू को हीं गाली देते है। भाजपा के प्रत्याशी अच्छा नहीं है, यह गया के लोग कह रहे हैं। भ्रामक कर भाजपा वाले कह रहे हैं, उपर मोदी को देखकर वोट कीजिए।मोदी खुद नीचे गरीबों को नही देखते है। यही भाजपा वाला लोग पहले गाना गाते थे महंगाई डायन खायत है। अब महंगाई भौजाई और महबूबा हो गई है। राशन,सरकारी नौकरी देने का काम मेरी सरकार करेगी, जब गरीबी समाप्त हो गई है तो 80 करोड़ लोगो को अनाज क्यों बांट रहे हैं।

# घर में लगी भीषण आग, छह की मौत

- मां के साथ 3 बेटियां, एक बेटा और प्रेंग्नेट ननद शामिल, ट्रांसफॉर्मर से निकली थी चिंगारी

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। रोहतास में मंगलवार की दोपहर एक घर में भीषण आग लग गई। इस घटना में परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि घर के बगल में ट्रांसफॉर्मर लगा है, जिससे चिंगारी निकली, जो घर पर गिरी। इसके बाद देखते-देखते ही आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले ली। घटना कच्छवां थाना क्षेत्र की है। मृतकों में पुष्पा देवी (30), उसकी तीन बेटियां और एक बेटा मोहा कुमार शामिल है। इसके साथ ही पुष्पा देवी की प्रेग्नेंट ननद की भी मौत हो गई है। कच्छवां थानाध्यक्ष ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। इस घटना में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सिविल सर्जन डॉ के.एन तिवारी ने बताया कि घटना में एक व्यक्ति 95 प्रतिशत जल गया है, जिसे एम्बुलेंस भेजकर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल लाया जा रहा है।



## ट्रेन से कटकर चार की हुई मौत

निज संवाददाता | सीवान

सीवान में मंगलवार की सुबह ट्रेन से कटकर 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 2 बच्चे और 2 महिलाएं हैं। सभी एक ही परिवार के हैं। यह हादसा सीवान-गोरखपुर मुख्य रेलखंड पर मैरवा के सुमेरपुर ओवरब्रिज के पास हुआ है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मैरवा में दो बच्चे ट्रेन को देखकर काफी उत्साहित हो गए थे। वे रेलवे ट्रैक की तरफ भाग रहे थे। दोनों बच्चों को ट्रैक की तरफ जाते दो महिलाओं ने देख लिया था। बच्चों को बचाने के लिए वो भी उनके पीछे दौड़ गईं। इसी दौरान दूसरी लाइन पर ट्रेन आ गईं। दूसरी लाइन पर ट्रेन आ रही थी। ट्रेन की चपेट में आने से चारों की कटकर मौत हो गई। घटना मृतका नीतू देवी (30) पत्नी गोविंद राजभर, श्रीमती राजभर (32) पत्नी त्रिभुवन राजभर, खुशी कुमारी (4) और दिलबहार कुमार (8) पिता त्रिभुवन राजभर की मौत हुई है। खुशी और दिलबहार दोनों श्रीमती राजभर के बच्चे हैं। नीतू और श्रीमती दोनों रिश्तेदार हैं। भाकपा माले के नेता उपेंद्र शाह ने कहा ये लोग मजदूर हैं। गेहूं की कटाई कर लौट रहे थे। इसी दौरान इनके बच्चे ट्रेन देखकर दौड़ने लगे। उन्हें बचाने के क्रम में महिलाएं भी ट्रेन की चपेट में आ गईं। चारों की मौत हो गई। महिलाएं एक साइड से ट्रेन देखकर दौड़ीं, इसी दौरान दूसरी तरफ से भी ट्रेन आ गई। मैरवा और सीवान दोनों तरफ से ट्रेन आ गई। उन लोगों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इसी बीच हादसा हो गया। मुखिया अजय भास्कर चौहान ने कहा ये गरीब परिवार के लोग हैं। बगल में गेहूं की कटाई चल रही है। बच्चा बगल में खेल रहा था। इन लोगों को बचाने में हादसा हो गया। एक परिवार उजड़ गया।

### नववर्ष पर किया गया पंचांग पूजन

## आज ही के दिन भगवान श्रीराम का हुआ राज्य अभिषेक : डा. अजय प्रकाश



निज संवाददाता | पटना

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा प्रारंभ करती है, चन्द्रमा सोमरस वनस्पति को प्रदान करते है, वनस्पति में औषधीय गुण आते हैं। वसन्त ऋतु के प्रारंभ के साथ ही फसल पकने लगते है, किसानो में प्रसन्नता का प्रादुर्भाव होता है। उक्त बातें अजेय रामदूत फाउण्डेशन एवं सनातन धर्म सभा द्वारा नव वर्ष के अवसर पर सभा परिसर, पटनासिटी में आयोजित मिलन समारोह-सह-पंचांग पूजन के अवसर पर अजेय रामदूत फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. अजय प्रकाश ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीराम चन्द्र जी, महाराज युधिष्ठिर एवं महाराज विक्रमादित्य के सम्राज्य की स्थापना भी इसी दिन हुई है। यह विक्रम संवत की शुरूआत का दिन है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डा. त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा ने किया । पंचांग पूजन के पश्चात सभी सनातन धर्मियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। भगवा ध्वज के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए गये। क्षेत्र कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यक्रम में डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, विकास मौडिवाल, वीणा प्रकाश, कृष्णा अग्रवाल, भगवती प्रसाद मोदी आदि ने संबोधित किया तथा गौरव अग्रवाल, आत्म बाग्ला, प्रियंका राय आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

### शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

## 420 नियोजित शिक्षक होंगे फर्जी घोषित

- सक्षमता परीक्षा में शामिल होने वाले नियोजित शिक्षकों में से 1151 शिक्षक के प्रमाण पत्रों को संदेहास्पद पाया गया था।

निज संवाददाता | पटना



राज्य के 420 नियोजित शिक्षक फर्जी घोषित होंगे। हालांकि, ऐसे शिक्षकों को शिक्षा विभाग ने जांच कमेटी के समक्ष पेश होने के लिए आखिरी मौका दिया है। ऐसे शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रमाण पत्रों के साथ भौतिक सत्यापन हेतु 13 से 15 अप्रैल तक हाजिर होने का समय दिया गया है। इससे संबंधित आदेश माध्यमिक शिक्षानिदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव के आदेश से जारी किया गया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक, सक्षमता परीक्षा में शामिल होने वाले नियोजित शिक्षकों में से 1151 शिक्षक के प्रमाण पत्रों को संदेहास्पद पाया गया था। तब ऐसे शिक्षकों को प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु शिक्षा विभाग में जांच कमेटी के सामने हाजिर होने को कहा गया था। 7 से 31 मार्च तक जांच कमेटी ने संबंधित शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच की थी। इसमें 420 शिक्षक नहीं आए थे। शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे शिक्षकों को नोटिस भी भेजा गया था, लेकिन ऐसे शिक्षकों ने नोटिस का भी कोई जवाब नहीं दिया था। रोचक यह कि ऐसे दर्जनों शिक्षकों के शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाण पत्रों में एक ही क्रमांक संख्या अंकित था, इसलिए शिक्षा विभाग ने माना है कि ऐसे सभी शिक्षक फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर समक्षता परीक्षा में शाामिल हुए थे। फिर भी ऐसे शिक्षकों को प्रमाण पत्रों के भौतिक सत्यापन हेतु जांच कमेटी के समक्ष बुलाया गया है। यदि इस बार भी जांच कमेटी के समक्ष ऐसे शिक्षक हाजिर नहीं हुए तो उन्हें फर्जी घोषित किया जाएगा।

## एटीएम की ई. निगरानी को मजबूत करने की कार्ययोजना हो तैयार

पटना (नि.स.)। बिहार राज्य के लिए 38वीं राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार 9 अप्रैल को भारतीय रिजर्व बैंक के पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित हुई। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बैंक, आरबीआई और राज्य सरकार के बीच समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्य में एटीएम से जुड़े सुरक्षा मुद्दों से निपटने के लिए उन्होंने बैंकों के नियंत्रक प्रमुखों को एटीएम की ई-निगरानी को मजबूत करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने बैंक शखाओं और एटीएम की सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी की स्थापना सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होने अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे जिलों में नकली नोटों के प्रचलन और संबंधित मामलों पर अपनी बातों को रखा। बतातें चले कि राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति, सामान्यतः बैंक ब्रांच और विशेष रूप से मुद्रा तिजोरियां के सुरक्षा संबंधी मुद्दों के लिए आरबीआई द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति है।

## पुलिस ने 22.66 लाख नगद और डेढ़ किलो चांदी किया जब्त



निज संवाददाता | अररिया

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर सोमवार की देर रात 9:30 बजे फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में स्थानीय थाना की पुलिस टीम व एफएसटी टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 22 लाख 66 हजार 730 रुपया नगद राशि के अलावा लगभग डेढ़ किलो चांदी के जेवरात को जब्त किया गया है। जब्त चांदी के जेवरात का मूल्य लगभग डेढ़ लाख रुपया बताया जाता है। एसडीपीओ श्री साहा ने बताया कि लोक सभा चुनाव को लेकर देर शाम फारबिसगंज थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी, पैदल जा रहे गौतम स्वर्णकार पिता स्वर्गीय सूरज स्वर्णकार सिमराही थाना राघोपुर जिला सुपौल निवासी को रोक कर जांच की गई तो उनके पास से उक्त राशि व चांदी के जेवरात को जब्त किया गया। इसके बाद गौतम स्वर्णकार को हिरासत में लेकर फारबिसगंज थाना लाया गया। पूछताछ की जा रही है। जब्त राशि के सभी नोट पांच सौ के है।

## ईद-रामनवमी पर शिक्षकों की नहीं होगी ट्रेनिंग, 10-11 और 17 अप्रैल को छुट्टी, 14 और 21 तारीख को होगा प्रशिक्षण

निज संवाददाता | पटना

बिहार में ट्रेनिंग ले रहे शिक्षकों की ईद और रामनवमी पर छुट्टी को लेकर एक-के बाद एक लेटर जारी हो रहे हैं। सोमवार को एक लेटर जारी हुआ था, इसमें कहा गया कि छुट्टी को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने संज्ञान लिया है। और 10 और 11 अप्रैल, 2024 (ईद) एवं 17 अप्रैल, 2024 (रामनवमी) के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है। बाद में इस आदेश को फर्जी बताया गया और शिक्षा विभाग ने कहा कि प्रशिक्षण के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अब शिक्षा विभाग ने एक नया पत्र जारी किया है, जिसमें 11 अप्रैल को ईद की छुट्टी होगी और इस दिन टीचर्स की ट्रेनिंग नहीं होगी। साथ ही 17 अप्रैल को रामनवमी की छुट्टी दी गई है, इस दिन भी ट्रेनिंग स्थगित रहेगी। एससीईआरटी की ओर से जारी लेटर में लिखा गया है कि 11 अप्रैल की ट्रेनिंग 14 को और 17 की 21 अप्रैल को होगी। बता दें कि एससीईआरटी वो संस्थान है जो शिक्षकों की ट्रेनिंग कराती है।

वित्त मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि दोनों चिट्ठी सही है। ट्रेनिंग की चिट्ठी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रद्द कर दिया था। एक दूसरी चिट्ठी ट्रेनिंग रद्द होने के निकली है और एक चिट्ठी ट्रेनिंग होने की निकली है इसमें कोई कंफ्यूजन नहीं है। इससे पहले ईद-रामनवमी की छुट्टी को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से पत्र जारी करते हुए कहा गया कि सोशल मीडिया पर शिक्षा विभाग से संबंधित एक प्रेस नोट वायरल किया गया है कि 10 और 11 अप्रैल, 2024 (ईद) एवं 17 अप्रैल, 2024 (रामनवमी) के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अन्य किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है। वायरल प्रेस नोट शिक्षा विभाग की तरफ से जारी नहीं किया गया है। यह प्रेस नोट पूर्णतः भ्रामक एवं फर्जी है। मौलाना शिबली अलकासमी ने अनुरोध किया था कि आवासीय ट्रेनिंग की तारीख को आगे बढ़ा दिया जाए। इससे सभी शिक्षकों को आसानी हो जाएगी और वे परिवार के साथ ईद की खुशियां मना सकेंगे।

### 8 से 13 अप्रैल के बीच होनी है ट्रेनिंग

शिक्षा विभाग की तरफ से 19 हजार शिक्षकों के एक बैच को 8 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच ट्रेनिंग दी जानी है। इसी बीच 10, 11 अप्रैल को ईद है। वहीं ईद में शिक्षकों को ट्रेनिंग करने में परेशानी होगी, इसके बाद मौलाना शिबली अलकासमी ने सीएम को पत्र लिखा था। इसमें कहा था कि ईद के दिन मुस्लिम शिक्षक ट्रेनिंग कैसे कर सकते हैं? ईद मुसलमानों का सबसे बड़ा पर्व है। मुस्लिम शिक्षक परिवार के साथ ईद की खुशियां कैसे मना सकेंगे? देशभर में ईद की छुट्टी रहती है।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर सकते हैं होल्डिंग-टैक्स जमा

पटना। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रैल से जून माह तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 5% की छूट दी जा रही है। सिर्फ 1 अप्रैल से 30 जून के बीच पेमेंट करने पर ये लाभ मिलेगा। पटना नगर निगम अन्तर्गत स्थापित सभी टैक्स काउंटरों पर होल्डिंग टैक्स और ठोस कचरा प्रबंधन शुल्क के भुगतान करने के लिए संपत्तिधारकों को यह सुविधा दी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऐसे व्यक्ति जो घर बैठे अपने होल्डिंग टैक्स का भुगतान करना चाहते हैं। उनके लिए भी ऑनलाइन की व्यवस्था की गई है। नगर निगम की बेवसाइट https://www.pmc.bihar.gov.in/Home.aspx या https://pmcptax.bihar.gov.in/pmc/public पर जाकर भुगतान कर सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं। नगर निगम के होल्डिंग टैक्स रोस्टर अनुसार भुगतान करने पर ही आमजन को लाभ होगा।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल को नहीं दी राहत, याचिका की खारिज

एजेंसी | नयी दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति-2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने श्री केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए ईडी द्वारा उन्हें (केजरीवाला) गिरफ्तार करने और फिर विशेष अदालत के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने के आदेश को वैध ठहराते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया।उच्च न्यायालय की एक पीठ ने कहा कि ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति तैयार करने की साजिश रचने में शामिल थे और इस रची गई साजिश से प्राप्त आय का उन्होंने इस्तेमाल किया है। एकल पीठ ने कहा कि केजरीवाल व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे। उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। श्री केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com | ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

# महागठबंधन प्रत्याशी ने वारिसलीगंज में चलाया जन सम्पर्क अभियान

- सीपीआई के वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह ने कह दी बड़ी बात नवादा के अस्तित्व की लड़ाई है यह लोकसभा चुनाव
- भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में दवा आपूर्ति का ठेका लेकर नकली दवा पहुंचाया
- जिसमे हजारों लोगों की गयी थी जान
- भूमिहार में भी इनके प्रति है नाराजगी
- पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सीपी ठाकुर पर भी लगाया गंभीर आरोप
- नवादा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतेगी महागठबंधन





निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के द्वारा जनसंपर्क तेज कर दिया गया है. प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ प्रचार प्रसार में कूद गए हैं. महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने वारिसलीगंज के विभिन्न गावं का दौरा कर मतदाताओं के बीच जन सम्पर्क किया. इस दौरान वारिसलीगंज स्थित श्री गणेश धर्मशाला में राजद के पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं नवादा जिलाध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष उदय यादव ने उत्साहित कार्यकर्ताओं को आगामी 19अप्रैल को होने वाले चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं अपने प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया.उन्होंने कहा की हमारे नेता आदरणीय लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव हैं यहाँ के बागी उम्मीदवार सिर्फ वोटकटवा के नाम पर ही हैं,यहाँ सीधी टक्कर श्रवण कुशवाहा एवं भाजपा प्रत्याशी के बीच हैं जिसमें हमारे प्रत्याशी को अपार जन समर्थन मिल रहा हैं, प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने कहा की मैं यहाँ के लोगों का मान सम्मान हमेशा रखूंगा और नवादा का अवरुद्ध विकास को गति देने का काम करूंगा. उन्होंने कहा की हमारे नेता ने जात पात की राजनीति नहीं कर जमात की राजनीति करते हैं. महागठबंधन के घटक दल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ़ मंटन सिंह ने भी अपने कार्यकर्ताओं से एक एक वोट श्रवण कुशवाहा के पक्ष में करने की अपील किया. उन्होंने कहा की यह लड़ाई नवादा के अस्तित्व की लड़ाई भी हैं, नवादा का बेटा ही नवादा का सांसद होगा, इस बार भाजपा को नवादा में मुंह की खानी पड़ेगी. मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर कुशवाहा, राजद नेता उमेश यादव,राजेश कुमार, मिश्री गोप, शंकर राम,सीपीआई प्रखंड सचिव ललन कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, अरूंजय मेहता, पूर्व जिला पार्षद मीना देवी, महेश यादव, विपिन कुशवाहा,सनोज यादव, चम्पा देवी, रामबली यादव,बसंत सिंह,विनोद कुमार चौधरी, नजाम मियां सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे. नवादा आगामी 19अप्रैल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा के समर्थन में उतरे महागठबंधन के घटक दल भाकपा के वरिष्ठ नेता अखिलेश सिंह ने नगर स्थित तुमड़िया बाबा भवन सह कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने प्रत्याशी का नाम लिये बगैर बहुत बड़ी बात कह दी है. उन्होंने कहा की यहाँ के भाजपा प्रत्याशी ने दिल्ली एम्स में दवा आपूर्ति का ठेका में नकली दवा की आपूर्ति किया था जिसमे हजारों लोगों की जान गयी थी उसमें नवादा के भी लोग की जाने गयी होंगी. इसके वजह से यहाँ के भूमिहारों में इनके प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है.उन्होंने कहा की नवादा लोकसभा क्षेत्र वासियों के लिये यह अस्तित्व की लड़ाई है. उन्होंने कहा की भाजपा में दर्जनों कार्यकर्ता यहाँ साफ सुथरे छवि के हैं बाबजूद उन्हें टिकट नहीं देकर पैसे के बल पर भाजपा ने वैसे व्यक्ति को टिकट दिया है जो नवादा के बारे में कुछ पता नहीं है रही बात गठबंधन की तो हमारी पार्टी के कार्यकर्ता गठबंधन धर्म का पालन करेंगे और राजद के प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को भारी मतों से जिताएंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बीईओ ने किया पुरूस्कृत



**नारदीगंज**। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बस्ती बिगहा में मंगलवार को दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी गीता कुमारी ने की। बीईओ महेश्वर रविदास, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आनन्द कुमार,लेखापाल संजीव रंजन,शिक्षक मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर सफल छात्र व छात्राओं को पुरूस्कार देकर मनोबल बढ़ाने का कार्य किये।आयोजित कार्यक्रम में प्रथम से आठवीं कक्षा की परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले छात्र व छात्राओं को पुरुस्कार दिया गया। सफल छात्र छात्राओं में वंदना कुमारी, सपना कुमारी, चांदनी कुमारी समेत अन्य छात्र व छात्राओं को मेडल, प्रगति पत्र,प्रमाण पत्र समेत अन्य सामग्री देकर मनोबल बढ़ाया गया।इस मौके पर बाल विवाह पर्वनुक्कड़ नाटक,समूह गान, कविता पाठ व अन्य प्रतियोगिता आयोजित कर पुरूस्कृत किया गया। इस मौके पर शिक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र, शरीरिक शिक्षक शैलेन्द्र पांडेय,अर्चना कुमारी, अपर्णा कुमारी, संध्या जयसवाल, रोशन कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

### शांति व सदभाव के साथ मनायें ईद :थानाध्यक्ष



**वारिसलीगंज**। ईद त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर वारिसलीगंज थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने शांति और सदभाव के साथ त्यौहार को मनाने की अपील किया.बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा की ईद का त्यौहार भाईचारे का प्रतीक है उन्होंने कहा की मस्जिदों में नमाज अता करने को लेकर वारिसलीगंज पुलिस के द्वारा सुरक्षा की पूरी तैयारी की गयी है. उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव की भी तैयारी चल रही है सभी चिन्हित स्थानों एवं मदरसाओं में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी. त्यौहार को लेकर नगर के मुख्य मार्गो में फ्लैग मार्च भी किया गया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार सहित क्षेत्र के दर्जनों प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे.

### कलशयात्रा के साथ श्रद्धा पूर्वक शुरू हुआ नवरात्रि

**नारदीगंज**। प्रखंड के विभिन्न गांवों में वासंतिक नवरात्रा को लेकर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ कलश यात्रा मंगलवार को निकाली गई। प्रखंड के सहजपुरा व ओड़ो गांव स्थित मां काली,वनगंगा व हरनारायणपुर गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर से श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। इसके अलावा अन्य गांवों स्थित मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं व पूजा समिति के लोगों ने जलयात्रा निकाली।जलयात्रा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू किया।इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने पंचाने नदी से जलभराई कर पूजा स्थलों पर कलश को स्थापित किया गया। इस दौरान आकर्षक झांकी भी निकाली गई। जय माता दी के जयघोष से माहौल गुंजायमान होता रहा। वही कई श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों में भी कलश स्थापना कर मां दुर्गा ,मां काली की पूजा अर्चना के साथ दुर्गा सप्तशती का विधिवत पाठ शरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर सुख,समृद्धि,अरोग्यता की कामना किया। मौके पर ओड़ो गांव में भी ब्राह्मण टोला स्थित आभालिंगम महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण कर श्रद्धा व उत्साह के साथ कलश स्थापना हुआ,और सामुहिक रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू हुआ।इस दौरान श्रद्धालु राघवेंद्र मिश्र, दिनकर मिश्र,अमरेश मिश्र, पंकज कुमार मिश्र समेत अन्य श्रद्धालुओं ने दुर्गा सप्तशती का पाठ करने में मौजूद रहे।

### पौष्टिक आहार व आयरन की गोली का करे सेवन -प्रभारी डा0 नवीन

**नारदीगंज**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,नारदीगंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुआ। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने की। आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों के 192 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह दी गई।इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को एक महीने की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।स्वास्थ्य जांच में आये गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों ने कहा निर्धारित समय पर जांच कराने संस्थागत प्रसव गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों परिवार नियोजन, वाहन सुविधा, जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार,आशुतोष कुमार ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं का रक्त जांच व पेशाब जांच का सैंपल लिया गया।कार्यक्रम में डा0 इंद्रदेव कुमार,डा0 बाल मुकुंद प्रसाद,डा0 इरशाद हसन डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार,एएनएम शोभा देश पांडेय,ममता कुमारी समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### डीएम ने परिवहन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**नवादा**। जिला वाहन प्रबंधन कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मी को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित करने की अनुशंसा की गई प्रशांत कुमार सी.एच. जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा के द्वारा आज दिनांक 09.04.2024 को जिला वाहन प्रबंधन कोषांग का औचक निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन कार्य हेतु वाहनों की उपलब्धता, ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था, अधिग्रहित वाहनों की VMS पोर्टल की प्रविष्टि तथा लॉग बुक का संधारण इत्यादि के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कर्मवीर राज, योजना सहायक, जिला योजना कार्यालय, नवादा (प्रतिनियुक्त जिला वाहन प्रबंधन कोषांग, नवादा) द्वारा अपने सामने रखे टेबल पर पैर रखकर मोबाईल पर Political Video देखा जा रहा है तथा उनके सामने कम्प्यूटर के स्क्रीन पर सिर्फ Blank word document खूला है। इस संबंध में निरीक्षण के दौरान उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा से पृच्छा किये जाने पर बताया गया कि श्री राज को उनके द्वारा लोकसभा निर्वाचन कार्य से संबंधित रूट चार्ट के अनुसार ईंधन आपूर्ति के संदर्भ में विस्तृत गणना का कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया था। श्री राज के विरूद्ध जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के संबंध में प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। अतएव श्री कर्मवीर राज, योजना सहायक, जिला योजना कार्यालय, नवादा (प्रतिनियुक्त जिला वाहन प्रबंधन कोषांग, नवादा) द्वारा किये गये उपरोक्त कृत्य हेतु अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा संबंधित विभाग से की गई है।

## पुरूस्कृत होते गदगद हुए छात्र व छात्राएं

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनियावां में मंगलवार को दीक्षांत समारोह व पुरुस्कार सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार, वरीय शिक्षक मांडवी कुमारी, सेवानिवृत्त शिक्षक सौदागर मिस्त्री, सिद्धनाथ पांडेय व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में प्रथम से 12वीं कक्षा की परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले छात्र व छात्राओं को पुरुस्कार दिया गया। इस मौके पर सभी छात्र व छात्राओं को प्रगति पत्र व अन्य सामग्री देकर उन्हें पुरुस्कृत कर मनोबल बढ़ाने का कार्य हुआ। कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र व छात्राएं में कौशल कुमार,रिया कुमारी, वेवी कुमारी, अंशु, विकास, साक्षी,संजीव,अंशु वर्मा,पूजा कुमारी, रानी,धनपत, सुहाना साव समेत अन्य छात्र व छात्राएं को वार्षिक मूल्यांकन प्रमाण पत्र के अलावा प्रगति पत्र, डिक्सनरी, बैग,डायरी,मेडल समेत अन्य सामग्री पुरुस्कार देकर हौसला बढ़ाया। वही नृत्य,गायन, चित्रांकन समेत अन्य प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को पुरुस्कार दिया गया। कहा कि पढ़ लिखकर आगे बढ़ो, शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है।पढ़ना बहुत जरूरी है। तभी घर, परिवार, समाज व राष्ट्र को गौरान्वित कर सकते हो।आयोजित कार्यक्रम में जहां छात्र व छात्राएं प्रसन्न हुए, वही अभिभावक ने भी खुशी जाहिर की।मौके पर शिक्षक पवन कुमार,गौतम कुमार,सतीश कुमार,विन्देश्वरी प्रसादं ,अन्नू कुमारी, रिंकी कुमारी,ज्योति कुमारी, संतोष कुमार, अभिषेक कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## जीविका दीदियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

निज संवाददाता। **पकरीबरावां**




जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में मंगलवार को जीविका बीपीएम पूनम प्रजापति के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान चलाई गई । लोकसभा 2024 निर्वाचन में कोई भी मतदाता मतदान से छूट नहीं इसके लिए निर्वाचनआयोग के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम जिले में चलाई जा रही है, उसी के तहत पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत बाजार सहित विभिन्न गांव मोहल्ले एवं वार्डो में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं जीविका बीपीएम के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं। जीविका बीपीएम पूनम प्रजापति के नेतृत्व में दर्जनों जीविका दीदी ने बैनर फ्लेक्स में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से अपने अधिकार को काम में लाएं मतदान करने जरूर जाएं । जन-जन की है पुकार मतदान करना है मेरा अधिकार ।जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र का बनेगा भाग विधाता सहित कई स्लोगन के साथ वारिसलीगंज मोड तक रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया साथ ही रंगोली मेहंदी मसाज जुलूस तथा सभा का आयोजन कर मतदाताओं को लोकतंत्र में वोट का अधिकार एवं महत्व का संदेश देते हुए रिएक्शन तो होगा मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया।

### मारपीट को लेकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भड़रा गांव में बीते सोमवार की शाम 4 बजे बालदेव शर्मा के पुत्र मधुर शर्मा को गांव के कुछ लोगों ने मारपीट कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया।मारपीट को लेकर पीड़ित ने थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।आवेदन में पीड़ित ने बताया कि भड़रा गांव निवासी मौली सिंह के पुत्र शंभू कुमार सिंह व पंकज सिंह,सुरेश सिंह के पुत्र झूलन सिंह एवं पंकज सिंह के पुत्र आदित्य कुमार पहले से घात लगाकर बैठे थे।इसी बीच जब मैं घर से बाहर निकला तो सभी लोगों ने लाठी-डंडे से मुझे मारपीटकर घायल कर दिया एवं गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि पीड़ित मधुर शर्मा द्वारा दिये गए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस मामले को लेकर अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

निज संवाददाता। **नवादा**



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, श्री प्रशांत कुमार सी.एच. के दिशा निर्देश के आलोक में संबंधित विभागों द्वारा मतदान शत प्रतिशत कराने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा जिला अंतर्गत प्रभावी ढंग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज सोमवार को संबंधित विभागों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' अभियान अंतर्गत नवादा जिला में मतदाताओं को मतदान की निर्धारित तिथि 19 अप्रैल 2024 को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने हेतु सभी महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें 18 से 19 उम्र वाले मतदाताओं को सेल्फी प्वाइंट, हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन लागातार किया जा रहा है और मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। डीआरसीसी भवन में शिक्षा सेवकों को सेल्फी पॉइंट, हस्ताक्षर अभियान मतदाता प्रतिज्ञा के माध्यम से लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार जिला आइकॉन राहुल वर्मा द्वारा आज गंगा रानी इंटर कॉलेज और सेठ सागरमल महिला इंटर विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधित फिल्म और गीत का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा दी गई सुविधाओं से अवगत कराया और ग्रामीणों से अपील की गयी की प्रवासी लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित कर उन्हें 19 अप्रैल को लोकतंत्र के त्यौहार में भाग लेने के लिए निर्देश दें।

## प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने का लिया निर्णय



निज संवाददाता। **पकरीबरावां**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रखंड कांग्रेस इकाई पकरीबरावां का कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह की उपस्थिति में अध्यक्ष नवलेश कुमार उर्फ चुटर सिंह के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया गया जिसमें नवादा लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी सरवन कुमार का ऐतिहासिक जीत दिलाने को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं रणनीति बनाई गई बैठक में उपस्थित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से राजद प्रत्याशी सरवन कुमार के पक्ष में गांव-गांव में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक मतदाता को सरवन कुमार के पक्ष में मतदान कराने के लिए सक्रिय रहने का सलाह दिया गया ।

बैठक में वरिष्ठ नेता महेंद्र प्रसाद शर्मा राजीव कुमार रविंदर यादव रामजी चौधरी मनोज कुमार नवीन कुमार शहीद दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे

## नरहट थाना परिसर में ईद और रामनवमीं को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**

रामनवमीं एवं ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नरहट थाना परिसर में मंगलवार को थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह के अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रखण्ड क्षेत्रों से आये गण्यमान्य, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों से थानाध्यक्ष ने ईद और रामनवमीं पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। बैठक में उपस्थिति लोगों ने भी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में अपना सहयोग का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में किसी तरह का अफवाह या आसामाजिक तत्व की जानकारी मिले तो थाना को तुरन्त सूचित करें। हम आपकी सेवा में हमेशा तत्तपर हैं। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील किया कि लोकसभा चुनाव है। सभी लोग आचार संहिता का पालन करते हुए त्योहार मनाएं। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा हुआ है। लोडिस्पिकर बजाने का आदेश एसडीओ साहब देते हैं। बिना परमिशन के जुलूस सभा नही करना है। अपर थानाध्यक्ष श्याम कुमार पांडेय ने साफ शब्दों में कहा कि उपरोक्त त्योहारों के अवसरों पर कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने का प्रयास करता है तो पुलिस उसपर सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। शांति भंग करने वाले को किसी भी कीमत में बक्शा नही जाएगा। पुलिस असामजिक तत्व के लोगों पर अपनी पैनी निगाह रख रही है। शांति में खलल डालने वाले बक्से नही जाएगें। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, जदयू नेता मंजूर आलम, मो कमरुद्दीन आलम, उमा शरण गुप्ता, पूर्व मुखिया अरुण यादव, अनिल राजवंशी, मो अखलाख आदि मौजूद थे।

## चैती काली पूजा के लिए निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**



वासंतिक नवरात्र में मा काली पूजा को लेकर प्रखण्ड के ओलिपुर काली मंडप से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश जल यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, नवयुवती, बच्चे अभी श्रद्धालु ओलिपुर से गाजे बाजे के साथ नाचते गाते माता का जयकारा लगाते चांदनीचौक नरहट होते हुए इब्राहीमपुर गांव के समीप से धनार्जय नदी से पवित्र जल भरकर वापिस काली मंडप पहुचे। नदी में वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद विधिवत पूजा अर्चना के बाद कलश में जलभरी का कार्य किया गया। काली मंडप में विद्वान आचार्य अवध किशोर पांडेय द्वारा विधिवत कलश स्थापन के साथ मंगलवार से चैत्र दुर्गा पूजा की शुरुआत हो गई। कलश स्थापन के साथ 9 दिवसीय चैत्र नवरात्र अनुष्ठान शुरू हो गया। भीषण गर्मी में भी कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखा गया। जय माता दी के नारों से पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। आचार्य ने बताया कि नवरात्र में 9 दिनों तक मा की पूजा अर्चना आराधना की जाती है। नवरात्र में जगत जननी आदिशक्ति मा दुर्गा के 9 रूपों की पूजा सिद्धिदायक होती है। जो भी भक्त सच्चे ह्रदय से मां की पूजा आराधना करते हैं माता उनकी सभी मनोकामना पूरी करते हैं। ओलिपुर गांव में कलश यात्रा और काली पूजा को सफल बनाने में चैत्र नवरात्र एवं चैती छठ पर्व को लेकर प्रखण्ड क्षेत्रों में काफी उत्साह है। ओलिपुर में कलश यात्रा एवं काली पूजा में मुख्य यजमान दिलीप राजवंशी एवं उनके पत्नी मंजू देवी बनाये गए हैं। कलश यात्रा और काली पूजा को सफल बनाने में मुकेश कुशवाहा, विनोद कुमार, अजय राम, दीपक कुमार, सुरेश राम, कामेश्वर राम समेत समस्त ग्रामीण अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। चैत्र नवरात्र में सहगाजीपुर गांव में भी काली पूजा की जाती है। सहगाजीपुर गांव में भी ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा निकाल कर कलश पूजा अर्चना शुरू की गई है। राजाबिगहा गांव में भी कलश जल यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। चैत्र नवरात्र, छठ पर्व एवं रामनवमीं को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पटना सिटी-गांधी मैदान मार्ग को किया जाम

# जेपी गंगा पथ पर कार और बाइक की टक्कर से दो लोगों की मौत



निज संवाददाता

**पटना**। पटना के जेपी गंगा पथ पर सड़क हादसे में घायल हुए दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पटना सिटी-गांधी मैदान मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात जेपी गंगा पथ पर कृष्ण घाट के पास कार और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार को दोनों की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिव माली और प्रेरणा मिश्रा के तौर पर हुई है। थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि जाम खुलवा दिया गया है। शिव माली, जंगली प्रसाद लेने के रहने वाले थे, जबकि प्रेरणा मिश्रा, आर्य कन्या विद्यालय के पास रहती थी। मामले की छानबीन की जा रही है।

## तबीयत बिगड़ने से प्रभारी प्रधान लिपिक की मौत

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। समाहरणालय पहुंचे मोहनिया प्रखंड कार्यालय के प्रभारी प्रधान लिपिक गौरीशंकर विद्यार्थी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई है। जिलाधिकारी कार्यालय में मौजूद कर्मियों ने बताया कि वह बैठक में शामिल होने के लिए आए थे। वह सीढ़ी चढ़कर डीएम ऑफिस पहुंचने ही वाले थे कि अचानक चक्कर आने से जमीन पर गिर गए। इसके बाद एम्बुलेंस को बुलाकर सदर अस्पताल भभुआ में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी सावन कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे। मामले की जानकारी लेने के बाद वह चले गए। कर्मियों ने बताया कि बैठक स्थगित कर दी गई थी, लगता है इस बात की जानकारी उनको नहीं थी। मृतक के बेटे अर्पित सिंह ने बताया कि उनको पहले से शरीर में दर्द और हार्ट में दर्द की शिकायत थी। इसको लेकर दवा भी चल रहा था। इससे उनकी मौत हो जाएगी यह पता नहीं था।



# अवैध हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार दो देसी कट्टा और 29 कारतूस बरामद

निज संवाददाता



**जहानाबाद**। जहानाबाद के नगर थाना क्षेत्र के निजामुदीपुर मोहल्ले दो हथियार तस्कर को देसी कट्टा और 29 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने दो बाइक और एक बोलेरो कार को भी जब्त किया है। इस संबंध में जहानाबाद एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की निजामुदीपुर इलाके में कुछ अपराधी हथियार और कारतूस की तस्करी कर रहे हैं। वहीं शराब की भी होम डिलीवरी भी की जा रही हैं। इसकी सूचना पर पुलिस ने तत्काल एक टीम का गठन कर छापेमारी शुरू किया और एक युवक शैलेश कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार युवक के निशानदेही पर निजामदीपुर इलाके में एक मकान में छापेमारी करते हुए तलाशी ली गई तो वहां से 12 बोतल अंग्रेजी शराब पाया गया। वहीं तलाशी के क्रम में वहां खड़ी एक बुलेट बाइक और बेलोरो से हथियार और 29 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। तलाशी के क्रम में कार से एक झंडा भी मिला है। एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया की छापेमारी के क्रम में दो युवक शैलेश कुमार और विपिन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जबकि इस सरगना का मास्टरमाइंड विक्की कुमार मौके से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैं। एसडीपीओ ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है, फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मारपीट के विरुद्ध पांच लोगों पर मामला दर्ज

**इंद्रपुरी (रोहतास) (नि. सं.)**। थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव में महिला के साथ मारपीट के मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के सुजानपुर निवासी पीड़िता पंकज कुमार की पत्नी रिया कुमारी ने बताया कि सोमवार की रात सुजानपुर निवासी रंगबहादुर दुबे के पुत्र रविंद्र कुमार दुबे मेरे दरवाजे पर आकर बेवजह गाली-गलौज करने लगे।

आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले पुलिस ने पकड़ा

## पुलिस ने देसी कट्टा के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**पटना**। पटना सिटी के आलमगंज इलाके में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। अपराधी की पहचान माखनपुर ईदगाह रोड के सुनील राम के तौर पर हुई है। आलमगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही टीम एक्टिव हुई। गश्ती गाड़ी देखते ही वो भागने लगा, जिसे पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक अपराधी के पास कारतूस भी था। जिसे उसने फेंक दिया। किस-किस मामलों में इसकी संलिप्तता रही है। इसके ग्रुप में और कौन-कौन से लोग शामिल हैं। पुलिस छानबीन कर रही है।

## आग लगने से लगभग 70 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक

निज संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)**। अंचल क्षेत्र के मौजा गिरधरियां एवं दिनारा के बधार में मंगलवार की दोपहर अचानक लगी भीषण आग से लगभग 70 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जल कर खाक हो गई। आग लगने की खबर सुन ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। वहीं तेज हवा से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने के साथ ही तत्काल इसकी जानकारी सीओ व अग्निशमन टीम को दी गई।

## आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

निज संवाददाता

**पटना**। दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में खाना बनाने के दौरान एक घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कई घरों को अपनी चपेट में लिया। आग की लपटें काफी तेज थी। चारों ओर धुंआ फैल गया। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों की सूझबूझ से काबू पाया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। आगजनी में लाखों का नुकसाना हुआ है। घटना गंगहारा फुटानी बाजार स्थित हरिजन टोला की है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी अगर समय पर पहुंचती तो ज्यादा नुकसान नहीं होता। आग बुझने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी और पुलिस पहुंची। जानकारी के मुताबिक पहले सिपाही राम के घर में आग लगी थी। धीरे-धीरे अनिल राम, सुनील राम, मिठ्ठू राम और करीमन राम के घर की भी चपेट में ले लिया। गेहूं, चावल, दाल, बर्तन, कपड़े समेत कई कीमती सामान जलकर राख गए। पीड़ितों ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

# जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में दो महिला सहित 11 घायल

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में दो महिला सहित 11 लोग घायल हो गए। घायलों में बेलांव थाना क्षेत्र के ओरा निवासी सोनू कुमार, चैनपुर थाना क्षेत्र के करजांव के दगंल सिंह, बिउर के आसिफ खान, सोनहन थाना क्षेत्र के माधवपुर के कलेन्दर कुमार, बरहुली की चंदा देवी, निबियाटांड़ की दौलती देवी, भभुआ शहर के वार्ड 23 के मुकेश कुमार, वार्ड 24 के प्रदुम्न केसरी, हाटा के पप्पू गुप्ता, कुदरा थाना क्षेत्र के कानडिहरा गांव निवासी सेतुबान चौधरी के 40 वर्षीय पुत्र मुनमुन राय, भभुआ थाना क्षेत्र के मचियांव गांव निवासी राजमोहन पांडेय के 42 वर्षीय पुत्र अरविंद पांडेय शामिल हैं।

सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज किया गया। भुड़वा मोड़ के पास ठेला वाले को बचाने के दौरान बाइक से गिरकर मुनमुन राय घायल हो गया। सदर अस्पताल के चिकित्सक द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया गया। परिजन उसे लेकर वाराणसी चले गए। निरबिसपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अरविंद पांडेय घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि वह भभुआ से बाइक से बेलांव जा रहा था। इसी दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गया।

# आईसीडीएस के द्वारा चलाया गया बाल विवाह एवं मतदाता जागरुकता अभियान

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)**। बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत अल्प वोटर बूथ संख्या 45 और 46 उच्च विद्यालय शिवपुर उत्तरी दक्षिणी में बाल विवाह व मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिक्रमगंज शशि कुमारी एवं महिला पर्यवेक्षिका कुसुम कुमारी के नेतृत्व में सेविका ज्योति सिंह, कुंती देवी एवं उर्मिला देवी के द्वारा संयुक्त रूप से वैसे वोटर जो कामकाज हेतु एवं नौकरी पेशा करने वाले व्यक्ति के अभिभावकों एवं वोटरों को आगामी 1 जून 2024 को होने वाले लोक सभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। वैसे सभी मतदाताओं से मतदान के दिन अपने गांव आने और अपने वोट का अपने स्वेच्छा से प्रयोग कर देश का जिम्मेवार नागरिक बनने और लोकतंत्र का महापर्व मनाने साथ ही साथ बाल विवाह से विमुख होने के लिए जागरूक किया गया।

## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में लोकसभा मतदान की तिथियां नजदीक आ रही है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई है। डीएम अलंकृत पांडे ने घोसी प्रखंड में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि इस जिले का मतदान प्रतिशत और जिले की अपेक्षा कम रहती है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन लगातार मतदाताओं को जागरूक कर रहा है। इसी को लेकर रैली आयोजन किया जा रहा है। यह रैली प्रखंड मुख्यालय से चलकर वैरामसराय विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। जिला प्रशासन लगातार मतदाताओं को जागरूक कर रहा है कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जो लोग जिले से बाहर रहते हैं वह मतदान के दिन अपने जिले में आकर अपना मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर गर्मी को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। किसी को मतदाता को मतदान करने में कठिनाई नहीं हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस मतदान केंद्र पर मतदान कर्मी 80% मतदान कराएंगे उस मतदान केंद्र के सभी कर्मचारी और पदाधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा। जिले में लगातार मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि मतदान प्रतिशत जिले में बढ़ाया जाए।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)**। मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाष से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# पटना-गया से आनंद विहार हेतु प्रतिदिन चलेगी सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। ग्रीष्मकालीन अवकाष के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना एवं गया से आनंद विहार के लिए सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 02351/02352 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल (प्रतिदिन) (संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस का क्लोन): गाड़ी सं. 02351 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 15.04.24 से 20.04.24 तक प्रतिदिन तथा 27.04.24 से 30.06.24 तक प्रतिदिन पटना से 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 06.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02352 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 16.04.24 से 21.04.24 तक प्रतिदिन तथा 28.04.24 से 01.07.24 तक प्रतिदिन आनंद विहार से 08.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 21.55 बजे पटना पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिषा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं एवं गोविंदपुरी स्टेषनों पर रूकेगी। इस स्पेषल में 1ब् का 01 कोच, 2 एसी के 02 कोच, 3एसी के 03 कोच, 3 के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 05 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं. 03635/03636 गया-आनंद विहार-गया सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल (प्रतिदिन) (महाबोधी एक्सप्रेस का क्लोन): गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 15.04.24 से 20.04.24 तक प्रतिदिन तथा 27.04.24 से 30.06.24 तक प्रतिदिन गया से 14.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 16.04.24 से 21.04.24 तक प्रतिदिन तथा 28.04.24 से 01.07.24 तक प्रतिदिन आनंद विहार से 07.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 20.45 बजे गया पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिषा में यह ट्रेन अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं एवं कानपुर स्टेशनों पर रूकेगी।

## शराब के साथ पिता और पुत्र सहित तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। उत्पाद पुलिस ने शराब के साथ पिता-पुत्र सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर सदर अस्पताल में चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। फिर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उत्पाद निरीक्षक अशोक कुमार ने इसकी पुष्टि की और बताया कि भभुआ शहर के वार्ड 25 से 15 लीटर शराब के साथ प्रेमचंद साह एवं उसके बेटे विजय कुमार उर्फ विक्की साह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का मकान सील किया गया है। उधर, छज्जुपुर पोखरा के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस ने छह बोतल शराब के साथ रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरुणा गांव निवासी राजेश्वरी शर्मा के 24 वर्षीय पुत्र रुदल शर्मा को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी जूही राज ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। रुदल यूपी से ऑटो से शराब लेकर आ रहा था। ऑटो को रोकवाकर जांच की गई, तो उसमें शराब मिली। लोकसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग की ओर से शराब को लेकर जांच तेज कर दी है।

ए. एन. कालेज, पटना
(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)
सीजीपीए 3.36/4 के साथ एनएएसी द्वारा मान्यता प्राप्त ग्रेड 'ए+' (चौथा चक्र)
बिहार के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज का चांसलर पुरस्कार प्राप्त

निविदा सूचना

कॉलेज विकास समिति के निर्णयानुसार ए.एन कालेज, पटना परिसर में, नैक मापदंड के अनुरूप छात्र सुविधा केन्द्र के सफल संचालन हेतु अभिकर्ताओं/बेरोजगारों से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है जिसका अनुबंध का अवधि तीन वर्षों का होगा। प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण किया जायेगा। छात्र सुविधा केन्द्र के सुचारू रूप से संचालन न करने या अनियमित संचालन करने पर अनुबंध को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। निविदा/अनुबंध प्रस्ताव के जमा करने की अंतिम तिथि 17/04/2024 है।

विशेष जानकारी के लिए कॉलेज कार्यालय से संपर्क करें।

प्राचार्य
ए.एन. कालेज
पटना

Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar.

very short Tender Notice
Tender Reference No. DWSD/LTR/MWSS-03/2024-25 Date – 09.04.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वचछता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 15.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। परिमाण विपत्र पेयजल एवं स्वचछता विभाग के विभागीय पोर्टल dwsd.jharkhnad.gov.in पर से Download किया जाना है। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 16.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 16.04.2024 अपराहन 03:00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Water Supply Scheme in ITI Campus Chandwa | 490280.00 | 10000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 2 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Kinamar Latehar | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 3 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Herhanj. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 4 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Serandag Herhanj Latehar. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 5 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Mnadal Barwadih. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 6 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Garu | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |
| 7 | Construction of Water Supply Scheme in CRPF Camp in Head Office 11 Bataliyan Block Coloney Latehar. | 770465.00 | 16000.00 | 1250.00 | 15 days |

नोट – यह निविदा आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु निर्माण कार्य के लिए प्रकाशन किया जा रहा है।
1. Estimated Cost & EMD cost may Be Changed
2. Only Registerd Contractor in this Department Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar.

PR.NO.323696 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस प्रवक्ता विजय कुमार का CM-PM पर तंज, बोले-सीएम नीतीश कुमार जनता को कर रहे गुमराह

**गया।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू गया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2025 के पहले का बिहार की चर्चा कर राज्य की जनता को गुमराह करने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। केंद्र के पैसे पर अपना मुंह चमकाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शायद यह कहने में शर्म महसूस हो रही है कि 2004 से 2014 के बीच केंद्र की यूपीए यानी डॉ मनमोहन सिंह की सरकार में बिहार में पहला केन्द्रीय विश्वविद्यालय, आई आई एम, ओटीए, डीआरडीओ, आई आई टी, एम्स, मेट्रो, मजदूर- कर्मचारियों का अस्पताल, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत गांव, गांव में सड़क , राष्ट्रीय राज्य मार्ग, फ्लाइ ओवर, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहित सभी क्षेत्रों में काम हुआ जो आज बिहार में नजर आ रहा है। विजय कुमार मिट्ठू समेत अन्य नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 सालों से अपनी नाकामियों का ठीकरा नेहरू-गांधी परिवार के माथे फोड़ने का काम कर रहे हैं। तो दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी नाकामियों, विफलताओं का ठीकरा लालू-राबड़ी सरकार के



माथे फोड़ने में मशगूल है। उन्होंने कहा कि चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री आखिर किस मुंह से सूबे बिहार के लोगों को कहते हैं कि आप नई पीढ़ी को 2005 के पहले के बिहार यानी 1999 से 2004 के बीच जब केंद्र की भाजपा गठबंधन के अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार की बातें को याद दिलाए जिसने सरकारी कर्मचारियों का पुरानी पेंशन योजना समाप्त किया। उस समय किस प्रकार बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है, इसकी चर्चा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री से बिहार की देवतुल्य जनमानस पूछना चाहती है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा अभी तक क्यों नहीं मिला। राज्य के सबसे पुरानी, प्रतिष्ठित पटना विश्वविद्यालय को अभी तक केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा क्यों नहीं मिला। बिहार से कई केन्द्रीय संस्थानों को दूसरे राज्यों में क्यों स्थानांतरण किया गया। बिहार को विशेष पैकेज क्यों नहीं मिला, आदि बातें नई पीढ़ी को बताने की आवश्यकता है। देश की महान जनता दो बार 2014 और 2019 में झांसे में आ गई। इस बार यानी तीसरी दफा मोदी, नीतीश के झांसे में नहीं आने का मन बना लिया है। इस मौके पर पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, शिव कुमार चौरसिया, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार ,मोहम्मद शमीम आलम, आदि शामिल रहे।

### गया में पहाड़ पर मिला युवक का शव, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गया।** गया जिले के नीमचक बथानी अनुमंडल के जमला गांव स्थित पहाड़ी पर आज दोपहर एक युवक का शव ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया। पहाड़ी पर युवक के शव मिलने की जानकारी के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शव देखने पहुंचे थे, लेकिन किसी ने भी शव की पहचान नहीं की है। स्थानीय अतरी थाना के पुलिस पदाधिकारी युवक के शव की पहचान कराने के लिए घंटों मशक्कत की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। अंत



में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल को भेज दिया है। अतरी थानाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि जमला गांव की पहाड़ी पर एक युवक का शव पड़ा हुआ था। शव की है इसकी पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक शव को रखा जाएगा, ताकि युवक की पहचान हो सके। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। फिलहाल अज्ञात शव मिलने को लेकर केस दर्ज किया जा रहा है।

### राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता खत्म, विभिन्न जिला के 500 खिलाड़ियों ने लिया था भाग, नालंदा को मिले कुल 8 पदक

**नालंदा।** स्टेट कराटे एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा 6 और 7 अप्रैल को बोधगया के संस्कृति केंद्र में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। बिहार के विभिन्न जिला से लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें से नालंदा की तरफ से डैफोडिल पब्लिक स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें सभी खिलाड़ी अपने बेहतरीन प्रदर्शन से कुल 8 पदक जीतने में कामयाब रहे। इसमें 3 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 3 कांस्य पदक शामिल है। तेजू वर्मा ने 2 स्वर्ण पदक, मयंक प्रभाकर ने 1 स्वर्ण पदक एवं 1 कांस्य पदक , मुस्कान कुमारी ने 2 रजत पदक, अस्मिता कुमारी एवं दीपक राज ने एक-एक कांस्य पदक जितने में कामयाब रहे। विद्यालय के सचिव सह एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स जोन के अध्यक्ष डॉ.रविचंद्र कुमार ने बताया कि हमारे स्कूल के मुख्य प्रशिक्षक सेन्सई राकेश




राज इस प्रतियोगिता में निर्णायक के भूमिका में रहे। वहीं, ऋषिकेश कुमार टीम कोच का दायित्व निभाए। सचिव महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सभी तरह के गतिविधियों में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया जाता है। इसी का परिणाम है की विद्यालय के विद्यार्थियों ने अभी तक शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं। इस मौके पर विद्यालय के मुख्य प्रशिक्षक सेन्सई राकेश राज ने बताया कि सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को आगामी नेशनल कराटे चैम्पियनशिप के लिए चयन किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को रश्मि रानी, प्राचार्य अजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक ऋषिकेश कुमार, रौशन कुमार, अन्नू भारती मनोज सिंह अतुल अभिलाष, चंद्र भूषण कुमार एवं अन्य सभी शिक्षक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य का कामना की।

### पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का आया प्रैक्टिकल डेट, अंडरग्रेजुएट पार्ट 2-3 का होगा एग्जाम

**नालंदा।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से संबंध प्राप्त नालंदा की डिग्री कॉलेजों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक आवश्यक जानकारी है। शैक्षणिक सत्र 2022-25 और 2021-24 का प्रायोगिक परीक्षा की तारीख जारी कर दी गई है। पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि कुलपति के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2022-25 और 2021-24 के अंडर ग्रेजुएट पार्ट 2 और पार्ट 3 के रेगुलर, वोकेशनल और जेनरल के छात्र-छात्राओं का प्रयोगिक परीक्षा 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।




परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि डिग्री कॉलेज के सभी प्रिंसिपल को यह निर्देश दिया गया है कि 10 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच प्रायोगिक परीक्षा संपन्न करा लें उपरोक्त कोर्स का ऑनलाइन मार्क्स एंट्री करने के लिए मार्क फोलियो विश्वविद्यालय द्वारा यथाशीघ्र कॉलेज लॉगिन में दे दिया जाएगा। अंडर ग्रेजुएट रेगुलर वोकेशनल और जेनरल छात्र-छात्राओं का प्रायोगिक परीक्षा उनके अपने ही कॉलेज में आयोजित की जाएगी। पढ़ रहे स्टूडेंट्स कॉलेज के सूचना पट पर प्रायोगिक परीक्षा का रूटीन चेक कर लें।

# 9वीं-11वीं में श्रेष्ठ स्थान लाने वाले स्टूडेंट्स हुए सम्मानित

## राजकीय विद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन

● स्टूडेंट्स ने किए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

निज संवाददाता। गया





गया जिले के अतरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भैया बीघा उपथू स्थित पुनीत राजकीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। दीक्षांत सम्मान समारोह में 9वीं और 11वीं की परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स द्वारा नृत्य, संगीत और नाटक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने किया। स्टूडेंट्स द्वारा एक से बढ़कर एक नाटक का आयोजन किया गया,जिसे देख अभिभावक काफी प्रसन्न हुए। इस मौके पर वरीय शिक्षक अनिल कुमार शाहनवाज अंसारी, ज्योति कुमारी और शिक्षा प्रेमी सरजू प्रसाद उपस्थित थे। वहीं, प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने बताया कि पहले सरकारी विद्यालय में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाता था। लेकिन अब इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से छात्र-छात्राओं सहित उनके परिजनों का मनोबल बढ़ता है। इसी उद्देश्य से दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम किया गया।

# मेड इन इटली पिस्टल के साथ 2 गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



हथियार के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था फोटो

नालंदा की दीपनगर पुलिस ने हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तीन थानों की पुलिस ने कांबिंग ऑपरेशन चलाकर आरोपी को पकड़ा है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने मंगलवार को दीपनगर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मामले की जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि 8 अप्रैल की संध्या में एक व्यक्ति का हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वायरल होने की सूचना प्राप्त हुई। त्वरित कार्रवाई करते हुए फोटो का पहचान की गई। उक्त फोटो की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के पावा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के पुत्र हिमांशु कुमार उर्फ राजू भाई के रूप में की गई।

**छापेमारी कर पुलिस ने दबोचा:** डीएसपी ने बताया कि दीपनगर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई। छापेमारी के क्रम में हिमांशु कुमार एवं विपुल कुमार को एक साथ विपुल कुमार के घर से पकड़ा गया। इसके उपरांत विधिवत तलाशी के क्रम में उसके पास से एक पिस्टल, तीन मैगजीन बरामद की गई। जिसे जप्त करते हुए दोनों युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपनगर थाना क्षेत्र के पावा निवासी भूषण प्रसाद का पुत्र विपुल कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार का पुत्र हिमांशु कुमार है। इनके पास से एक मेड इन इटली पिस्टल एवं तीन मैगजीन बरामद की गई। छापेमारी टीम में दीपनगर, पावापुरी एवं गिरियक थाना की पुलिस टीम शामिल रही।

# सड़क हादसे में रुद्रपुर थाने के PSI की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

निज संवाददाता। मधुबनी



मधुबनी के रुद्रपुर थाना में पदस्थापित PSI सुरभि पांडे की सड़क हादसे में मौत हो गई । बताया जा रहा है कि वो अपने सहयोगी धीरज पांडे के साथ विभागीय हिंदी की परीक्षा देकर लौट रही थी। तभी झंझारपुर के मोहना के पास एनएच 27 पर अज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए झंझारपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा में रेफर कर दिया गया। फिर वहां से भी दोनों को मेदांता अस्पताल पटना ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सुरभि की मौत हो गई। वहीं PSI धीरज पांडे की गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि बिहारशरीफ के रहने वाली थी और वो मधुबनी के रूद्रपुर थाना में पदस्थापित थी। वहीं दोनों में से किसी की भी शादी नहीं हुई थी। वहीं जख्मी धीरज पांडे झंझारपुर थाना में पदस्थापित थे और वो गया जिले के रहने वाले हैं।

**रूद्रपुर जाने के दौरान हुआ हादसा:** झंझारपुर डीएसपी पवन कुमार ने सड़क दुर्घटना में मौत की पुष्टि की हैं। उन्होंने बताया कि धीरज पांडे सुरभि को रूद्रपुर छोड़ने जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया की घटना रविवार की देर रात की है। घटना के बाद से पुलिस महकमे में शोक की लहर है।

# भाजपा हटाओ, देश-लोकतंत्र बचाओ, बीच सड़क श्रमिक नेता ने लगाए नारे, लोगों को कहा- संविधान बचाओ

निज संवाददाता। गया



गया शहर के सड़क के बीचों बीच एक श्रमिक नेता खड़े होकर भाजपा हटाओ देश बचाओ का नारा लगा रहा है। इसके लिए उन्होंने अपने गले में एक बोर्ड भी टांग रखा था। उस बोर्ड में लिखा था भाजपा हटाओ देश लोकतंत्र और संविधान बचाओ। गया व्यवहार न्यायालय मोड़ के समीप अति व्यस्त सड़क मार्ग के बीच श्रमिक नेता अनिल श्रीवास्तव आते-जाते लोगों को कहते हुए दिखे...भाजपा हटाओ देश बचाओ। हालांकि आने जाने वाले लोगों को इन सब चीजों से कोई मतलब नहीं था। हां कुछ लोग रुक कर उनसे बातें भी किये। सभी लोग अपने रास्ते से आ जा रहे थे। हालांकि श्रमिक नेता अनिल श्रीवास्तव को ऐसा करता देख किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वही, शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत के नूतन नगर मुहल्ले के रहने वाले श्रमिक नेता बिहार अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा हटाओ देश बचाओ का नारा इस लिए लगा रहा ताकि अभी भी मतदाता जागरूक हों, पीएम मोदी ने 2014 में जनता से वादा किया था दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन रोजगार तो दूर निजी करण को बढ़ावा दिया गया। मुख्य बात यह है कि आठ से दस हजार में युवा प्राइवेट फर्म में कमाने को मजबूर हैं। दूसरी बात महंगाई कम करने की बात कही थी, लेकिन महंगाई पूरे देश में चरम पर है। घरेलू गैस सिलेंडर पहले 4 सौ अब 1000 तो कहां है पीएम मोदी का वादा। श्रमिक नेता अनिल श्रीवास्तव के अनुसार वे आज देश में मौजूद हालतों को लेकर गले में तख्ती टांगकर भाजपा हटाओ देश बचाओ व लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ के नारे के साथ शहर में लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे थे। जिले के मतदाताओं को इस प्रकार से हीं जागरूक किया जा सकता है। वहीं, कोर्ट के समीप रहने वाले अधिवक्ता शिवनाथ गुप्ता ने बताया। श्रमिक नेता अनिल श्रीवास्तव भाजपा हटाओ देश बचाओ के नारों के साथ बीच सड़क पर घूम रहे हैं। उनका यह तरीका पहली बार देखकर अजब गजब लगा कि वह अकेले बीच सड़क पर खड़े होकर आने जाने वाले राहगीरों से भाजपा हटाओ देश बचाओ का नारा लगा रहे हैं।

# छोटे भाई की पत्नी से था अफेयर, ईंट से कूचकर मर्डर

निज संवाददाता। नालंदा



जेब से मिली सेक्स पावर की दवा, सड़क किनारे मिला शव

नालंदा में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव सड़क किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का सिर ईंट, पत्थर से कूचा हुआ था। साथ ही पॉकेट से सेक्स पावर बढ़ाने वाली गोली और बाइक की चाबी बरामद हुई है। परिजन का कहना है कि चचेरे भाई की पत्नी से अफेयर था, जिस वजह से उसकी हत्या कर दी गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र के यारपुर गांव के राइस मिल के पास का है। तेल्हाड़ा थाना के नैयमा गांव निवासी मुन्नी चौधरी के (25) वर्षीय पुत्र विपिन कुमार की लाश मिली थी। विपिन बिना खाने खाए सोने गया था। अगली सुबह उसका शव मिला है।

**परिजन ने हत्या का लगाया आरोप:** विपिन कुमार की भाभी उषा देवी ने बताया कि रात में देवर विपिन कुमार बिना खाए बगल वाले घर में सोने चले गए। मंगलवार की सुबह पता चला कि उनके देवर की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया है। उन्होंने बताया कि चचेरे भाई की पत्नी से उसका अफेयर चल रहा था। उन लोगों ने हीं उनके देवर की हत्या की है।

**पॉकेट मिला सेक्स पावर बढ़ाने वाली गोली:** युवक के पॉकेट से सेक्स पावर बढ़ाने वाली दवा भी पुलिस को मिली है। परिजन का आरोप है कि चचेरे भाई की पत्नी ने उसे पैसे के प्रलोभन में फांस रखा था।

**ईंट पत्थर से कूचा हुआ है सिर:** युवक का सिर ईंट-पत्थर से कूचा हुआ है। पॉकेट से मोटरसाइकिल की चाबी बरामद की गई है, जबकि मोटरसाइकिल घर के पास ही खड़ी है। हत्या किसी और जगह पर करके युवक के शव को यारपुर गांव के राइस मिल के सड़क किनारे फेंक दिया गया है। सुबह जब लोगों की नजर पड़ी तो घटना का खुलासा हुआ।

**कपड़े का दुकान चलाता था युवक:** बिपिन कुमार गांव में ही कपड़े की दुकान खोल रखा था। वह हर शाम हिलसा बाजार मार्केटिंग के लिए अपनी बाइक से जाता था और मार्केटिंग करने के बाद लौट जाता था। युवक के घर से एक किलोमीटर दूर उसका शव पुलिस के द्वारा बरामद किया गया है। वहीं इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

**क्या बोली पुलिस:** वहीं इस मामले में हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजनों के द्वारा प्रेम प्रसंग में हत्या की बात बताई जा रही है।

10 हजार के लिए व्यवसायी की हत्या मामला

# अलग एंगल से जांच शुरू की गया पुलिस, अन्य पर भी शक

निज संवाददाता। गया

गया में बीती शनिवार की रात गुरारू बाजार के व्यवसायी सोनू अग्रवाल की हुई हत्या में पुलिस का शक अन्य के ऊपर भी जा रहा है। बेशक इस मामले में मुख्य हत्या आरोपी गिरफ्तार कर लिया है पर गुरारु पुलिस सन्तुष्ट नहीं है। पुलिस अब घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है। यही नहीं मारे गए व्यवसायी सोनू के परिजनों कहना है कि इस कांड एक के अलावा अन्य लोगों का भी हाथ हो सकता है। थानाध्यक्ष चाहत कुमार का कहना कि घटना से जुड़े हर पहलू की जांच की जा रही है। अन्य लोगों की साक्ष्य सहित संलिप्तता सामने आती है तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की टीम वैज्ञानिक तरीके से मामले की जांच कर रही है। मृतक और हत्या आरोपी के अलावा अन्य लोगों के मोबाइल डिटेल खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि एफएसएल टीम ने भी घटना स्थल की जांच की है। हथौड़ी, चाकू एवं आरोपी के कपड़े एवं अन्य चीजों को जब्त किया गया है। घटनास्थल से खून के नमूने भी लिए गए है। हत्या के पीछे अब तक मजदूर और मालिक के बीच पैसे का विवाद ही बताया जा रहा है। सोनू अग्रवाल के हत्या शनिवार की रात थाने से महज कुछ दूरी पर उस समय कर दी गई थी। सोनू अपने मजदूर मिथलेश रविदास को छोड़ने अपनी बाइक से उसके घर जा रहा था। रास्ते मे हथौड़ी से सिर फोड़कर एवं चाकू से हमले कर मिथिलेश ने सोनू की हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि मशीन द्वारा तोड़ फोड़ के काम में मजदूर पिछले कई साल से व्यवसायी के साथ रह कर काम कर रहा था।

# मां मंगला गौरी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, चैत्र नवरात्रि का पहला दिन

निज संवाददाता। गया

गया में गिरा था सती का वक्ष स्थल





गया शहर से कुछ ही दूरी पर भस्मकूट पर्वत पर स्थित शक्तिपीठ मां मंगला गौरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही भक्तों का तांता लगा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां मंगला शक्तिपीठ के दर्शन के लिए कतार में खड़े हैं। मान्यता है कि यहां मां सती का वक्ष स्थल गिरा था, जिस कारण यह शक्तिपीठ पालनहार पीठ के रूप में प्रसिद्ध है। इसलिए नवरात्र के पहले दिन यहां श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ जुटी है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक, भगवान भोले शंकर जब अपनी पत्नी सती का जला हुआ शरीर लेकर तीनों लोकों में उद्विग्न होकर घूम रहे थे, तो सृष्टि को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने मां सती के शरीर को अपने सुदर्शन चक्र से काटा था। इसी क्रम में मां सती के शरीर के टुकड़े देश के विभिन्न स्थानों पर गिरे थे् जिसे बाद में शक्तिपीठ के रूप में जाना गया।इन्हीं स्थानों पर गिरे हुए टुकड़े में स्तन का एक टुकड़ा गया के भस्मकूट पर्वत पर गिरा था।

**यहां हर मनोकामना होती है पूरी:** मान्यता है कि इस मंदिर में आकर जो भी सच्चे मन से मां की पूजा व अर्चना करते हैं, मां खुश होकर उसकी मनोकामना को पूर्ण करती है। मान्यता यह भी है कि, यहां पूजा करने वाले किसी भी भक्त को मां मंगला शक्तिपीठ खाली हाथ नहीं भेजतीं। इस मंदिर में साल भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। यहां गर्भगृह में ऐसे तो काफी अंधेरा रहता है। परंतु यहां वर्षों से एक दीप प्रज्वलित हो रहा है। कहा जाता है कि यह दीपक कभी बुझता नहीं है। मां मंगला गौरी का इतिहास हजारों साल पुराना है। माता सती का अंग विभिन्न पर्वतों पर गिरा था। उस 108 अंग में से एक अंग गया के भस्मकूट पर्वत पर गिरा था, जो पालन पीठ के रूप में विराजमान है। इसलिए कहा जाता है कि यहां माता अपने भक्तों का पालन करती है।

मंगलागौरी शक्तिपीठ के पुजारी अमरनाथ गिरी बताते हैं कि इस मंदिर का उल्लेख, पद्म पुराण, वायु पुराण, अग्नि पुराण और अन्य लेखों में मिलता है. हिंदू संप्रदाय में इस मंदिर में शक्ति का वास माना जाता है।इस मंदिर में उपा शक्ति पीठ भी है, जिसे भगवान शिव के शरीर का हिस्सा माना जाता है।शक्ति पोषण के प्रतीक को एक स्तन के रूप में पूजा जाता है।इस पर्वत को भस्मकूट पर्वत कहते हैं। इस शक्तिपीठ को असम के कामरूप स्थित मां कमाख्या देवी शक्तिपीठ के समान माना जाता है। कालिका पुराण के अनुसार, गया में सती का स्तन मंडल भस्मकूट पर्वत के ऊपर गिरकर दो पत्थर बन गए थे।इसी प्रस्तरमयी स्तन मंडल में मंगला गौरी मां नित्य निवास करती हैं।जो मनुष्य शिला का स्पर्श करते हैं, वे अमरत्व को प्राप्त कर ब्रह्मलोक में निवास करते हैं।इस शक्तिपीठ की विशेषता यह है कि मनुष्य अपने जीवन काल में ही अपना श्राद्ध कर्म यहां संपादित कर सकता है।

**दूर दराज से आते हैं माता के भक्त:** मंदिर के गर्भगृह में देवी की प्रतिमा है। यहां भव्य नक्काशी बनी हुई है। मंदिर के सामने वाले भाग में एक मंडप बना हुआ है। मंदिर परिसर में भगवान शिव और महिषासुर की प्रतिमा, मर्दिनी की मूर्ति, देवी दुर्गा की मूर्ति और दक्षिणा काली की मूर्ति भी विराजमान है। यहां कई और भी मंदिर है। यहां नवरात्रि में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ जुटती है। परंतु महाष्टमी व्रत के दिन यहां बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। बनारस से आई श्रद्धालु ज्योति सिंह बताती हैं कि मंगला गौरी बहुत शक्तिशाली मंदिर है और जो भी यहां आते हैं उनकी मन्नत पूरी होती हैं। अभी नवरात्रि चल रहे हैं और यहां काफी भीड़ है और मां के दर्शन के लिए सुबह से ही लाइन में लगी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### टूर्नामेंट में वीकेएसयू की टीम ने किया क्वालीफ़ाई

**आरा।** ईस्ट जोन टूर्नामेंट में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय हैंडबॉल की टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो रणविजय कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इंटर जोनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफ़ाई कर लिया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने पीटीआई यशवंत सिंह, टीम मैनेजर और खिलाड़ियों को बधाई दी है। पीटीआई यशवंत सिंह ने बताया कि यह तीसरी बार हुआ है कि विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम ने आल इंडिया हैंडबॉल टूर्नामेंट में अपनी जगह बनायीं है। अब मई माह में केरल में आयोजित आल इंडिया हैंडबॉल टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय की टीम अपना हुनर दिखाएंगी। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय(वीकेएस यू) की पहली भिड़त वेस्ट बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी से हुई। इसमें वीकेएसयू ने 18-13 से यह मैच जीत लिया।

### शराब बेचने पर कोर्ट से 6 वर्ष का सश्रम कारावास और एक लाख दंड की सजा मिली

**आरा।** द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने सोमवार को 80 लीटर देशी शराब बरामदगीके मुकदमा में बिहिया थाना के मखदमपुर निवासी आकाश कुमार सिंह को छह वर्ष का सश्रम कारावास और एक लाख रुपया अर्थदण्ड की सजा सुनाया है। अभियोजन पक्ष से से उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक जुगेश्वर प्रसाद उर्फ हीरा ने बहस किया था। उत्पाद विभाग के एपीपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 25 मई 2021 को गजराजगंज ओपी के तत्कालीन सब-इंस्पेक्टर सुभाष सिंहने गुप्त सूचना पर नवदाबेन गांव के काली मंदिर के पास करीब 80 लीटर देशी महुआ शराब के साथ मखदमपुर गांव निवासी आकाश कुमार सिंह व विनोद सिंह को बाइक सहित गिरफ्तार किया था। ये ट्रायल के दौरान कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। इस पर कोर्ट द्वारा विनोद सिंह के विरुद्ध इश्तेहार जारी किया गया। दूसरी ओर बाइक से देशी शराब लेकर आ रहे ललन यादव उर्फ ललन सिंह को नवादाबेन के समीप चिमनी भट्टा के पास 50 लीटर देशी शराब के साथ उक्त पुलिस ने उसी दिन गिरफ्तार किया थी। शराब बरामदगी को लेकर पुलिस ने उन तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया था। फैसला के दिन कोर्ट में उपस्थित नही होने पर कोर्ट द्वारा ललन यादव के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी करने का आदेश दिया। उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक श्री हीरा ने बताया कि अभियोजन की ओर से चार गवाहों की गवाही कोर्ट में हुई थी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने दोषी पाते हुए आरोपी आकाश कुमार सिंह को 6 वर्ष के सश्रम कैद व एक लाख रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, छह गिरफ्तार, इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया

**बक्सर।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़की कोठिया गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों पक्षों के छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। औद्योगिक थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि सिकंदर अंसारी और क्यामुद्दिन अंसारी के बीच जमीन विवाद चल रहा था। सोमवार को दोनों पक्ष आपस में मारपीट करने लगे। मामले में दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज कराई है। एक पक्ष के सिकंदर अंसारी और रुस्तम अंसारी उर्फ चंदन अंसारी और दूसरे पक्ष के क्यामुद्दिन अंसारी, रियाज अंसारी, सेराज अंसारी और अरबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

### सीआरपीएफ जवान के दो पुत्र लापता, एफआईआर

**बक्सर।** शहर के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी से रविवार की दोपहर दो बच्चे गायब हो गए। घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक संजय कुमार सिंह सीआरपीएफ में नौकरी करते है। उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ वीर कुंवर सिंह मोहल्ले में रहती है। दोपहर उनके पुत्र निलेश कुमार 13 वर्ष और करण कुमार 9 वर्ष अचानक घर से गायब हो गए। काफी खोजबीन के बाद बच्चे जब नहीं मिले तो इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही बच्चों को ढुंढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### 3 व्यक्तियों से 5.44 लाख रुपए बरामद

**बक्सर।** लोकसभा एवं निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बक्सर जिले में सघन तलाशी अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में बक्सर प्रखंड अंतर्गत उड़नदस्ता दल (Flying Squad)-सह-अंचलाधिकार ी, बक्सर के द्वारा ज्योति चौक से यमुना चौक तक कुल 03 व्यक्तियों से 5 लाख 44 हजार रुपया कैश जब्त किया गया। जब्त कैश के संबंध में नगदी रिलीज अपीलीय समिति के द्वारा लिए गए निर्णय के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीअन्न उत्पादक कृषकों का मूल्य संवर्धक विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**कोईलवर।** नाबार्ड के मार्गदर्शन में अंत्योदय चेतना मंडल आरा एवं कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर के तकनीकी सहयोग से श्री अन्न उत्पादक कृषकों का मूल्य संवर्धन विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुल्हड़िया में अवस्थित पुस्तकालय भवन में किया गया। कार्यक्रम का जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड रंजीत कुमार सिन्हा, कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर के वरीय वैज्ञानिक डॉ पीके द्विवेदी, पीएनबी के एलडीएम राजेश कुमार चौधरी, प्राकृतिक खेती के विषय विशेषज्ञ रविश रंजन ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। इस दौरान जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड के रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया की मिलेट को नाबार्ड आज पर्यावरण स्वास्थ के दृष्टिकोण से देखते हुए किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त देखना चाहता है। उन्होंने मूल्य संवर्धन पर बताते हुए कहा कि मोटे अनाज से कई प्रकार के खाद्य उत्पाद तैयार कर किसान इसे बाजार मे लाकर ज्यादा मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। वरीय वैज्ञानिक डॉ पीके द्विवेदी ने कहा की फसलों पर आत्माधिक कीट नासक का प्रयोग, फास्ट फूड खाने का प्रचलन से मानव के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एलडीएम राजेश चौधरी ने कहा की बाजार और मांग के अनुरूप किसानों को आगे आना होगा। इसके लिए मोटे अनाज को तकनीकी रूप से बाजार के अनुसार अच्छे मूल्य प्राप्ति के लिये तयारी करनी होगी। उन्होंने सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताते हुए अपनी बात कही। प्राकृतिक खेती के विशेषज्ञ एवं प्रगतिशील किसान रविश रंजन ने प्राकृतिक कृषि पर उसके तरीको को नक्षत्र के अनुसार अपने खेतों की जतायी एवं बीज के प्रयोग को विस्तार से कृषि में कम लागत का गणित समझाया। उक्त अवसर पर पदाधिकारियों के साथ किसानों ने भी अपने अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम मे रविंद्र कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह , रमज्ञा तिवारी, महावीर दत्त पाठक, कुंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# फर्जी दरोगा गिरफ्तार, अफसरों को भी करता था ब्लैकमेल, ट्रकों से वसूली करते पुलिस ने पकड़ा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के बड़हरा थाना इलाके के कोहरामपुर के पास से पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। वो बालू लदे ट्रक ड्राइवर्स से अवैध वसूली करता था। ऑडियो, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पुलिस अधिकारियों को भी धमकाया करता था। पुलिस को कई दिनों से इसकी शिकायत मिल रही थी। देर रात को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को उसके पास से वर्दी, 1700 रुपए कैश और एक कार बरामद की है। पुलिस ने उसे कोईलवर थाने में रखा है। डीएसपी रंजीत कुमार सिंह ने प्रेस



कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाईः** गिरफ्तार किया गया फर्जी दरोगा छपरा (सारण) जिले के एकमा थाना क्षेत्र अंतर्गत माने गांव के निवासी अनिल कुमार का बेटा अभिनय कुमार है। डीएसपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दरोगा की वर्दी पहनकर बालू लदे ट्रक ड्राइवर्स से अवैध वसूली कर रहा है। जिसके बाद बड़हरा थाना की टीम उक्त स्थान पर छापेमारी करने गई। जिसके बाद फर्जी दरोगा अभिनय के साथ दो और व्यक्ति थे जो भाग गए और पुलिस द्वारा अभिनय को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अभिनय कुमार पूरी तरफ फर्जी पाया गया। वहीं, डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए फर्जी दरोगा अभिनय के पास से 1700 रुपए नगद, टाटा नेक्सन कार (पुलिस का लोगो लगा हुआ), दो मोबाइल, आधार कार्ड, दरोगा की पूरी वर्दी, वर्दी में लगे नेम प्लेट, दो-दो स्टार, पुलिस बेल्ट, ब्लू रंग का टोपी, बिहार पुलिस का लगा बैच, पुलिस वाला लाल रंग का जूता बरामद किया गया है। आरोपी से पुलिस उसके गिरोह का पता लगाने में जुट गई है। फिलहाल पूछताछ में अभिनय ने अपने साथियों का नाम बताया है। हालांकि पुलिस अभी उन सभी मामलों पर कार्रवाई करने में जुट गई है। फर्जी दारोगा अभिनय कुमार पिछले पांच से छह महीनों से फर्जी दरोगा का काम कर रहा है। अपना तंत्र इतना मजबूत कर वो ट्रक ड्राइवर और पुलिस प्रशासन पर भी अपना दबदबा बनाता रहता था। अभिनय रात्रि में दरोगा का वर्दी पहनकर छपरा, बड़हरा, कोईलवर, चांदी बालू घाट वाले इलाके में ये अपना शिकार करता था। वहीं पुलिस सिपाहियों को धमकाया भी करता था। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक अभिनय कुमार जिले में बालू लदे ट्रक का पासिंग का काम करना इसका मुख्य काम था। पुलिस के लिए सिर दर्द बना हुआ था। वहीं, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर लिया है।

## दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, लड़कों ने जीजा पर की टोनबाजी, गुस्से में आकर जीजा ने काटा दांत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के लौहर श्रीपाल गांव में सोमवार की देर शाम मजाक के दौरान उपजे विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से महिला समेत दस लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद सभी ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। एक पक्ष की घायल सुमित्रा कुमारी ने बताया कि दूसरे पक्ष के चंद्रभूषण कुमार द्वारा जीजा को हंसी मजाक में कुछ उल्टा शब्द बोल दिया गया था। इसी बात को लेकर उसके जीजा ने चंद्रभूषण को दांत काट लिया। जिसके बाद विवाद मारपीट में बदल गया। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में एक पक्ष से बड़हरा थाना क्षेत्र के लौहर श्रीपाल गांव निवासी सत्य नारायण दास की 45 वर्षीया मां चिंता देवी,48 वर्षीया चाचा मीना देवी,25 वर्षीया पुत्री सरिता कुमारी,26



वर्षीया बहन मेनका कुमारी,19 वर्षीय भाई चंद्रभूषण कुमार एवं 29 वर्षीय भाई रौशन कुमार शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी 70 वर्षीय दलसिंगार राम,65 वर्षीया उनकी पत्नी दुखनी देवी,40 वर्षीय बेटा बिगन राम एवं 20 वर्षीया पुत्री सुमित्रा कुमारी शामिल है। इधर एक पक्ष के चंद्रभूषण कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह दूसरे पक्ष के लड़के और वह एक साथ सरकारी पंचायत भवन में बैठे हुए थे। तभी उनके बीच हंसी-मजाक हुआ। हंसी–मजाक के दौरान दूसरे पक्ष के मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़का राम पर टोनबाजी । जिसके बाद दोनों पक्षों के लड़कों के बीच गाली-गलौज हो गया। उस दौरान उक्त पक्ष के लड़कों द्वारा उसे डंडा से मार दिया गया। जिसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन उक्त लड़कों के घर पूछताछ करने गए। जिसको लेकर वहां कहासुनी। हालांकि उस समय बात खत्म हो गई थी। सोमवार की देर शाम उक्त पक्ष के लोग उसके घर पर आए और सभी लोगों की पिटाई कर दी। जबकि दूसरे पक्ष की सुमित्रा कुमारी ने बताया कि दूसरे पक्ष के चंद्रभूषण कुमार द्वारा उसके जीजा को हंसी मजाक में कुछ उल्टा शब्द बोल दिया गया था। इसी बात को लेकर उसके जीजा ने चंद्रभूषण को दांत काट लिया। इसके बाद उसके द्वारा उसकी जीजा व उसके भाई की पिटाई की जाने लगी। तभी उसकी मां वहां आ गई। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुआ। इसके बाद उन लोगों द्वारा सभी लोगों की पिटाई कर दी गई। मामला शांत होने के बाद दोनों पक्षों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

### सड़क हादसे में चाचा-भतीजे समेत तीन जख्मी

**आरा।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मंगुरा टाड़ गांव के समीप सोमवार को सड़क हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद एक की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना देखकर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सिअरुआ गांव निवासी दसई राम का 18 वर्षीय पुत्र मुकेश राम, चईत राम का 23 वर्षीय पुत्र ज्ञानचंद राम एवं ढोड़ा राम का 18 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1085-2023-24, दिनांक 05.04.2024; कार्य का विवरणः** एसएसई/ई/जी/आईसी/सोनारपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन बालीगंज रेलवे स्टेशन में यात्री स्वचालित सीढ़ी (01 अदद) (निर्माता-मैसर्स जॉनसन) का 03 (तीन) वर्षों के लिए सम्पूर्ण वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एमसी नं. ई2686, यू/ए सं. 24/एसडीएएच/659/ईएससी)। **निविदा मूल्यः** रु. 9,27,891.96; **बयाना राशिः** रु. 18,600; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1087-2023-24, दिनांक 05.04.2024; कार्य का विवरणः** सीनि. एसई/ई/जी/एसडीएएच-**II** के क्षेत्राधिकार के अधीन ओपीडी बिल्डिंग, बी.आर. सिंह अस्पताल में 16 यात्री (जी+5) क्षमता वाली यात्री लिफ्ट (सं.-1) (निर्माता-मैसर्स थाइस्सेन क्रुप्प, जे.बी. इलेक्ट्रिक्ल वर्क्स द्वारा नवीनीकृत) का 03 (तीन) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 4,74,624/-; **बयाना राशिः** रु. 9,500; **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1088-2023-24, दिनांक 05.04.2024; कार्य का विवरणः** बीआरएसएच/सियालदह में नई बिल्डिंग (जी+5) के इमरजेंसी, ओटी, एचडीयू, आईसीयू (एस) में स्थित विभिन्न आकार के एयरकंडीशनिंग प्लांट कुल क्षमता 214एचपी (निर्माताः ब्लू स्टार) का 03 (तीन) वर्षों के लिए सम्पूर्ण वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 49,71,647.88; **बयाना राशिः** रु. 99,400; **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1089-2023-24, दिनांक 05.04.2024; कार्य का विवरणः** एसएसई/ई/जी/एसडीएएच-**II** के क्षेत्राधिकार के अधीन बीआरएसएच/सियालदह में स्प्लिट टाइप (1.5/2टीआर), विंडो टाइप (1.5 टीआर/2टीआर), टावर (3.5 टीआर) एयर कंडीशनिंग मशीनों, रेफ्रिजेरेटरों तथा वाटर कूलर का 03 (तीन) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 36,80,485; **बयाना राशिः** रु. 73,600; **समापन अवधिः** प्रत्येक क्रमांक के लिए 36 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** प्रत्येक क्रमांक के लिए रु. 0.00; **निविदा प्रकाशन की तारीखः** 05.04.2024. **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 07.05.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समयः** 07.05.2024 को अपराह्न 2.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली शुरू होने की तारीखः** 23.04.2024. निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (SDAH-08/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/24/21, दिनांक 08.04.2024;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 26.04.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (1) 20241872;** ईएमयू स्टॉक एवं सेल्फ जेनेरेटिंग कोचों इत्यादि के लिए बोगी माउंटेड ब्रेक सिलिंडर (बीएमबीसी) परिपूर्ण [40 मिमी स्ट्रोक लेंथ] की खरीददारी; रु. 1,28,240/-. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 29.04.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (2) 06231652बी;** यूटीएस थर्मल पेपर टिकट रोल की खरीददारी; रु. 1,80,090/-. **(3) 10232482सी;** लॉंग लाइफ लोको साइड बफर असेम्बली; रु. 4,30,950/-. **(4) 10235032;** ट्रांसफॉर्मर मेन 5400 केवीए; रु. 2,10,750/-. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.04.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (5) 11231069ए;** फूट प्लेट अरेंजमेंट; रु. 86,050/-. **(6) 11231854;** सम्पूर्ण इंटरकार गैंगवे ब्रिज माउंटिंग; रु. 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 01.05.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (7) 20231714ए;** ईएमयू के लिए पिन के साथ मैग्नेट वॉल्व कैप असेम्बली; रु. 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 02.05.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (8) 04245007;** डेरिक ड्राइव 2X110केएन, स्लिविंग गीयर बॉक्स एवं मेन होइस्ट ड्राइव 100 केएन इत्यादि; रु. 5,98,400/-. **(9) 11231500;** कपरल लॉक; रु. 0. **(10) 20231716ए;** ईएमयू ट्रांसफॉर्मर की एसएल साइड के लिए टर्मिनल ब्लॉक; रु. 0. **(11) 15235126ए;** सुरक्षा विभाग के लिए आवश्यक दो अदद कार्गो एक्स-रे बैगेज स्कैनर मशीन की खरीददारी; रु. 4,32,340/-. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 06.05.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (12) 21241531;** बीओएक्सएनएचएल वैगन के लिए असेम्बल की हुई दशा में सम्पूर्ण फ्लैप डोर; रु. 11,11,670/-. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 13.05.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (13) 20241067;** केपीए की आरेख सं. ईआर/केपीए/ईएल/एसडब्ल्यू.1एचई.285डी के अनुसार ईएमयू के मोटर स्विच ग्रुप के लिए अग्नि रोधक विशेषताओं के साथ मॉडिफाइड फ्रंट एवं बैक कवर का सेट; रु. 60,650/-. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 24.06.2024 को अपराह्न 1.30 बजेः (14) 20231002;** लोको एवं ईएमयू/एमईएमयू कोचों की केबल हेड टर्मिनेशन सिस्टम (सीएचटी) के लिए रखरखाव किट का सेट; रु. 61,020/-. **निविदा लागत** : रु. 0 (सभी के लिए)। **टिप्पणीः** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-03/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

फॉर्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा** **(सामाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय अच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पता :** श्रवण कुमार, ग्राम- सोनूबिगहा, पोस्ट+थाना- कादिरगंज, जिला- नवादा (बिहार)

**राजनीतिक दल का नाम :** राष्ट्रीय जनता दल

**( निर्दलीय अभ्यर्थी यहां :** ''निर्दलीय'' लिखें)

**निर्वाचन का नाम :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम :** 39, नवादा संसदीय क्षेत्र

मैं **श्रवण कुमार**, उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ:

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नवादा | मुफस्सिल थाना कांड संख्या 36/2011 | आरोप गठित | 147, 148, 149, 341, 323, 337, 427 भादवि। मारपीट से संबंधित |
| 2. | श्रीमती सिया श्रुति प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 236/2011 | आरोप गठित | 468, 420, 471, 171 (ई) 171 (एफ)/ 34 भादवि। चुनाव आचार संहिता से संबंधित |
| 3. | श्रीमान रोहित अमृतांशु प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | जी.ओ. 174/2006 | आरोप गठित | 40, बिहार माइंस एवं मिनिरल एक्ट खनन विभाग में राजस्व जमा करने से संबंधित |
| 4. | श्रीमती अनामिका कुमारी, प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 975/ 2020 | आरोप गठित नहीं | 188,9 बि. कंट्रोल द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट- 1995 चुनाव आचार संहिता से संबंधित |
| 5. | श्रीमान दिवाकर कुमार प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 209/ 2006 | आरोप गठित | 420, 120 (B), 411भादवि खनन विभाग में राजस्व जमा करने से संबंधित |
| 6. | श्रीमान रोहित अमृतांशु प्र.श्रे.न्या.दंडाधिकारी नवादा | नवादा थाना कांड संख्या 1418/ 2021 | आरोप गठित | 147, 149, 341, 323, 504, 506, 379 भादवि मारपीट से संबंधित |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण : लागू नहीं होता है

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं (शून्य) | लागू नहीं (शून्य) | लागू नहीं (शून्य) |

* राजद प्रत्याशी श्रवण कुमार द्वारा प्रकाशित।

एक नजर

## चोरी की 47 मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार



**जमुई (नि.सं.)**। जमुई के टाउन थाने की पुलिस ने शहर के अतिथि पैलेश चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक यात्री वाहन से जा रहे एक युवक को 47 एंड्रॉयड मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि बरामद किया गया मोबाइल चोरी का है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। गिरफ्तार युवक की पहचान बांका और गोड्डा सीमा रेखा के तीन पहाड़ निवासी सद्दाम अंसारी के रूप में की गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहा पर मजिस्ट्रेट के साथ सुरक्षा बलों द्वारा गुजरने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को शहर कके अतिथि पैलेश चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें एक यात्री वाहन से सफर कर रहे एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिस पर पुलिस को शक हुआ और उसे खदेड़ कर जब पकड़ उसके बैग की जांच की गई तो उसमें 47 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। जिससे पुलिस कब्जे में लेकर उससे पूछताछ कर रही हैं। पुलिस के पूछताछ में युवक ने बताया की वह पटना से झारखंड के गिरिडीह की ओर जा रहा था। वह लखीसराय रेलवे स्टेशन से उतरा और वह यात्री वाहन के जरिए जमुई पहुंचा था। साथ ही युवक जमुई से गिरिडीह जाने की तैयारी में था। लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को शक है कि गिरफ्तार युवक साइबर ठग है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को 47 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल युवक से पूछताछ की जा रही है। ज्यादा जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी जाएगी।

## दबंगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों को मार पीटकर किया घायल



**बेगूसराय (नि.सं.)**। बेगूसराय में दबंगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की लाठी-डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के मानिकपुर चेरिया गांव की है। मारपीट में घायल हरेराम पोद्दार का आरोप है कि गांव के ही मिथिलेश पोद्दार ने उनके परिवार में काम करने वाले मजदूर सुलोचन सदा को सरसों चोरी का आरोप लगाकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया था। इसको लेकर सुलोचन सदा ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मिथिलेश पोद्दार पर केस किया था। इसके बाद मिथलेश पोद्दार ने भी सुलोचन सदा पर सरसों चोरी का केस किया था। इसमें मिथिलेश पोद्दार द्वारा सुलोचन सदा पर केस में समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसी विवाद में मिथिलेश पोद्दार ने परिवार वालों के साथ हरेराम पोद्दार एवं उसके परिवार वालों के साथ मारपीट किया। हरेराम पोद्दार के साथ उसके चारों भाई और महिलाओं के साथ भी मारपीट किया है। फिलहाल सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय लाया गया है। घटना की सूचना नीमा चांदपुरा थाना को भी दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## आग लगने से तीन घर जलकर राख



**बेतिया(पश्चिमी चम्पारण) (नि.सं.)**। बेतिया के मझौलिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को आग लगने से तीन घर जलकर राख हो गए। घटना महोदीपुर वार्ड नम्बर 8 की बताई जा रही है। ग्रामीणों की माने तो शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और देखते ही देखते तीन घरों तक आग फैल गई। वहां मौजूद लोगों ने कई घरों को तोड़ कर आग को फैलने से रोका। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया है। आग बुझाने तक तीन परिवार का नुकसान हो चुका था। पीड़ितों का कहना है कि सरकार की ओर से मुआवजा नहीं मिला तो बहुत परेशानी हो जाएगी। हालांकि कितना नुकसान हुआ इसका अनुमान अभी लगाया जा रहा है। वहीं अंचल अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि घटना में नवेश्वर राम, सुंदरी देवी, बाबूलाल राम का घर और सामान जलकर राख हो गया है। इन सभी पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की कोशिश की जाएगी। बता दे कि आग लगने के पीछे का पक्का कारण अब तक पता नहीं चल सका है।

## बस की डिक्की से शराब जब्त, चालक-खलासी फरार



**पटना (नि.सं.)**। पटना के रामकृष्ण नगर थाने की पुलिस ने हजारों रुपए के विदेशी शराब एक निजी बस के डिक्की से बरामद किया है। इस मामले में बस के ड्राइवर और खलासी पुलिस की नजर से भाग निकलने में सफल हो गया। पुलिस अब बस के मालिक का पता लगाने में जुट गई है। पटना के राम कृष्ण नगर थाना क्षेत्र के एक जगह पर एक बस जिसका नंबर BR01PC/ 2642 बताया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इस बस से बड़े पैमाने पर शराब की होम डिलीवरी करने की योजना है। सूचना मिलते ही राम कृष्ण नगर थाने की पुलिस और मध निषेध विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी कर बस के डिक्की में रखे गए लाखों रुपए की विदेशी शराब को जब्त कर लिया है। इस मामले को लेकर राम कृष्ण नगर थाना प्रभारी कृष्ण चंद्र भारती ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक निजी बस के डिक्की में रखे गए 8 7.75 लीटर शराब जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में ड्राइवर और खलासी भागने में सफल हो गये। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह बस रजिस्ट्रेशन किसके नाम पर है।

### खेत में बकरी घुसने को लेकर हुआ विवाद

# अपराधियों ने पशुपालक को मारी गोली, ईलाज के दौरान हुई मौत



निज संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया थाना क्षेत्र के तेतरी गांव में पशुपालक नीरज कुमार यादव (26) को गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। अपराधियों ने नीरज के सीने में गोली मारी है] जिससे कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पड़ोसी ने उसे इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गांव के ही टिंकू सिंह से खेत में बकरी जाने को लेकर सोमवार को विवाद हुआ था। इस विवाद में नीरज की गोली मारकर हत्या की गई होगी। हालांकि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी टिंकू सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने नीरज कुमार यादव को तब गोली मारी, जब वह पशु को खाना दे रहे थे। लोगों ने घायल अवस्था में नीरज को नवगछिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसका इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। नीरज के माता-पिता और भाई-बहन कोई नहीं है। वह अकेले घर में रहकर पशुपालन का काम करता था। सोमवार को नीरज के खेत में टिंकू सिंह का बकरी चला गया था, जिसको लेकर टिंकू और नीरज के बीच विवाद हुई थी। इसी में गोली मारने की बात सामने आ रही है। हालांकि मामले को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में बाइक सवार दो लोग सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं टक्कर के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस और परिजनों को कॉल कर घटना की सूचना दी। इधर मृतक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची चीख पुकार मच गया। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए GMCH पूर्णिया भेज दिया है। घटना एसएच 65 पर भवानीपुर थाना चौक के समीप की है। मृतक की पहचान मीरगंज थाना के बघवा गांव निवासी सुरेश ऋषिदेव के बेटे निक्कू कुमार (21) के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक बघवा गांव का रहने वाला है। घायल की पहचान रामचंद्र ऋषि के बेटे दीपक कुमार के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए दोनों युवक बघवा गांव स्थित घर से अपने ननिहाल सुपौली पंचायत के ब्रह्मज्ञानी गांव जा रहे थे। ब्रह्मज्ञानी जाने के दौरान एसएच 65 पर भवानीपुर थाना चौक के नजदीक उनकी बाईक की टक्कर एक ट्रैक्टर से हो गई। ट्रैक्टर से टक्कर के बाद निक्कू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय मौके पर जुटे और फिर कॉल कर मृतक के परिजनों और स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। दोनों को स्थानियों की मदद से सामुदायिक अस्पताल भवानीपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने निक्कू कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक अन्य बाइक सवार की गंभीर हालत को देखते हुए इलाज के बाद GMCH पूर्णिया रेफर कर दिया गया।

## अलग-अलग दो अगलगी की घटना में 14 घर जलकर राख



- जांच के बाद मिलेगी मदद
- सुगौली में शॉट सर्किट से लगी आग
- अगले महीने होनी थी बेटी शादी

निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)**। मोतिहारी में दो अलग अलग प्रखंड क्षेत्र में अगलगी की घटना 14 घर जलकर राख हो गया। आगजनी की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। वही दूसरी घटना पताही थाना क्षेत्र के पदुमकेर गांव की है, जहां सात लोगों का घर सहित आठ लाख की संपत्ति जलकर राख हो गया। अग्नि पीड़ितों में फुला देवी, जैलस देवी, हिरामन महतो, कमोद महतो, कमोद महतो, किशोर महतो, अमोध महतो शामिल है। अग्नि पीड़ित ने बताया कि घर में अचानक से आग पकड़ लिया कहा से लगा कैसे लगा इस बात की अब तक जानकारी नहीं है। अग्नि पीड़ित हिरामन महतो ने बताया कि बेटी की शादी अगले माह थी। शादी के लिए कुछ सामान खरीद कर रखे थे। तीस हजार नगद रुपये घर में रखा हुआ था। जो आग लगने से जलकर राख हो गया। अब बेटी की शादी कैसे करेंगे। सुगौली के महादेव टोला सोनारपटी में अचानक आग लग गई। जिसमें छह से अधिक लोगो का घर जलकर राख हो गया। आगलगी में नगदी रुपए सहित लाखों रुपए क संपत्ति जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की करी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक सब कुछ जल कर राख हो गया था। अग्नि पीड़ितों निर्मला देवी, मालती देवी, बबिता देवी और कलावती देवी के अनुसार किस्त का रुपया ला कर घर में रखें थे। वह भी जल गया। साथ हीं खाने पीने का सामान, कपड़ा, बर्तन बिछावन, साईकिल और नगदी सहित छह लाख रुपए से अधिक संपत्ति जलने की बात बताई गई। सुगौली सीओं कुंदन कुमार ने बताया कि जांच के लिए सीआई को भेजा गया हैं।

## भूमि विवाद में मारपीट, तीन घायल



निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में ढाई कट्ठा जमीन के पुराने विवाद में जमकर मारपीट हुई है। पड़ोसी ने एक ही परिवार के 3 लोगों पर लाठी और डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में एक ही परिवार के 3 लोग घायल हो गए। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। घटना बड़हरा की है। मारपीट में घायल हुए लोगों की पहचान बड़हरा थाना क्षेत्र के बिठैली गांव निवासी रेणु देवी (40), पति पमपल पासवान (45), डिसी कुमार पासवान (19) के रूप में की गई है। घायल डिसी कुमार पासवान ने बताया कि गांव में ही ढाई कट्ठा जमीन है। जिसे लेकर पड़ोसी से पूर्व से ही विवाद चल रहा है। वे जमीन टीन की सीमा से पहले टीन खड़ी कर रहे थे कि तभी पड़ोसियों से कहासुनी शुरू हुई। कुछ ही देर बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ और हाथापाई शुरू हो गई। इसी मारपीट में पड़ोसी मिथिलेश यादव अपने परिवार संग मिलकर लाठी -डंडे से उनके ऊपर हमला कर दिया। इस मारपीट और हमले में उनके परिवार के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए पूर्णिया GMCH में एडमिट कराया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

## गिरिहिंडा पहाड़ पर लूट मामले में एक फरार आरोपी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नि.सं.)**। शेखपुरा के ऐतिहासिक गिरिहिंडा पहाड़ पर घूमने आए पर्यटकों के साथ लूट मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को नगर थाना की पुलिस ने रामाधीन कॉलेज की गली में खदेड़ कर उसको गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिरिहिंडा मोहल्ला के कच्ची रोड निवासी उपेंद्र साव का बेटा विनय कुमार उर्फ कल्ला के रूप में की गई है। छापेमारी का नेतृत्व थाना अध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने की। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई। दरअसल गिरिहिंडा पहाड़ पर स्थित कामेश्वर नाथ मंदिर में पूजा करने गई महिला और अन्य पर्यटकों को हथियारों दिखाकर कुछ लोगों ने लूट लिया था। इसके बाद एक आरोपी को तो पकड़ लिया गया था, लेकिन 5 लोग भाग निकले थे। घटना को लेकर हाल में ही दो फरार आरोपी चंदन चौधरी और अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया था।

### शेखपुरा के 54 जगहों पर मजिस्ट्रेट की होगी तैनाती

## डीएम-एसपी ने की शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता



**शेखपुरा**। शेखपुरा में ईद का त्योहार शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने लेकर मंगलवार को जिला पदाधिकारी जे प्रियदर्शनी और एसपी बलिराम कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक की। पर्व के अवसर पर जिला के चिह्नित 54 प्रमुख स्थलों पर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। साथ ही सभी थाना के अध्यक्षों को भी अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने एवं सतत निगरानी रखने का निदेश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष को अपने-अपने प्रखंड स्तर पर विधि व्यवस्था का संपूर्ण प्रभारी बनाया गया है। जो अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए विधि व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखते हुए समय-समय पर इसकी स्थिति से जिला प्रशासन को भी अवगत कराते रहने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा को विधिव्यवस्था के संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है।

जबकि एडीएम सियाराम सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे। विधि व्यवस्था संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना के लिए जिलास्तर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के प्रभार में जिला मुख्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जो 24 घंटा संचालित रहेगा। उप विकास आयुक्त शेखपुरा इसके वरीय प्रभार प्रभार में रहेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र का दैनिक खैरियत प्रतिवेदन से प्रतिदिन 03.00 बजें एवं 06.00 बजें तक जिला नियंत्रण कक्ष को सूचित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी उपलब्ध करायेंगे। जिसे समेकित कर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शेखपुरा को भी अवगत कराने का निदेश दिया गया है।

## तीन दुकान में हुए चोरी कांड में शामिल चार अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**समस्तीपुर**। समस्तीपुर के दलसिंहसराय थाने के कोनैला चौक पर एक साथ हुए तीन दुकानों में चोरी मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 11 मोबाइल के साथ ही चोरी के दौरान प्रयुक्त एक बाइक भी बरामद की है। चोर की पहचान कोनैला गांव के शुभू झा का पुत्र सत्यम कुमार, दलसिंहसराय थाने के वाजिदपुर गांव के संजय कुमार मिश्रा का पुत्र आदित्य राज के रूप में की गई है। गिरफ्तार आदित्य पातेपुर वैशाली का रहने वाला है। इसके अलावा विभूतिपुर थाने के मुस्तफापुर के विष्णुदेव राय के पुत्र सुमन कुमार व उजियारपुर थाने शेखपुरा गांव के रामबली झा का पुत्र सुजीत कुमार के रूप में की गई है। दलसिंहसराय डीएसपी विवेक कुमार शर्मा बताया कि गत 14 मार्च की रात चोरों ने कोनैला चौक स्थित राम निवास मार्केट अवस्थित्त प्रकाश टेलकम एवं राजू कम्पयूटर नामक दुकान का श्टर का ताला तोड़ एवं काट कर कई मोबाइल, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राईव, ब्लूटूथ हेडफोन, सिलिंग फेन, सीसीटीभी कैमरा सेटप आदि चोरी कर ली थी।

जिसके संदर्भ में उक्त दुकान के मालिक के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। डीएसपी ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर घटना का सफल उद्भेदन करते हुए चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है एवं घटना में चोरी गई कुल-11 मोबाईल बरामद की गई है। डीएसपी ने बताया कि उक्त घटना में लाईनर का काम सुजीत कुमार के द्वारा किया गया था, जिसे भी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

## वाहनों से अवैध वसूली करते तीन गिरफ्तार

**अररिया (नि.सं.)**। अररिया नगर थाना पुलिस ने तीन युवकों को अवैध वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नगर थाना पुलिस ने अररिया बहादुरगंज मार्ग में सिसौना बैरियर चौक के पास वाहनों से अवैध वसूली करते तीन युवकों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से पुलिस ने 85 सौ रुपए और 5 मोबाइल को भी जब्त किया है। अररिया एएसपी रामपुकार सिंह ने बताया कि नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि वाहनों से अवैध तरीके से वसूली की जा रही है। जिसके बाद नगर थाना पुलिस ने सिसौना बैरियर के पास तीन लोगों को अवैध वसूली करते गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी ने बताया की इन लोगों के साथ कई और लोग भी इस अवैध वसूली मे शामिल है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी शिकायत मिली थी और कार्रवाई भी की गई थी। जिसके बाद वे लोग जेल से छूटने के बाद पुनः उनके द्वारा चार-पांच लोगों को इकट्ठा कर अररिया बहादुरगंज मार्ग में आने जाने वाले वाहनों को रोक कर डरा धमका कर अवैध उगाही करते हैं।

## दुकान से नगद और सामान की चोरी



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। बेतिया में चोरों ने एक किराना दुकान को अपना निशाना बनाया है। घटना जिले के कालीबाग थाना के समीप की है। जहां देर रात चोरों ने थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर चोरी की घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए। लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। हालांकि मामले में पीड़ित दुकानदार के आवेदन पर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेन्दू ने बताया कि कालीबाग चौक स्थित मदन जी की किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले में पीड़ित दुकानदार के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। किराना दुकानदार मदन के पुत्र नीतीश कुमार ने बताया कि सुबह वह दुकान पर आए और दुकान खोलकर अंदर गए तो देखा कि गल्ला खुला हुआ है। पीछे का दरवाजा टूटा हुआ है। उन्होंने बताया कि थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दुकान से 90 हजार रुपया कैश और सामान की चोरी हुई है।

## रक्सौल के काली मंदिर में 551 कलश की स्थापना, देश-विदेश से यहां पहुंचत हैं भक्त



निज संवाददाता

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। चैत्र नवरात्र की शुरुआत आज यानी की 9 अप्रैल से हो चुकी है। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रक्सौल के काली मंदिर में 551 कलश की स्थापना की गई। काली मंदिर में प्रत्येक नवरात्र को 551 कलश की स्थापना कर तांत्रिक विधि से मां दुर्गा की उपासना की जाती है। काली मंदिर के पीठाधीश्वर सेवक संजय नाथ ने बताया कि यहां देश-विदेश के भक्त कलश स्थापना करते हैं। सच्चे मन से पूजा करते हैं। वहीं, उन्होंने बताया कि कलश स्थापना की शुभ मुहूर्त दोपहर 11 बज कर 33 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक था। इस दौरान कलश स्थापना करने वाले भक्तों द्वारा कलश की स्थापना की गई।

### कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र मंगलवार से शुरू

## पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने की शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना

निज संवाददाता



**पटना**। कलश स्थापना के साथ ही आज से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है। शक्तिपीठ बड़ी पटन देवी में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। भक्त घंटों लाइन में खड़े होकर माता के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कलश स्थापना के साथ ही मां की पूजा अर्चना हुई। भक्त अपने मन में मनोकामना लिए मां के दरबार में पहुंचे। पटन देवी के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि सुबह 4 बजे भगवती का अभिषेक हुआ। उसके बाद मां को वस्त्र और आभूषण पहनाकर सजाया गया और फिर मां आसन पर विराजमान हुई। कलश स्थापना का विधान करते-करते शाम के 5 बज जाएंगे। आरती के बाद माता का भोग लगेगा और श्रद्धालु मां के दर्शन कर सकते हैं। आज से 9 दिनों तक रोज सुबह 5 बजे मां की आरती होगी और फिर संध्या आरती भी की जाएगी। उन्होंने पटन देवी की महत्ता के बारे में बताया कि पटन देवी एक शक्तिपीठ है और यहां मां का दाहिना जांघ पट के साथ गिरा था। ये नगर रक्षिका है और नगर भ्रमण करती है। उनके पैर की पायल की आवाज साफ सुनाई देती है। यहां भगवती तीन रूप महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के रूप में विराजमान है। चैती नवरात्र के पहले दिन लालू यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव मंगलवार को शीतला मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। पटना के बड़ी पटनादेवी के दर्शन करने के लिए भक्त सुबह से ही लाइन में खड़े रहे। आचार्य राकेश झा ने बताया कि आज से शुरू हो रहे नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। इसीलिए इसकी स्थापना शुभ मुहूर्त में करना फलदायी होगा। कलश पूजन से सुख- समृद्धि, धन, वैभव, ऐश्वर्य, शांति, पारिवारिक उन्नति तथा रोग-शोक का नाश होता है। कलश-गणेश की पूजा से चैत्र नवरात्र का अनुष्ठान आरंभ हो जाएगा। उपासक फलाहार या सात्विक अन्न ग्रहण करते हुए दुर्गा सप्तशती के 13 अध्याय के कुल 700 श्लोकों का सविधि पाठ करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच-43 पर हथियार के साथ लूट की योजना बना रहे 3 गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** रांची-गुमला एनएच-43 मुख्य सड़क पर टोल प्लाजा के करीब हथियार के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देने की कोशिश में तीन अभियुक्तों को नगड़ी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें कैफ अंसारी, नुरू अंसारी और रेयाज अंसारी शामिल हैं। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि तीनों नगड़ी थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं ।पुलिस को सूचना मिली थी कि टोल प्लाजा के पास एक कार खड़ी है, जिसमें तीन युवक हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसी सूचना पर नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे तो तीनों युवक कार से उतर कर भागने लगे। पुलिस ने तीनों को खदेड़ कर पकड़ा। उनके पास से एक देसी कट्टा मिला। पुलिस ने पूछताछ की तो तीनों ने स्वीकार किया वे लूटपाट करने की फिराक में थे। पुलिस ने उनकी कार और देसी कट्टा को जब्त कर लिया है।

### बोकारो में 11 लाख 19 हजार रुपए जब्त, हरला में ऑटो से 7.54 लाख रुपए और बरमसिया में बाइक से 3.64 लाख बरामद

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो में सोमवार को दो थाना क्षेत्र से कुल 11 लाख 19 हजार 500 रुपए जब्त किया गया है। पैसों की यह बरामदगी हरला थाना और बरमसिया ओपी क्षेत्र से की गई है। आज सुबह बरमसिया ओपी क्षेत्र के चेकनाका से 3 लाख 65 हजार रुपए जब्त हुए। वहीं हरला थाना पुलिस ने थाना के पास ही जांच के दौरान 7 लाख 54 हजार 500 रुपए बरामद किया गया। सभी पैसे जिला के वरीय पदाधिकारियों को सौंप दिया गया है ।जानकारी के मुताबिक हरला थाना मोड़ के पास जांच के दौरान ऑटो से जा रहे एक यात्री से 7 लाख 54 हजार 500 रुपए जब्त किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल कच्छप ने बताया कि जिससे पैसे की बरामदगी की गई है वह सेक्टर-9 का रहने वाला है। उसका नाम महेश कुमार दास है। वह ऑटो से बैंक जा रहा था। वहीं महेश ने बताया कि रुपए वह बैंक में जमा करने के लिए ले जा रहे थे। कोई कागजात नहीं दिखा पाने पर रुपए जब्त कर लिए गए ।चंदनकियारी बरमसिया ओपी क्षेत्र के मुर्गा तल स्थित चेकनाका में सोमवार को वाहन जांच के दौरान धनबाद के डिगवाडीह निवासी विष्णु देव विश्वकर्मा की बैग से 3 लाख 64 हजार 130 रुपए मिले। वह जमशेदपुर से धनबाद अपनी बाइक से जा रहे थे। रुपए की जानकारी मांगे जाने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद मजिस्ट्रेट संजय कुमार मुखर्जी ने वरीय पदाधिकारियों को सूचना दी। बरमसिया ओपी प्रभारी कौशलेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और रुपयों की गिनती कर जब्त कर लिया। ये पैसे 36 अलग-अलग लिफाफे में थे।

### 1800 रहे अबुआ आवास की पहली किस्त से वंचित

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम जिले के करीब 1800 चयनित गरीब अबुआ आवास की सूची में आने के बावजूद इसकी पहली किस्त के लाभ से वंचित हो गए। इनमें से 1450 ऐसे हैं जिनके अकाउंट में पैसे भेजे गए, पर राशि वापस हो गई। इसकी वजह संबंधित लाभुक के आधार और अकाउंट में गड़बड़ी रही। किसी का आधार अपडेट नहीं था, तो किसी के आधार और बैंक अकाउंट की मैपिंग नहीं हुई थी। कुछ का अकाउंट ही निष्क्रिय या डेड हो गया है, जिसकी वजह से वे इस लाभ से वंचित रहे। दूसरी ओर, करीब 350 ऐसे लाभुक हैं, जिन्हें स्वीकृति के बावजूद पहली किस्त देने के लिए कागजी प्रक्रिया ही पूरी नहीं हो सकी। इस बीच, 31 मार्च बीत गया और नया वित्तीय वर्ष शुरू हो गया। अब इनके लिए नये सिरे से विभागीय स्वीकृति लेनी पड़ेगी ।वैसे पूर्वी सिंहभूम जिले को बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल 8,138 अबुआ आवास की स्वीकृति मिली थी। जाहिर है कि इनमें से 6,338 को ही इस योजना का लाभ मिला है। बाकी लोग वंचित रह गए हैं। इन सभी लाभुकों का चयन राज्य सरकार ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के माध्यम से पंचायत-पंचायत लगाए गए शिविर के माध्यम से किया था ।पूर्वी सिंहभूम जिला सहित राज्य भर के लाभुकों के लिए अबुआ आवास का जो खाका तैयार किया गया है, उसके अनुसार इस आवास में तीन कमरे होंगे और एक किचन होगा। पहली किस्त के रूप में लाभुकों के खाते में कुल योजना राशि का 15त्न अर्थात 30 हजार रुपए भेजे गए हैं। अंतिम किस्त में 20 हजार रुपए मिलेंगे। जबकि बीच के दो किस्तों में डेढ़ लाख दिए जाएंगे। पूर्वी सिंहभूम जिला को राज्य सरकार ने कुल 32,549 आवास का लक्ष्य मिला है। इसे तीन साल में पूरा करना है।

लोकसभा चुनाव की तैयारी हुई तेज

# रांची में निष्पक्ष चुनाव के लिए 27 उड़नदस्ता गठित, टॉल-फ्री नंबर जारी



**रांची, एजेंसी।** रांची लोकसभा क्षेत्र में स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए 27 उड़नदस्ता का गठन किया गया है। इसमें मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त वीडियोग्राफर भी रहेंगे। यह दस्ता 24 घंटे और सातों दिन कार्य करेगा। चुनाव को प्रभावित करने वाले कारकों नकद, शराब, मुफ्त दी जाने वाली सामग्रियों पर दस्ता द्वारा कड़ी निगरानी की जाएगी और उन्हें जब्त की जाएगी।

इस संबंध में मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में सोमवार को रांची जिला में लोकसभा चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। उड़नदस्ता का कार्य मुख्यतः एमसीसी, कॉल सेंटर, सी-विजिल और एसएसटी के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जांच करना है। प्रशिक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे।

दूसरी ओर, आम चुनाव में पारदर्शिता और आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए कंप्लेंट मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम व कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है। आम नागरिक टॉल-फ्री नंबर 18003453333 पर निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत कर सकते हैं या जानकारी पा सकते हैं।आम चुनाव के लिए रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान से पहले फोटोयुक्त वोटर कार्ड प्रस्तुत करना है। किसी कारणवश मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो वो मतदान केंद्र में 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकते हैं।

इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/ राज्य सरकार/ लोक उपक्रम/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल हैं।

रांची जिले में चार विधानसभा क्षेत्रों के 63 मतदान केंद्रों के भवनों के नाम परिवर्तित किए गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने मतदान केंद्रों के भवनों के नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की है।

तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 07, रांची विधानसभा क्षेत्र के 03, हटिया विधानसभा क्षेत्र के 23 और मांडर विधानसभा क्षेत्र के 30 मतदान केंद्रों के भवनों के नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्वीकृति प्रदान की है।

संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों के भवन के नाम परिवर्तित हो जाने के कारण नाम परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव जिला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया गया था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी/ सहायक पदाधिकारी को परिवर्तित मतदान केन्द्र क्षेत्र में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य माध्यमों से आम जनता के बीच नाम बदले जाने के बारे में प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है।

## ढुलू महतो ने भेजा लीगल नोटिस, सरयू राय का पलटवार- हिम्मत है तो मानहानि का केस करें



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी एवं बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को कानूनी नोटिस भेजा है। यह जानकारी सोमवार को खुद राय ने बयान कर दी है। कहा कि इस नोटिस का जवाब देने लायक नहीं है, इसीलिए मैंने इसे फाड़कर टोकरी में फेंक दिया है। चेताया कि ढुल्लू महतो में हिम्मत है तो सीधे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं और मुझ पर मानहानि का मुकदमा करें। कानूनी नोटिस भेजना इनकी चुनावी चाल है। सरयू राय ने कहा कि अपने ऊपर के आपराधिक मुकदमों से जनता का ध्यान भटकाने की बाघमारा विधायक की साजिश है। इसे वे सफल नहीं होने देंगे। इसका पर्दाफाश करेंगे।

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक की मानें तो कानूनी नोटिस में ढुल्लू महतो ने उन्हें सामंती मनोवृत्ति और पिछड़े समुदाय एवं गरीब विरोधी मानसिकता का बताया है। कहा कि जो आरोप ढुल्लू पर लगे हैं, उससे धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों को भी अवगत होना चाहिए तो इसका पंपलेट और पोस्टर बनवाकर धनबाद लोकसभा क्षेत्र के चौक-चौराहे पर लगवा देंगे। साथ ही उन घटनाओं का भी उल्लेख करेंगे, जिनमें ढुल्लू महतो ने न केवल पिछड़ा वर्ग, बल्कि अपने सजातीय समुदाय पर अत्याचार किया है। सरयू राय ने कहा कि बाघमारा विधायक ने अपने ऊपर आपराधिक मामलों का अर्द्धशतक बनाया है।

बाघमारा विधायक व धनबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय को अदालतन नोटिस भेजा है। नोटिस में अधिवक्ता ने ढुलू महतो पर झूठे व मनगढ़ंत आरोप लगा कर उनकी छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि सरयू राय अपने आरोपों को वापस लेते हुए माफी नहीं मांगते तो उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कराया जाएगा। नोटिस में कहा गया है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरयू राय ने बिना साक्ष्य के ढुलू महतो पर 50 आपराधिक मामले लंबित रहने की बात कही है। तीन बार से विधायक रहनेवाले व्यक्ति पर बिना सबूत के क्षेत्र में गुंडागर्दी करने संबंधी बेबुनियाद आरोप लगाए हैं।

## गुजरात में बंधक मजदूर 25 साल बाद लौटा घर, आपबीती सुनकर आपके भी उड़ जाएंगे होश



**डुमरिया, एजेंसी।** गुजरात में 25 वर्षों तक बंधक रहने के बाद कांटाशोल पंचायत अंतर्गत पितामोहली गांव के युवक ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम गांव वापस लौट आया। बेटे का मुंह देखे बिना ही पिता बुढ़ान हेंम्ब्रम व मां मैना हेम्ब्रम चल बसी। पत्नी भी दूसरी शादी कर ली। इतने सालों तक कोई खोज खबर नहीं मिलने से परिवार के सभी लोग यह मान बैठे थे कि ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम की मृत्यु हो गई है।

जब वह रोजगार की तलाश में गुजरात के लिए घर से निकला था। तब ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम की पत्नी की गोद में महज तीन माह की बेटी सुनिता हेंम्ब्रम को छोड़ कर गया था।स्वजनों ने ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम को बताया कि उसकी बेटी की भी कहीं शादी हो गई है। जब उसने अपनी बेटी से मुलाकात की तो पिता की आंखें भर आईं और गला रुंध गया।

ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम ने पुरी आपबीती सुनाई तो किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं लग रही थी। उसने बताया कि शादी के बाद उसकी एक बेटी हुई। घर की माली हालत ठीक नहीं थी इसलिए उसने काम करने के लिए गुजरात जाने का फैसला लिया और वह 1999 में घर से निकल गया।उसने बताया कि वह गुजरात के कचबुच नामक जगह में जीएम सिक्युरिटी कंपनी में काम करने लगा। ठेकेदार से काफी कम पैसे मिलते थे। इससे तंग आकर कई बार भागने की कोशिश भी की परंतु सफल नहीं हो पाया।

ठेकेदार राजेंद्र सिंह ने भागने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम अपनों से संपर्क नहीं कर पाए। इसी तरह लगभग 25 साल बीत गए। अब ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम की उम्र लगभग 50 वर्ष होने चली है। पिछले महीना ठेकेदार ने अचानक ठाकुर चंद्र हेंम्ब्रम को तैयार होने के लिए कहा।उसके बाद ठेकेदार ने पटना की ओर आने वाली ट्रेन में जबरन बैठा दिया। उसे पांच-पांच सौ का दस हजार रुपये दिखाकर बीस रुपए का एक गड्डी थमाकर छोड़ दिया। किसी तरह घाटशिला पहुंचा तो देखा कि घाटशिला, मुसाबनी, डुमरिया सब कुछ बदल गया। अनजान सा लग रहा था।

## आईसीयू की सुविधा, सभी सीएचसी में मिलेगी आईसीयू की सुविधा, सचिव ने दिए निर्देश

**रांची, एजेंसी।** राज्य के सभी सीएचसी में आईसीयू की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सोमवार को स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक में सभी सिविल सर्जनों को उक्त निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि बुनियादी ढांचे के रूप में सीएचसी में 10 बेड का आईसीयू तैयार कराएं।

साथ ही डॉक्टर, विशेषज्ञ डॉक्टर, पैरामेडिक्स, बीएससी नर्सें, जीएनएम आदि की संख्या बढ़ाएं जाएं। समीक्षा के दौरान सचिव ने सरकार द्वारा संचालित योजनाएं और कार्यक्रम जैसे एनएचएम, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना, सिकल सेल, टीबी जैसी बीमारियों पर जागरुकता समेत अवमानना के मामलों में ऑडिट करने का निर्देश भी दिया।

वहीं, जिलों की समीक्षा करते हुए प्रधान सचिव ने कहा कि एसी/डीसी बिल के लंबित मामला का निष्पादन और मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना में ससमय लक्ष्य बनाकर कार्य करें।अस्पताल चलाने व मरीज के इलाज में किसी तरह की कोताही न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने एसआरएल और मेडॉल व हेल्थ मैप के कार्यों का एग्रीमेंट के अनुरूप निरीक्षण करना भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, विभाग के विशेष सचिव भी मौजूद थे।

## झारखंड में धार्मिक पोस्ट वायरल होने से फैला आक्रोश, अधेड़ उम्र का आरोपी धराया



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के बुढ़मू में धार्मिक पोस्ट वायरल होने से आक्रोश फैल गया। एस समुदाय विशेष के लोग काफी उग्र हो गए। प्रशासनिक सक्रियता और अमन पसंद लोगों की सहभागिता से बुढ़मू में माहौल बिगड़ने से बच गया। सोमवार की शाम धार्मिक भावना को आहत करनेवाले व्हाट्सऐप पोस्ट के कारण दो समुदायों के बीच माहौल तनावपूर्ण हो गया।

इसका जिम्मेवार एक अधेड़ था जिसने समुदाय विशेष की धार्मिक भावना को आहत करने से संबंधित व्हाट्सऐप पोस्ट लगभग 10 लोगों विशेष समुदाय के लोगों के पास भेज दिया। व्हाट्सऐप पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो गया और समुदाय विशेष के लोग उग्र हो गए।

**प्रशासन हुआ सक्रिय :** यह मामला जैसे ही बुढ़मू थाना पहुंचा बुढ़मू थानेदार ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर घटना की सूचना पर जिले से अतिरिक्त बलों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया। वहीं आसपास के थानों इटकी, नगड़ी, मांडर, चान्हो के थानेदार बुढ़मू में कैंप किए हुए हैं। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने सभी लोगों से धैर्य और शांति बनाए रखने की अपील की है। घटना को लेकर बुढ़मू थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई।

**सदर ने लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील :** प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बड़ेहार ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील के साथ धार्मिक भावना को आहत करने वाले पोस्ट को फारवर्ड नहीं कर डिलीट करने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देकर सामने आए पर्व पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की है।

**गोली चलने से मची अफरा-तफरी :** वहीं एक दूसरे मामले में थाना क्षेत्र के खोजाटोली स्थित सैन्य छावनी में हवलदार 36 वर्षीय करनैल सिंह की गोली लगने से मौत हो गई। सेना के अफसरों ने पुलिस को बताया कि कोत कक्ष (हथियार रखने वाला स्थान) से अचानक गोली चलने की आवाज आई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सेना के अफसर और जवान कोत कक्ष की ओर दौड़े। वहां पहुंचने पर देखा कि कोत प्रभारी करनैल सिंह खून से लथपथ हैं।

## हेल्प लाइन नंबर में करें टाटानगर स्टेशन पर ओवर चार्जिंग की शिकायत



**जमशेदपुर, एजेंसी।** यात्री टाटानगर स्टेशन पर अगर किसी स्टॉल या रेस्टोरेंट संचालक ने खाद्य सामग्री पैकेट में अंकित प्रिंट मूल्य से ज्यादा रकम मांगने की शिकायत हेल्प लाइन नंबर पर कर सकते हैं। शिकायत मिलने पर अधिकारी ओवर चार्जिंग वाले स्टॉल और रेस्टोरेंट संचालक पर सख्त कार्रवाई करेंगे। यात्रियों की शिकायत पर रेलवे वाणिज्य व खानपान विभाग सतर्क होने के साथ दो हेल्प लाइन नंबर जारी किया है, जिसे सोमवार को स्टेशन के हर स्टॉल व रेस्टोरेंट में चिपका दिया गया ताकि खाद्य समेत बोतलबंद पानी, शीतल पेय सामग्री में ओवर चार्जिंग से परेशान यात्री तत्काल दोनों नंबर पर सूचना दें। मालूम हो कि टाटानगर के एआरएम अभिषेक सिंघल द्वारा यात्री सुविधा के तहत स्टेशन पर विभागीय सुपरवाइजर के साथ बैठक कर यात्रियों की समस्या का समाधान नौ मिनट में करने का आदेश दिया है।

## रांची मेन रोड में भारी वाहनों की अब रात 12 बजे तक एंट्री बैन, कई रूट डायवर्ट



**रांची, एजेंसी।** रांची मेन रोड में बढ़ी भीड़ के कारण रात अब 12 बजे तक मालवाहक और भारी वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। यातायात पुलिस ने सोमवार से ही इसे लागू कर दिया। ईद की चांद रात, सरहुल व रामनवमी के मद्देनजर मेन रोड में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में यहां जाम की स्थिति से लोगों को बचाने के लिए नो एंट्री का समय बढ़ाया गया है। यह व्यवस्था रामनवमी तक लागू रहेगी। बता दें कि मेन रोड में सुबह आठ से रात नौ बजे तक नो एंट्री थी।

**कई रूट डायवर्ट :** ईद बाजार को लेकर भी पुलिस ने मेन रोड की यातायात व्यवस्था को बदला है। राजेंद्र चौक की ओर से आने वाले वाहनों को मुंडा चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा। रातू रोड व अन्य जगह जाने वाले वाहनों को कडरू के रास्ते जाना होगा। ईद बाजार के लिए सर्जना चौक के पास रोड ब्लॉक किया जाएगा। अलबर्ट एक्का चौक की ओर से आने वाले वाहनों को सर्जना चौक से पुरुलिया रोड होते हुए निकाला जाएगा।

**होटवार जेल में देर रात छापा :** होटवार जेल में रविवार देर रात छापेमारी की गयी। रांची डीसी राहुल सिन्हा व एसएसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में हालांकि प्रशासन के हाथ कुछ विशेष नहीं लगा। छापेमारी 3 घंटे तक चली।

**चुनाव के मद्देनजर मारा छापा :** छापेमारी में सेंट्रल जेल के जेलर और जेल अधीक्षक भी मौजूद थे। इनसे डीसी और एसएसपी ने सेंट्रल जेल की सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। यह छापेमारी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मारा गया। उक्त निरीक्षण आगामी लोकसभा आम चुनाव- 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के आलोक में किया गया। भविष्य में भी केंद्रीय कारा में औचक निरीक्षण किया जाता रहेगा।

# पुलिस रिमांड के बाद मौत से भड़का लोगों का गुस्सा: पलामू में शव रख कर किया जाम; पुलिस पर लगाया पीट-पीटकर हत्या का आरोप



**पलामू, एजेंसी।** पलामू में हत्या के आरोपी अजय चौधरी की मौत पुलिस रिमांड के बाद तबीयत बिगड़ने से हो गई। उसका शव रिम्स से सोमवार की रात उसके घर चैनपुर थानाक्षेत्र के कल्याणपुर में लाया गया। अजय की मौत से स्थानीय लोगों आक्रोशित हैं।अजय की मौत का जिम्मेदार पुलिस को ठहराते हुए सैकड़ों लोग मंगलवार की सुबह सड़क पर उतर गए। अजय के शव को शाहपुर कोयल नदी पुल पर रखकर जाम कर दिया। सुबह सात बजे से नौ बजे तक दो घंटे सड़क जाम रहा।

अजय की मौत के बाद से ही पुलिस को हंगामा होने की आशंका थी। पुलिस ने मुख्य सड़क पर आने से प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। चैनपुर, रामगढ़, सदर और शहर चार थाना की पुलिस मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए तैनात की गई थी। मगर कल्याणपुर के मार्ग में लगाए गए बैरिकेडिंग को तोड़ते और पुलिस को धक्का देते हुए लोग शव लेकर आगे बढ़ गए।इस दौरान पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। अजय के मौत के दोषियों पर कार्रवाई की मांग लोग कर रहे थे। सड़क पर टायर जलाकर लोगों ने विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि रिमांड पर लेने के बाद पुलिस ने उसे पीटा जिससे तबीयत बिगड़ गई और रिम्स ले जाने के दौरान ही मौत हो गई।

पुल जाम होने से चैनपुर - मेदिनीनगर और मेदिनीनगर - गढ़वा मार्ग प्रभावित रहा। जिससे हजारों लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ा। स्कूल बस को वापस लौटना पड़ा। थाना प्रभारी के स्तर पर जाम हटाने के लिए वार्ता का प्रयास किया गया। जब वह असफल रहे तो सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद पहुंचें मगर वह भी प्रदर्शनकारियों के सामने फेल कर गए।

लोग एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े थे। एएसपी राकेश कुमार मौके पर आए। उनके आश्वाशन पर जाम समाप्त हुआ और शव को अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए घर लेकर लोग गए। एएसपी राकेश ने कहा कि यदि पुलिस की पिटाई से मौत हुई है तो कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकती है।

इस केस का सुपरविजन होगा। जो दोषी नहीं होंगे उनका नाम केस से हटा दिया जाएगा। प्रावधान के अनुरूप मुआवजा पीड़ित परिवार को दिया जाएगा।

अजय चौधरी ने होली की रात 26 मार्च को अपने चचेरे भाई मनोज चौधरी का हत्या कर दी थी। 27 को उसकी गिरफ्तारी हुई थी। छह अप्रैल को पूछताछ के लिए अजय को रिमांड पर लिया गया था।सात अप्रैल को रिमांड से जेल पहुंचाया गया। जेल प्रशासन ने इसके बिगड़े तबियत को देखते हुए जेल गेट से ही हॉस्पिटल भेज दिया। फिर रिम्स ले जाने के क्रम में रात में ही मौत हो गई। इसके बाद से ही पुलिस पर पिटाई का आरोप लग रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी कॉलेज में 18 बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने किया प्रशिक्षण, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

**वाराणसी , एजेंसी।** जिला बास्केटबॉल संघ की ओर से यूपी कॉलेज में जूनियर बास्केटबॉल का शिविर लगाया गया है। इसमें अंडर 18 बास्केटबाल बालक बालिका वर्ग में कुल 18 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

कोच आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि शिविर 15 अप्रैल तक आयोजित होगी। इसमें से 12 खिलाड़ियों का चयन बागपत में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ। यह प्रतियोगिता 16 से 22 अप्रैल तक खेली जाएगी। इसमें वाराणसी जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### दहेजलोभी: विवाहिता को कमरे में बंद किया...भूखा-प्यासा भी रखा, फिर भी न टूटी तो पति ने दे दिया तीन तलाक

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में कार की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई की। भूखा प्यासा रखा और मायके वाले आए तो पति ने तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। सिकंदरा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

तेली पाड़ा, ताजगंज निवासी नजमा ने केस दर्ज कराया। उन्होंने पुलिस को बताया कि लोहकरेरा, सिकंदरा निवासी अपसर से 31 अक्तूबर 2022 को निकाह हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराली अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न करने लगे।

एक बेटा भी हुआ। इसके बावजूद व्यवहार नहीं बदला। 17 मार्च को मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया गया। भूखा-प्यासा भी रखा। जानकारी पर मां, बहन और दो अन्य लोग ससुराल पहुंचे। ससुरालियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। नजमा का आरोप है कि पति ने तीन तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। मामले में थाना सिकंदरा में दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गालीगलौज, जान से मारने की धमकी, मुस्लिम विवाह अधिनियम 2019 के तहत केस दर्ज किया गया है।

### इंदिरापुरम में सड़क किनारे शराब परोसने की शिकायत

**इंदिरापुरम।** कोतवाली क्षेत्र में जयपुरिया सनराइज प्लाजा के पास सड़क किनारे खुले में शराब परोसने का मामला सामने आया है। एक्स प्लेटफार्म पर मुखिया मोहित गुर्जर नाम के उपभोक्ता ने पुलिस से शिकायत की। इसमें चार फोटो भी अपलोड किए हैं जिसमें कुछ युवक शराब पीते नजर आए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता ने दो रेस्त्रां के संचालकों पर शराब परोसने का आरोप लगाया है। एक्स पर उन्होंने लिखा कि घनी आबादी के बीच खुले में शराब परोसी जा रही है। जहां स्कूल के बच्चे भी खाने आते हैं। उन्होंने कार्रवाई के लिए डीसीपी ट्रांस हिंडन और यूपी पुलिस को टैग किया है। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि एक्स पर आए मामले की जांच कर रहे हैं।

### बिस्तर पर दरिंदगी: अश्लील वीडियो देख पति बनाता है अप्राकृतिक यौन संबंध

**आगरा , एजेंसी।** मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला का ससुरालीजन ने गर्भ में बेटी होने पर जबरदस्ती गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जेठ उस पर गलत नजर रखता है। कार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता है। एसपी के आदेश पर आरोपी ससुरालीजन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कुरावली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने एसपी विनोद कुमार से शिकायत की। बताया कि 22 नवंबर 2019 को उसकी शादी दिल्ली निवासी युवक के साथ हुई है। शादी के कुछ समय बाद ही अतिरिक्त दहेज में इनोवा कार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। आए दिन मारपीट की जाने लगी। ससुरालीजन की मांग को पूरा करने के लिए परिजन ने पांच लाख रुपये भी दिए। लेकिन इसके बाद भी ससुरालीजन नहीं माने। पीड़िता ने बताया कि जेठ की उस पर गलत नजर है। आए दिन छेड़छाड़ करते हुए उस पर संबंध बनाने का दबाव बनाता है। जब शिकायत की तो जेठानी और पति ने उल्टा उसी पर आरोप लगा दिए।

# प्रत्याशी से दूरी मुरादाबाद जिलाध्यक्ष को पड़ी भारी

## अब जयवीर सपा के नए वीर, पार्टी की गुटबंदी फिर उजागर





**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद से सांसद डॉ. एसटी हसन के टिकट कटने के बाद सपा में चल रही खींचतान के बीच मतदान से कुछ दिन पहले जिलाध्यक्ष डीपी यादव को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के चुनाव प्रचार से दूरी बनाना डीपी यादव को पद से हटाने की वजह बताई जा रही है। फिलहाल पार्टी में पर्दे के पीछे चल रही आजम खां और रामगोपाल यादव गुट की लड़ाई अब खुलकर सामने आ गई है। मुरादाबाद सीट से सपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन कराने के 24 घंटे बाद ही सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटकर पार्टी ने सीतापुर जेल में बंद पूर्व मंत्री आजम खां की करीबी रुचि वीरा को प्रत्याशी बना दिया था। रुचि वीरा के नामांकन में पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव और पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू शामिल रहे।

इसके बाद से दोनों प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क अभियान में जुड़े हैं। लेकिन सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने रुचि वीरा के प्रचार से दूरी बनाए रखी। जिलाध्यक्ष ने पिछले सप्ताह इंडी गठबंधन की बैठक पार्टी कार्यालय पर बुलाई थी। उस समय भी दोनों गुटों के बीच बातचीत नहीं हुई। इस दौरान प्रत्याशी रुचि वीरा मौजूद थीं। जिलाध्यक्ष डीपी यादव का कहना था कि उनको प्रत्याशी की तरफ से बुलाया नहीं जाता है, फिर भी पार्टी के नाते प्रचार में जुटे हुए हैं।

प्रत्याशी और जिला संगठन के बीच बढ़ती दूरी की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंच गई। सोमवार की शाम नरेश उत्तम पटेल ने पत्र जारी कर जिलाध्यक्ष डीपी यादव को पद से हटा दिया।

उनकी जगह जयवीर सिंह यादव को जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया। इससे पहले भी जयवीर सिंह यादव पार्टी की कमान संभाल चुके हैं।

**निकाय चुनाव में भी गुटबंदी आई थी सामने :** निकाय चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी के अंदर घमासान था लेकिन किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। परिणाम यह निकला कि अंदरूनी विवाद के चलते सपा प्रत्याशी लड़ाई से बाहर हो गए। भाजपा ने मेयर पद का चुनाव जीता लेकिन कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही।

**आजम खां को नहीं मानता अपना नेता : डीपी यादव:** जिलाध्यक्ष पद से हटाए गए डीपी यादव का कहना है कि वह आजम खां को अपना नेता नहीं मानते हैं। उनके नेता डॉ. रामगोपाल यादव हैं। चुनाव के दौरान पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को मुरादाबाद का सिंबल दिया था लेकिन समय से सिंबल नहीं आने के कारण रुचि वीरा प्रत्याशी हो गईं। इस मामले में उनका कोई दोष नहीं था। पार्टी ने किन कारणों के चलते हटाया है। इस बारे में पता नहीं है।

**लोकसभा चुनाव जिताना लक्ष्य : जयवीर यादव:** सपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने बताया कि उनको पहले से पता नहीं था। अचानक प्रदेश अध्यक्ष का पत्र मिलने के बाद पता चला कि उन्हें जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सबसे पहले वह रूठे हुए पार्टी के नेताओं को मनाएंगे।

सभी लोगों को लोकसभा चुनाव जिताने के लिए तैयार करेंगे। पार्टी की नीतियों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। सभी का लक्ष्य पार्टी को लोकसभा चुनाव जिताना रहेगा।

**तीसरी बार पार्टी ने जयवीर पर जताया भरोसा:** समाजवादी पार्टी ने तीसरी बार जयवीर सिंह यादव पर भरोसा जताया है। पार्टी ने 2011 में पहली बार जयवीर सिंह यादव को जिलाध्यक्ष बनाया था। इसके बाद 2020 में दूसरी बार पार्टी ने उन्हें जिले की कमान दी। एक साल पद पर रहने के बाद पार्टी ने उन्हें निकाय चुनाव से पहले हटा दिया था। अब लोकसभा चुनाव के बीच तीसरी बार जयवीर पर पार्टी ने फिर भरोसा जताया है।

## प्रदेश में 50 हजार से ऊपर के सभी स्टांप पेपरों की जांच, हर महीने डीएम-डीआईजी करेंगे रैंडम चेकिंग

**लखनऊ, एजेंसी।** गोरखपुर में नकली स्टांप के सिंडिकेट का भंडाफोड़ होने के बाद स्टांप व पंजीयन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। विभाग ने प्रदेश में 50 हजार रुपये से ऊपर वाले सभी स्टांप पेपरों की जांच के आदेश दिए हैं। ऐसे स्टांप पेपरों की संख्या लाखों में है। साथ ही अब हर जिले में डीएम, एडीएम और डीआईजी ( स्टांप) स्टांप पेपरों की रैंडम जांच करेंगे।



गोरखपुर में 52 हजार रुपये का नकली स्टांप मिलने के बाद स्टांप विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की तह तक जाने के लिए एसआईटी जांच की संस्तुति की गई थी। इसी जांच के बाद खुलासा हुआ कि 84 साल का कमरुद्दीन गैंग का सरगना है। इस शख्स ने फर्जी स्टांप छापना अपने ससुर से सीखा था। फिर इस गोरखधंधे में उसने अपने नाती को भी साथ ले लिया। गैर न्यायिक स्टाम्प/न्यायिक स्टाम्प के 1000, 5000, 10000, 20000 व 25000 के स्टाम्प, एक लैपटॉप, प्रिन्टिंग व स्कैनर मशीन, स्टाम्प व करेंसी नोट छापने के लिए विभिन्न कम्पनियों की 100 पैकेट इंक, पेपर कटर मशीन आदि बरामद किए गए थे। गौरतलब है कि 90 के दशक में हुए फर्जी स्टांप घोटाले के मास्टरमाइंड अब्दुल करीम तेलगी ने हलचल मचा दी थी।

**पहली बार स्टांप पेपरों की रैंडम जांच:** फर्जीवाड़े का रैकेट पूरी तरह खत्म करने के लिए सरकार ने नई योजना बनाई है। इसके तहत अब स्टांप पेपरों की रैंडम जांच होगी। डीएम, एडीएम और डीआईजी स्टांप के लिए हर महीने की जांच का टारगेट तय कर दिया गया है। अब प्रत्येक माह डीएम पांच, एडीएम 25 और डीआईजी 50 स्टांप पे

परों की जांच करेंगे। इसमें स्टांप मूल्य के साथ-साथ फिजिकल वैरिफिकेशन किया जाएगा कि स्टांप कहीं नकली तो नहीं हैं।

## दिल के आर-पार हो गई थी सरिया: डॉक्टरों ने बचा ली जान, दावा- इस तरह के मामले में जान बचाने का पहला मामला





**लखनऊ, एजेंसी।** दिल पर लगने वाली जरा सी चोट घातक साबित हो सकती है। वहीं, केजीएमयू के डॉक्टरों ने दिल के आर-पार सरिया घुसने के बावजूद मरीज को नया जीवन दिया है। दावा है कि इस तरह के मामले में घायल के जीवित बचने का यह देश का पहला मामला है।

डॉ. वैभव जायसवाल ने बताया कि सुल्तानपुर के दुर्गापुर निवासी रिक्शा चालक मुन्नेलाल 27 मार्च को घर में सफाई करते समय बाथरूम की छत से गिरा और नीचे पड़ी सरिया उसके सीने में धंस गई। मरीज को ई रिक्शा से 22 किमी दूर जिला अस्पताल लाया गया। यहां दर्द निवारक इंजेक्शन और प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां से एंबुलेंस में मुन्नेलाल को तिरछा लिटाकर दोपहर डेढ़ बजे ट्रॉमा लाया गया। घायल के सीने में सरिया धंसी हुई थी। एक्सरे में पता चला कि सरिया मरीज के दिल को छेदते हुए पार हो गई थी, जिससे फेफड़े पर भी चोट आई थी।

**हार्ट लंग मशीन पर रखा गया मरीज**

प्रो. समीर मिश्रा ने बताया कि मरीज की हालत को देखते हुए उसे रोड के दूसरी तरफ स्थित भवन में हार्ट लंग मशीन पर रखा गया। इसके माध्यम से दिल, फेफड़ा चलता रहा। एनेस्थीसिया की टीम ने मरीज को इस स्थिति में रखा कि सांसें चलती रहें। मरीज का दिल धड़कता रहा और उसी के साथ सर्जरी कर सरिया निकाली गई। इसके बाद मरीज के दिल, फेफड़े के क्षतिग्रस्त हिस्से को दुरुस्त किया गया। सर्जरी में करीब चार घंटे का समय लगा। मरीज का काफी खून बह चुका था, इसलिए उसे छह यूनिट खून भी चढ़ाना पड़ा।

**तीन दिन रहा वेंटिलेटर पर:** सर्जरी के बाद मुन्नेलाल को तीन दिन वेंटिलेटर पर रखा गया। चौथे दिन मरीज वेंटिलेटर से निकला। फिर नौ दिन आईसीयू में रखा गया। हालत सामान्य होने के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मरीज की मई 2023 में पेट की सर्जरी भी करनी पड़ी थी।

## आगरा की नई टाउनशिप के लिए एडीए लेगा 500 करोड़ रुपये का कर्ज, ब्याज और शर्तों पर मंथन

**आगरा , एजेंसी।** आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) का खजाना खाली है। जमीन खरीद से लेकर विकास कार्यों तक के लिए धन नहीं है। ऐसे में 35 साल बाद नई टाउनशिप योजना आई है। जिसके लिए 500 करोड़ रुपये का कर्ज लिया जाएगा। ब्याज और शर्तों के बारे में एडीए में मंथन चल रहा है।



ग्वालियर रोड स्थित ककुआ और भांडई में एडीए ने नई टाउनशिप के नाम से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय योजना बनाई है। जिसमें 138 हेक्टेयर भूमि की खरीद शुरू हो गई है। भूमि खरीद के लिए दिसंबर में एडीए को 150 करोड़ रुपये की पहली किस्त मिल चुकी है।

जमीन की खरीद पर करीब 800 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जिसमें 300 करोड़ रुपये शासन से मिलेंगे, बाकी 500 करोड़ रुपये एडीए स्वयं वहन करेगा। करीब 300 करोड़ रुपये टाउनशिप में सड़क, बिजली, पानी, सीवरेज व अन्य सुविधाएं विकसित करने पर खर्च होगा। इस तरह 1100 करोड़ रुपये से नई टाउनशिप विकसित होगी। इधर, आगरा विकास प्राधिकरण का 250 करोड़ रुपया पुरानी संपत्तियों में फंसा है। फ्लैट व अन्य प्रोजेक्ट नहीं बिके। एडीए की आर्थिक स्थिति खराब है। ऐसे में एडीए नई टाउनशिप के लिए 500 करोड़ रुपये कर्ज लेगा।

कर्ज के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक और आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) व अन्य वित्तीय संस्थानों से संपर्क साधा जा रहा है। कर्ज की समय सीमा क्या होगी, इसका निर्धारण ब्याज व शर्तों के आधार पर होगा।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र से नहीं मिला कर्ज:** विकास योजनाओं के लिए एडीए ने 2021-22 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास 400 करोड़ रुपये कर्ज का प्रस्ताव भेजा था। लेकिन, ब्याज और कर्ज की शर्तों को लेकर मामला फंस गया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र से एडीए को 400 करोड़ रुपये का कर्ज नहीं मिल सका था। जिसके बाद अब नए सिरे से 500 करोड़ रुपये कर्ज का प्रस्ताव एडीए ने बनाया है।

**चल रही है वार्ता:** आगरा विकास प्राधिकरण के सचिव श्रद्धा शांडिल्यायन ने बताया कि ऋण के लिए कई संस्थाओं से वार्ता चल रही है। ब्याज व शर्तों के आधार पर निर्णय होगा। नई टाउनशिप के लिए धन की जरूरत पड़ेगी।

## मेडिकल क़ॉलेज के सहायक प्रोफेसर समेत इन 35 जेआर पर हुआ केस



**गोरखपुर, एजेंसी।** मेडिकल कॉलेज परिसर में ही स्थित न्यू विशाल मेडिकल स्टोर्स में तोड़फोड़ करके मारपीट व मोबाइल, नकदी निकालने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिल शर्मा व अनूप, कृष्ण कुमार और 30 से 35 अज्ञात जूनियर डॉक्टरों पर मारपीट, बलवा, तोड़फोड़ कर लूट और धमकी देने की धाराओं का केस दर्ज किया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, केस दर्ज होने के बाद दवा विक्रेताओं के एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया है।

जानकारी के मुताबिक, चिलुआताल क्षेत्र के प्रशांत कुमार बीआरडी मेडिकल कॉलेज के उत्तरी गेट सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के सामने न्यू विशाल मेडिकल स्टोर चलाते हैं।

शुक्रवार की सुबह 11 बजे मेडिकल स्टोर के सामने दुकान का रास्ता रोकर किसी ने स्कूटी खड़ा कर दी थी। आरोप है कि दुकान के सामने स्कूटी खड़ा करने से मना करने पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग के सहआचार्य डॉक्टर अनिल शर्मा नाराज हो गए और गाली देते हुए अपना परिचय बताए और धमकी - देकर चले गए।

आरोप है कि करीब आधे घंटे बाद डॉक्टर अनिल शर्मा, मारकंडे, अनूप, कृष्ण कुमार सहित लगभग 30 से 35 मेडिकल छात्रों के साथ - दुकान पर पहुंच डॉक्टर अनिल के - ललकारने पर सभी गाली देते हुए - जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किए और दुकान में घुसकर कर्मचारियों को पीटना शुरू कर दिया।

कर्मचारी ने दुकान के पीछे के रास्ते से भागकर जान बचाई, इधर दुकान में किसी के न मिलने पर आरोपियों ने दुकान के दो फ्रिज, काउंटर, रैक तोड़ दवा तीतर-बितर कर दिया। आरोप है कि दुकान के नकाउंटर में रखा 22 हजार रुपये नकद व दुकानदार के भाई पीयूष का मोबाइल लूटकर चले गए। अब पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।

### अब इस एयरलाइंस ने बंद की लखनऊ की उड़ान, दिल्ली तक सिर्फ इन चार दिन जाएगी फ्लाइट

**गोरखपुर , एजेंसी।** एलायंस एयर की गोरखपुर एयरपोर्ट से अब लखनऊ तक की नियमित उड़ान भी बंद हो गई है। इससे यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। एलाएंस एयर ने अपनी इस उड़ान के अलावा गोरखपुर-दिल्ली के बीच होने वाली नियमित उड़ान को सप्ताह में चार दिन करने का फैसला किया है। हालांकि उड़ान बंद करने को लेकर अभी कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है। गोरखपुर से एलाएंस एयर की एक फ्लाइट लखनऊ तक आती-जाती थी। बाद में यही गोरखपुर से दिल्ली के लिए भी चलती थी। बीते फरवरी में स्पाइसजेट एयर लाइंस की तरफ से गोरखपुर से अपनी नियमित उड़ानें रद्द करने के बाद एलाएंस एयर पर यात्रियों की निर्भरता बढ़ी थी। अभी एयरपोर्ट अफसर अकासा एयरलाइंस को यहां से नियमित उड़ान सेवा शुरू करने के लिए तैयार कर रहे थे, तब तक एलाएंस एयर के इस रूख से एयरपोर्ट प्रशासन को झटका लगा है। एक दिन पहले ही यहां तकनीकी दिक्कतों के चलते छह उड़ानें कैंसिल हुई थीं। रविवार को विमान सेवा पटरी पर लौटी, तब तक एलाएंस एयर ने अपनी सेवाएं बंद करने की सूचना दे दी। एयरपोर्ट निदेशक आरके पराशर ने बताया कि गोरखपुर एयरपोर्ट से एलाएंस एयर ने लखनऊ के लिए विमान सेवा शुरू की थी, जिसको उन्होंने बंद कर दिया है। साथ दिल्ली की उड़ान अब सप्ताह में चार दिन करने की जानकारी मिली है।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान में दिखेंगे आगरा के बने जूते, 10 अप्रैल को होगी रिलीज





**आगरा, एजेंसी।** फुटबाल टीम के मैनेजर रहे सैयद अब्दुल रहीम की जीवनी पर बनी फिल्म 'मैदान' में आगरा के शू डिजाइनर देवकी नंदन सोन के बने जूते नजर आएंगे। अभिनेता अजय देवगन इस फिल्म में हैं जो 10 अप्रैल को रिलीज होगी।

फिल्म 83 में क्रिकेट शूज को डिजाइन करने वाले देवकी नंदन सोन ने अब फुटबाल पर आधारित फिल्म में भी फुटबाल के जूतों को डिजाइन कर बनवाया है। सोमवार को सोन ने बताया कि उन्होंने फिल्म में भारतीय टीम के साथ दक्षिण कोरिया की टीम के खिलाड़ियों के लिए भी जूते बनाए हैं। इसमें उनके बेटे कबीर नंदन के सहायक लक्ष्मी नरायन, पंचम सिंह, निरंजन सिंह, जयप्रकाश, एजाज काले ने हुनर दिखाया है। फिल्म के ट्रेलर में उनके बनाए जूते का सोल प्रमुखता से दिखाया है। उन्होंने कहा कि यह आगरा के जूतों के लिए गौरव का क्षण है। इससे आगरा के जूता दस्तकारों के हुनर को बड़ा मंच मिलेगा। देवकी नंदन क्रिकेटर सुनील गावस्कर के लिए भी सनी ब्रांड के जूते सप्लाई किए थे।

## बंगलूरू की तर्ज पर बनेंगी स्मार्ट रोड, 10 साल तक नहीं होंगी खराब



**कानपुर , एजेंसी।** बंगलूरू की तर्ज पर कानपुर में भी सीएम ग्रिड योजना के तहत स्मार्ट रोड बनेंगी। रविवार को शासन के आदेश पर उत्तर प्रदेश के पांच नगर निगमों के नगर आयुक्तों ने बंगलूरू की सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान कंसलटेंसी कंपनी ने जानकारी दी। आठ अप्रैल को वहां स्मार्ट रोड प्रजेंटेशन होगा। यूरिडा (अरबन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी) के सीईओ राजेंद्र पेंसिया के नेतृत्व में कानपुर, गाजियाबाद, प्रयागराज, अलीगढ़ के नगर आयुक्त, लखनऊ के अपर नगर आयुक्त समेत अन्य अफसरों ने बंगलूरू में 10 साल पहले बनीं स्मार्ट रोड का निरीक्षण किया। इनकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने वाली कंसलटेंट कंपनी जना के अधिकारियों ने इन सड़कों की खासियत बताते हुए कहा कि 10 साल से ये सड़कें जस की तस हैं।

### बंगलूरू की सड़कों की खासियत

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि वहां सड़कों के किनारे बरसाती पानी की निकासी के लिए नालियां, उसके बाद डक्ट बनाए गए हैं। डक्ट में ही विद्युत केबल, पानी की पाइपलाइन, गैस पाइपलाइन आदि बिछी हैं। कुछ सड़कों में तो दोनों तरफ के डक्ट में विद्युत केबल हैं। डक्ट पर ढक्कन और उसके ऊपर फुटपाथ बना है। फुटपाथ में ही विशेष पाथवे, टाइल्स लगे हैं। वहां फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं है। सड़कें इसलिए 10 साल से सही हैं क्योंकि उनके नीचे पाइपलाइन या अन्य कोई यूटिलिटी डक्ट नहीं है। बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था है।

## संक्षिप्त समाचार

### अतीक के परिवार पर बड़ी चोट की तैयारी, ईद के बाद करोड़ों के आलीशान घर पर चलेगा बुलडोजर

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में वक्फ बोर्ड की 70 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने में माफिया अशरफ ने अपने ससुरालवालों की मदद से सारा खेल किया था। उसकी मौत के बाद पत्नी जैनब और साले जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वक्फ बोर्ड के पूर्व मुतवल्ली की मदद से करोड़ों की इमारत खड़ी करने वालों पर अब पुलिस कार्रवाई करेगी। इमारत को गिराने के लिए पुलिस ने पीडीए के साथ तैयारी कर ली है। पीडीए सल्लाहपुर स्थित वक्फ बोर्ड की जमीन हड़प कर बने मकान और दुकानों को जल्द ही जमींदोज करने वाली है। सल्लाहपुर में स्थित सुन्नी वक्फ बोर्ड की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी हड़पने के मामले में केयर टेकर माबूद ने पूर्व मुतवल्ली मो. असियम, उसकी पत्नी जिन्नत, अशरफ की पत्नी जैनब, उसका साला सद्दाम व जैद, सिवली प्रधान और तारिक के खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। सद्दाम जेल में बंद और बाकी आरोपी फरार हैं। इस केस की जांच में पता चला कि इसी गैंग ने शाहगंज से लेकर कौशाम्बी बॉर्डर तक वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी हड़पी है। कई जगहों पर बोर्ड की प्रॉपर्टी को लीज पर रेलवे के ठेकेदारों को दे दिया और सालाना किराया वसूल रहे हैं। इस केस की पैरवी करने पर नए मुतवल्ली को धमकी मिली। पूरामुफ्ती के अलावा शाहगंज में दो मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने जांच कर यह भी बताया कि वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी पर कब्जा करके ही अशरफ ने आलीशान मकान बनवाया था। इसी मकान में अशरफ और जैनब रहते थे। इसी के साथ वहां बने अन्य अवैध निर्माण पर भी बुलडोजर चलाने की तैयारी है।

### भाजपा में घमासान, मेयर पर भड़के संतोष गंगवार समर्थक

**बरेली, एजेंसी।** भाजपा ने बरेली से आठ बार के सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट इस बार काट दिया। उनकी जगह छत्रपाल गंगवार को मैदान में उतारा गया है। इस पर संतोष गंगवार समर्थक पहले से नाखुश थे। अब टिकट की कलह खुलकर सामने आ गई। सोमवार को संतोष गंगवार के समर्थकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के समाने हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने भारत सेवा ट्रस्ट पर पहुंचे भूपेंद्र चौधरी की गाड़ी रोक ली। समर्थकों ने मेयर उमेश गौतम पर संतोष गंगवार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। हालांकि भाजपा के बड़े नेताओं की दखल के बाद किसी तरह कार्यकर्ता शांत हुए। इसके बाद भूपेंद्र चौधरी अपनी गाड़ी से पीलीभीत के लिए रवाना हो सके। उनके जाने के बाद भी हंगामा चलता रहा। सांसद समर्थक भारत सेवा ट्रस्ट पर देर रात तक धरने पर बैठे रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी संतोष गंगवार के आवास भारत सेवा ट्रस्ट पर चुनाव को लेकर मीटिंग करने गए थे। उस समय भाजपा संगठन के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इसी बीच बड़ी संख्या में संतोष गंगवार के समर्थक भारत सेवा ट्रस्ट पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने भारत सेवा ट्रस्ट पर मेयर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एक दिन पहले अर्थात रविवार को ब्राह्मण सभा की मीटिंग में मेयर उमेश गौतम ने संतोष गंगवार पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। इसकी जानकारी मिलते ही सोमवार सुबह से संतोष के समर्थकों का विरोध शुरू हो गया था। भोजीपुरा की मीटिंग में भी डीसीबी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने मंच से पूरा घटनाक्रम कार्यकर्ताओं को बताया था। मेयर पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद सुबह से शाम होते-होते विरोध खुलकर सामने आ गया। शाम को भूपेंद्र चौधरी गिले-शिकवे दूर कराने के लिए संतोष गंगवार के आवास पहुंचे थे। उसी दौरान संतोष के समर्थकों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मेयर के इस्तीफे की मांग करने लगे। आनन-फानन में भारत सेवा ट्रस्ट का गेट बंद करके कार्यकर्ताओं को बाहर रोक दिया गया। ऐसे में कार्यकर्ता गेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए। संतोष के घर के अंदर और बाहर हंगामा होता रहा। कुछ कार्यकर्ता भूपेंद्र चौधरी की गाड़ी के आगे बैठ गए। भाजपा नेताओं ने किसी तरह भूपेंद्र चौधरी को गाड़ी में बैठाकर रवाना किया। संतोष समर्थकों ने भूपेंद्र चौधरी के सामने शक्ति प्रदर्शन भी किया। संतोष गंगवार जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# एकजुट होगा चौटाला परिवार, भाजपा से गठबंधन टूटने के बाद बदले सुर

### अजय चौटाला बोले- पापाजी कहेंगे तो...



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा में भाजपा के साथ साढ़े चार साल पुराना गठबंधन टूटने के बाद जननायक जनता पार्टी (जजपा) संकट में घिर गई है। अब उसके लिए अपना वजूद बचाना बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे में जजपा नेताओं के सुर बदलने लगे हैं। लिहाजा, हरियाणा के चौटाला परिवार के एक होने की बातें शुरू हो गई हैं। जजपा सुप्रीमो अजय चौटाला ने एक बयान में कहा है कि अगर ओम प्रकाश चौटाला (पिताजी) कहेंगे तो हम एक हो सकते हैं लेकिन पहल ओम प्रकाश चौटाला को ही करनी होगी, अगर वह कल ही बुला लें तो हम कल ही तैयार हैं। हालांकि इनैलो के राष्ट्रीय महासचिव और अजय सिंह चौटाला के भाई अभय सिंह चौटाला ने कई बार यह टीस जाहिर की है कि अगर हम एक होते और बिखराव नहीं होता तो प्रदेश में हमारी सत्ता होती।

इनेलो ने कुरूक्षेत्र और हिसार को छोड़कर अभी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। वहीं, जजपा ने एक भी सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच जंग छिड़ी नजर आती है। अब सवाल उठता है कि क्या यह परिवार एक हो सकता है। राजनीति में कुछ भी संभव है। किसी समय परिवार को एक करने के लिए बादल परिवार की तरफ से भी प्रयास हुए लेकिन बात नहीं बनी थी। इनेलो और जजपा पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की नीतियों को लेकर ही आगे बढ़ने का दावा करती आई है, जिस तरह दुष्यंत और दि?ग्विजय की अपने चाचा अभय चौटाला के साथ जुबानी जंग चलती आ रही है, तो क्या ऐसे हालात में यह परिवार एक हो सकता है। वैसे जिस तरह जजपा को जगह-जगह विरोध का सामना करना पड़ रहा है, उस हालात में अजय सिंह चौटाला समझ गए हैं कि अकेले चलने की राह अब आसान नहीं रहेगी। इंडियन नेशनल लोकदल से बिखराब के बाद बनी जननायक जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। जजपा ने अभी लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा तक नहीं कीलेकिन जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने पार्टी को अलविदा कह दिया। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो अजय सिंह चौटाला को फोन करके मौखिक रूप से अपना इस्तीफा दे दिया। निशान सिंह के कांग्रेस में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

दिसंबर 2018 में जजपा बनने के साथ ही उन्हें प्रदेशाध्यक्ष की कमान सौंपी गई थी। 2021 और 2023 में जजपा के पूरे संगठन में फेरबदल हुआ, लेकिन निशान सिंह को हर बार प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। जजपा के भी करीब पांच वर्षों तक प्रदेशाध्यक्ष बने रहे। पार्टी से अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए उन्होंने बताया कि भविष्य को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया है। हलके के लोगों और पुराने साथियों के साथ विचार-विमर्श करके जल्द ही राजनीतिक फैसला लिया जाएगा। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। निशान सिंह ने कहा, प्यार, दोस्ती और राजनीतिक पार्टियों में कई बार रिश्तों में दरारें आ जाती हैं। मैंने पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ पार्टी के साथ काम किया। कभी कोई शिकायत का मौका नहीं दिया। कई बार हालात ऐसे होते हैं और हालात की वजह से ही ऐसे कदम भी उठाने पड़ते हैं। मैं इसके लिए किसी को दोष नहीं दूंगा। इस मामले में विस्तृत बातचीत अपना राजनीतिक फैसला करने के बाद ही करूंगा।

## सीमा के चेहरे पर जखम के निशान, 11 महीने में ही खत्म हुआ सचिन का प्यार



**नईदिल्ली , एजेंसी।**
पाकिस्तान से चार बच्चों को लेकर नेपाल के रास्ते भारत आने के बाद सुर्खियों में आई सीमा हैदर एक बार फिर से चर्चाओं में है। अब सीमा का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह चोटिल दिखाई दे रही है। वीडियो को देखने के बाद दावा किया जा रहा है कि सचिन ने सीमा के साथ मारपीट की है। वीडियो में हैदर अपने चेहरे और हाथ में चोट के निशान दिखा रही है। वीडियो को सचिन और सीमा के बीच मारपीट के नाम से वायरल किया जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने वायरल वीडियो को फेक (फर्जी) बताया है।

सोमवार को सीमा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सीमा का मुंह सूजा हुआ है। आंख के नीचे और चेहरे के कई हिस्सों में चोट के निशान भी दिख रहे हैं। सीमा के वकील एपी सिंह का कहना है कि यह वीडियो पाकिस्तान के एक यूट्यूबर ने एडिट करके फर्जी बनाया है। अधिवक्ता एपी सिंह ने पाकिस्तानी यूट्यूबर पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीमा का फेक वीडियो बना कर वायरल किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान में एआई के जरिये सीमा हैदर का वीडियो बना कर वायरल किया गया है।

सीमा के वकील और उनके मुंह बोले भाई ने कहा कि सीमा हैदर और सचिन आराम से रह रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस हरकत में आ गई और सीमा हैदर के घर पहुंची। जहां सीमा ने बताया कि उसकी कोई चोट नहीं लगी है। पुलिस का दावा है कि सीमा से बातचीत में स्पष्ट हुआ है कि उसके साथ कोई मारपीट नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो फेक है। दरअसल, 13 मई 2023 को सीमा हैदर नेपाल बॉर्डर के रास्ते से रबूपुरा पहुंची थी। करीब डेढ़ महीने वहां सचिन मीणा के साथ रहने के बाद 1 जुलाई 2023 की सुबह सीमा और सचिन रबूपुरा से भागकर मथुरा पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि, बाद में उनको जमानत पर छोड़ दिया गया था। तभी से वह सचिन के साथ उसके घर रबूपुरा कस्बे में रह रही है। सीमा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।

## रात के अंधेरे में दिल्ली मेट्रो ट्रेनों पर रहस्यमय चित्रकारी, 2 एफआईआर हुईं दर्ज; दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल करेगी जांच



**नईदिल्ली , एजेंसी।**
दिल्ली मेट्रो के यमुना बैंक और शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी ट्रेन के डिब्बों पर कथित रहस्यमय चित्रकारी करने के संबंध में दिल्ली पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। दोनों घटनाएं रात समय की हैं, जहां आरोपी चोरी छुपे स्टेशन में दाखिल हुए थे। अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। जॉइंट पुलिस कमिश्नर (ट्रांसपोर्ट) विजय सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस घटनाओं की जांच कर रही है। दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा की देखभाल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और दिल्ली पुलिस द्वारा की जाती है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले केरल और गुजरात से भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं। वहां विदेशी नागरिकों सहित भित्तिचित्र कलाकारों का एक ग्रुप मौज-मस्ती के लिए इस तरह की हरकतें करने में शामिल पाया गया था। पहला मामला यमुना बैंक मेट्रो यार्ड में सामने आया था, जहां देर रात कोई दीवार फांदकर अंदर घुस गया। इसके बाद उस व्यक्ति ने यार्ड में खड़े कोचों में से एक के एक हिस्से को पेंट कर दिया। कर्मचारियों को 31 मार्च को इसके बारे में पता चला। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''एक डिब्बे को कई रंगों के स्प्रे से रंगा गया था और कोच पर 'डेमो' और 'एएए' जैसे शब्द लिखे पाए गए। मामले की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई और मामला दर्ज किया गया।'' दूसरी घटना शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास 4 अप्रैल की रात की है। अधिकारी ने कहा कि अपराधी स्टेशन के पास खड़ी ट्रेन तक पहुंचने के लिए एक पेड़ पर चढ़कर अंदर दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि बोगी पर 'नो प्रॉब्लम' लिखा मिला। पुलिस ने कहा कि घटनाओं के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 451 और डीएमआरसी की धारा 78 और संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस मेट्रो ट्रेन के डिब्बों पर लिखे संदेश को समझने की कोशिश कर रही है और अपराधियों की पहचान करने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल को भी घटनाओं के बारे में सूचित कर दिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, इससे पहले गुजरात और केरल में भी इस तरह के मामले सामने आए थे। मई 2022 में कुछ अज्ञात व्यक्ति कोच्चि में मेट्रो यार्ड में कांटेदार बाड़ तोड़कर घुस गए।

## गाजियाबाद में 58 ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से दूसरे दिन भी रुकी रफ्तार, ऑपरेटर कंपनी के 4 लोगों पर एफआईआर



**नईदिल्ली , एजेंसी।**
गाजियाबाद शहर में 58 ट्रैफिक सिग्नल बंद रहने से सोमवार को दूसरे दिन भी सभी प्रमुख तिराहे और चौराहों पर जाम लगा रहा। इससे लोगों को परेशानियां उठानी पड़ीं। वहीं, नगर निगम की विज्ञापन प्रभारी ने सिग्नलों का संचालन करने वाली कंपनी के चार लोगों के खिलाफ सिहानी गेट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। निगम ने वर्ष 2017 में शिव शक्ति ड्रीम होम्स के साथ बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर (बीओटी) के तहत 58 चौराहे और तिराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने और उनकी देखरेख करने का अनुबंध किया था। इसके बदले कंपनी को शहर में यूनिपोल लगाने का काम मिला था। निगम ने करार खत्म होने पर यूनिपोल काट दिए। इसके बाद कंपनी ने दो दिन से ट्रैफिक सिग्नल बंद कर रखे हैं। इससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से हर चौराहे और तिराहे पर जाम लग रहा है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। निगम ने संबंधित कंपनी से ट्रैफिक सिग्नल का कंट्रोल मांगा, लेकिन निगम को कंट्रोल नहीं दिया गया। इस वजह से स्थिति खराब है। निगम की विज्ञापन प्रभारी पल्लवी सिंह ने सहानी गेट थाने में सिग्नलों का संचालन करने वाली कंपनी के हरीश शर्मा, गुंजन शर्मा, कपिल मोहन गुप्ता और तरुण शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, लोगों को गलत तरीके से रोकने, लोगों की व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। हापुड़ रोड पर पांच जगह ट्रैफिक सिग्नल लगे हैं। सभी सिग्नल बंद होने से वाहन दिनभर रेंगते रहे। जीटी रोड, अंबेडकर रोड, रमतेराम रोड, लाल कुआं, मेरठ रोड आदि जगह के ट्रैफिक सिग्नल बंद हैं। हालांकि सभी जगह यातायात पुलिसकर्मी तैनात हैं, लेकिन पुलिसकर्मियों की कोशिशों के बावजूद वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा अजय कुमार मिश्र, पुलिस कमिश्नर, शहर के मुख्य चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ें एलजी, जीतकर चलाएं दिल्ली सरकार




**नईदिल्ली , एजेंसी।**
दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की ओर से सरकार के कामकाज को लेकर सवाल उठाने पर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पलटवार किया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एलजी साहब को संविधान समझना चाहिए। उन्हें इस तरह की बैठक बुलाने का अधिकार ही नहीं है। आप नेता ने कहा कि वह किन विषयों का जिक्र कर रहे हैं। पानी, स्वास्थ्य, पर्यावरण और वन विभाग। यह चुनी हुई सरकार का विषय है। एलजी बताएं कि संविधान में कौन सा अनुच्छेद उन्हें अधिकार देता है कि वह चुने हुए सरकार के मंत्रियों को बुलाकर बैठक करें।

भारद्वाज ने एलजी पर हमला बोलते हुए कहा कि जब हम उन्हें कोई परेशानी बताते हैं तो कहते हैं कि यह दिल्ली सरकार का मसला है हम क्या करें। अब उन्हीं विषयों पर बैठक बुला रहे हैं। जिस स्वास्थ्य व पानी की व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं उसकी हालत ऐसी क्यों है। क्योंकि उनके चहेते अधिकारी जानबूझकर दवाई की कमी को पूरा नहीं कर रहे। पानी की दिक्कत क्यों है, क्योंकि जल बोर्ड का पैसा नहीं दे रहे। जब हम इसी मुद्दे पर अदालत जाते हैं तो वहां से हमारे पक्ष में फैसला आता है। दिल्ली सरकार के मंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल के चहेते अफसरों ने दिल्ली के अंदर फरिश्ते योजना के पैसे रोक दिए। फरिश्ते योजना के अंतर्गत अगर दिल्ली के अंदर कोई सड़क दुर्घटना में घायल होता था, तो उसका मुफ्त इलाज होता था। उन्होंने दिल्ली सरकार कौन आदमी चलाएगा, यह दिल्ली की जनता तय करेगी। अगर उपराज्यपाल को सरकार चलाने का इतना ही शौक है तो वह अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ें, चुनकर आएं और सरकार चलाएं।

बता दें कि वीके सक्सेना ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने लिखा, असंवेदनशीलता और गंभीरता की कमी दिखाते हुए दिल्ली के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अपने मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल द्वारा बुलाई गई बैठकों में भाग लेने से इनकार कर दिया।

# मायावती ने संभाला चुनावी मोर्चा, 22 को गृह जनपद नोएडा में करेंगी रैली



**नईदिल्ली , एजेंसी।**
बसपा सुप्रीमो मायावती के गृह क्षेत्र में भतीजे आनंद की जनसभा के बाद अब बुआ की जनसभा की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 22 अप्रैल को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जनसभा का कार्यक्रम तय हो गया है। हालांकि, मायावती की जनसभा स्थल को लेकर फिलहाल रस्साकशी चल रही है।

गौतमबुद्ध नगर जिला संगठन जेवर क्षेत्र में और बुलंदशहर संगठन सिकंदराबाद में जनसभा कराना चाहता है। संगठन शीघ्र ही रैली स्थल तय करने की बात कह रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय के बाद जिले में आ रही हैं। इस बार उनके लिए यह चुनाव खास है। बीते लोकसभा चुनाव में वह सपा के साथ गठबंधन कर सियासी रण में उतरी थी। इस बार वह अकेले ही मैदान में हैं और उनके कई पुराने साथी भी साथ छोड़कर अन्य दलों का दामन थाम चुके हैं। अपने गृहनगर में ही बसपा सुप्रीमो के पास पार्टी का एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है, जबकि दस साल पहले तक यहां पर बसपा का वर्चस्व था।

बसपा के जिलाध्यक्ष नरेश गौतम ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो की 22 अप्रैल को जनसभा होनी है। रैली स्थल जेवर या सिकंदराबाद में से एक रहेगा, इसको लेकर चर्चा जारी है और शीघ्र ही रैली स्थल तय कर दिया जाएगा। बसपा सुप्रीमो मायावती के राजनीतिक उत्तराधिकारी और उनके भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को अपनी गृह लोकसभा में पहली जनसभा को संबोधित किया। यह उनकी अपने गृहनगर की लोकसभा में हुई पहली जनसभा थी। आकाश के संबोधन और तेवरों को सभी ने सराहा है। बसपा के युवराज बने आकाश आनंद का जन्म नोएडा में ही हुआ है और वह यहीं पर पढ़े-लिखे हैं। अब बसपा के तीसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की राह पर हैं।

गौतमबुद्धनगर जिले के छोटे से गांव बादलपुर में जन्मी बसपा सुप्रीमो मायावती ने सियासत में अनेक रिकॉर्ड बनाए हैं। प्रदेश की सबसे युवा और पहली दलित मुख्यमंत्री होने का रिकॉर्ड इतिहास के पन्नों में उनके नाम दर्ज हो चुका है। इसके अलावा सबसे अधिक चार बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है।

## गर्लफ्रेंड को गला दबाकर मार डाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में लिवइन पार्टनर की हत्या कर उसका शव अलमारी में छिपाने वाले शख्स को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विपल टेलर के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस ने उसे राजस्थान से गिरफ्तार किया है और अब उसे वापस दिल्ली लाया जा रहा है। मामला 4 अप्रैल को सामनो आया था। दिल्ली पुलिस को द्वारका में स्थित एक घर में महिला का शव अलमारी में बंद मिला था। तब महिला के पिता ने उसके लिव इन पार्टनर पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि उसके लिव इन पार्टनर ने ही उनसकी हत्या की है। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुट गई थी। इसके एक दिन पहले ही पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कुछ दिन से अपनी 26 वर्षीय बेटी से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी बेटी एक महीने से अधिक समय से द्वारका के राजापुरी इलाके में टेलर के साथ किराए के मकान में रह रही थी और आखिरी कॉल पर उसने उन्हें बताया था कि आरोपी उसके साथ मारपीट करता था और उसे अपनी जान का खतरा था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पुलिस ने बताया कि महिला लगातार शादी का दबाव बना रही थी और इसी से परेशानी होकर आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने ये भी बताया कि ये कोई पहली वारदात नहीं थी जिसे आरोपी ने अंजाम दिया था।



## पीटी उषा का बड़ा आरोप, कहा-

# कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे दरकिनार करने की कोशिश कर रहे

**नई दिल्ली , एजेंसी।** शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था। इस नोटिस को उषा ने 'मनमाना' बताया और यह उनके द्वारा नियुक्त दो अधिकारियों के लिए था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है। शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था।

इस नोटिस को उषा ने 'मनमाना' बताया और यह उनके द्वारा नियुक्त दो अधिकारियों के लिए था। कार्यकारी परिषद के अधिकतर सदस्यों ने इससे पहले दावा किया था कि उन्होंने जनवरी में आईओए सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित करने वाले निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने अजय नारंग को आईओए अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक के पद से 'बर्खास्त' कर दिया है। उषा ने कार्यकारी परिषद के सदस्यों द्वारा नारंग को दिया गया बर्खास्तगी पत्र मिलने की बात स्वीकार की लेकिन इसे 'पूर्णतया निरर्थक' कहकर खारिज कर दिया। उषा ने कार्यकारी परिषद के बागी सदस्यों को भेजे अपने जवाब में कहा, यह देखकर निराशा होती है कि हम अब भी एक टीम के रूप में काम नहीं कर पा रहे हैं और आपकी हर हरकत मुझे दरकिनार करने की कोशिश है। मेरे पास आप सभी को यह याद दिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि कर्मचारियों की नियुक्ति और बर्खास्तगी सहित दैनिक प्रशासनिक कार्य कार्यकारी परिषद का काम नहीं है। कार्यकारी परिषद के रूप में हमें अपनी शक्तियों और अधिकारों का उपयोग आईओए को ऊंचाइयों पर ले जाने के अधिक महत्वपूर्ण कार्य के लिए करना चाहिए।

पूर्व दिग्गज धाविका ने कहा, आईओए स्टाफ को निर्देश दिया जाता है कि वे आईओए भवन के भीतर लगाए गए नोटिस की किसी भी प्रति को हटा दें। इसके अलावा आईओए स्टाफ को मेरे कार्यकारी सहायक के माध्यम से मेरे कार्यालय से मार्गदर्शन और निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया जाता है। जनवरी में सार्वजनिक रूप से सामने आई आईओए की आंतरिक कलह अब भी जारी है जबकि पेरिस ओलंपिक शुरू होने में सिर्फ तीन महीने बाकी हैं। उषा ने कहा कि सात जून 2023 को नियुक्त किए गए नारंग का पद पर बने रहना या बर्खास्तगी केवल उनकी सिफारिश पर आधारित होगी, ना कि किसी और की इच्छा पर।

उन्होंने कहा, बर्खास्ती दस्तावेज पूरी तरह से अमान्य हैं। अध्यक्ष के कार्यकारी सहायक की नियुक्ति कार्यकारी परिषद के अधिकार क्षेत्र में नहीं है और इसलिए बर्खास्तगी कानून के अनुसार नहीं है। मैं कैप्टन अजय कुमार नारंग (सेवानिवृत्त) द्वारा किए गए काम से संतुष्ट हूं और उनकी सेवाएं समाप्त करने का कोई कारण नहीं दिखता। उन्होंने कार्यकारी परिषद के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे आईओए संविधान द्वारा दी गई शक्तियों और जिम्मेदारियों के इतर काम नहीं करें और उसके प्रावधानों का सीधा उल्लंघन न करें।

# रविंद्र जडेजा ने आईपीएल में बनाया महारिकॉर्ड



**चैन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से बेहतरीन ऑलराउंडर पूरे इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के इतिहास में नहीं रहा है। दुनिया का कोई अन्य ऑलराउंडर इतना प्रतिभाशाली इस समय नहीं है, जो तीनों फॉर्मेट में खेलता हो और आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करता आ रहा हो। इसी बीच रविंद्र जडेजा ने आईपीएल का एक महारिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कोई अन्य खिलाड़ी उस उपलब्धि तक नहीं पहुंचा है।

दरअसल, रविंद्र जडेजा आईपीएल के इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं, 100 से ज्यादा विकेट चटकाए हैं और 100 कैच पकड़े हैं। रविंद्र जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स, कोच्चि टस्कर्स केरला और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए ये कारनामा कर दिखाया है। वे आईपीएल में 2776 रन बना चुके हैं और गेंदबाज के तौर पर 156 विकेट चटका चुके हैं और 100 कैच इस लीग में पकड़ने में सफलता हासिल की है।

असल मायने में रविंद्र जडेजा ही इस समय 3ष्ठ प्लेयर यानी 3 डायमेंशनल प्लेयर हैं, जो बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में सबसे अच्छे हैं। वे एक बल्लेबाज के तौर पर उतरते हैं तो प्योर बैटर नजर आते हैं और स्पिनर के रूप में उतरते हैं तो पूरी तरह लेफ्ट आर्म स्पिनर नजर आते हैं और फील्डर के तौर पर तो उनके कहने ही क्या, दूर से थ्रो फेंकना हो, स्टंप्स को हिट करना हो या फिर कितनी भी दूरी तय करके कैच पकड़ना हो, जड्डू हर काम आसानी से कर लेते हैं।

बता दें कि रविंद्र जडेजा सोमवार 8 अप्रैल को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए सीएसके वर्सेस केकेआर मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। उन्होंने 4 ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए थे। इसी के साथ वे आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 15 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। इतने ही खिताब एमएस धोनी ने भी अपने नाम किए हैं। धोनी का ये रिकॉर्ड आईपीएल में जल्द टूटने वाला है।

## IPL 2024

### हार पर बोले वरूण चक्रवर्ती

# हमने हर बल्लेबाज के लिए योजना बनाई थी



**चेन्नई, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में पिच को सही ढंग से पढ नहीं पाने का खामियाजा उनकी टीम को भुगतना पड़ा। पिछले दो मैचों की तुलना में इस मैच की पिच अलग थी। केकेआर 9 विकेट पर 137 रन ही बना सकी जिसे चेन्नई ने 14 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। चक्रवर्ती ने मैच के बाद कहा, 'मैने जब विकेट को देखा तो यह सपाट लगा लेकिन यह पूरी तरह से अलग था। उन्होंने कहा, 'हम पिच को बेहतर भांप सकते थे क्योंकि शुरूआत में यह धीमी थी। गेंद से संपर्क करना कठिन था लेकिन मुझे लगा कि 160 का स्कोर ठीक रहता। इसके अलावा ओस भी थी। शिवम दुबे को जो मैने आखिरी ओवर डाला , उससे काफी फर्क पड़ा क्योंकि मैं गेंद पर पकड़ नहीं बना पा रहा था।

## 3 बॉल खेलकर भी कर गए कमाल कारनामा

# एमएस धोनी ने रचा इतिहास



**चैन्नई, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और अब तो सीएसके के भी पूर्व कप्तान हो चुके एमएस धोनी के बारे में माना जा रहा है कि ये आखिरी आईपीएल है। वे कप्तानी पहले ही छोड़ चुके हैं और रुतुराज गायकवाड को कमान सौंपी गई है। इस बीच धोनी फील्डिंग के वक्त तो मैदान में रहते ही है और गायकवाड की मदद भी करते हैं, लेकिन फैंस उनकी बैटिंग देखने के लिए भी काफी उत्सुक रहते हैं। धोनी भी फैंस की मुराद पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच कोलकाता के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने तीन ही बॉल खेलीं, लेकिन इस दौरान भी वे एक अद्भुत रिकॉर्ड बना गए।

### धोनी ने तीन बॉल पर बनाया एक रन

एमएस धोनी केकेआर के खिलाफ खेले गए मैच में उस वक्त बल्लेबाजी के लिए आए जब टीम को केवल तीन ही रन की जरूरत थी। क्रीज पर धोनी आते हैं और तीन बॉल ही खेलकर एक रन बनाते हैं। इसके बाद आखिरी में कप्तान रुतुराज गायकवाड चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाते हैं। इस बीच धोनी ने एक और नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। उन्होंने अपने ही साथ रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया है।

हम बात कर रहे हैं आईपीएल में सफल रन चेज के बाद सबसे ज्यादा नाबाद यानी नॉट आउट रहने वाले खिलाड़ी की। अब तक ये रिकॉर्ड रवींद्र जडेजा के नाम था, जो अब धोनी के नाम हो गया है। रवींद्र जडेजा अब तक आईपीएल सफल रन चेज में 27 बार नाबाद रहे हैं, लेकिन अब धोनी ने 28 बार ऐसा कर दिया है। यहां हम केवल चेन्नई के लिए खेलते हुए की बात नहीं कर रहे हैं। पूरे आईपीएल करियर की बात कर रहे हैं। वैसे मैच में नंबर तो रवींद्र जडेजा का ही आने का था, लेकिन धोनी ने फैंस को खुश करने के लिए ये फैसला किया और नया कीर्तिमान भी बना गए।

# मयंक यादव की चोट गंभीर नहीं : क्रूणाल पांड्या



**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 की सबसे तेज गेंद फेंकने वाले एलएसजी के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव रविवार को गुजरात के खिलाफ चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। गुजरात के खिलाफ मयंक ने मात्र एक ओवर डाला और उसमें 13 रन दिए। मैच के बाद बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर क्रूणाल पांड्या ने मयंक की चोट पर अपडेट दिया। क्रूणाल पांड्या ने कहा, युवा तेज गेंदबाज मयंक मैदान से बाहर आने के बाद ठीक लग रहे थे। मैंने उनसे बातचीत की और वह पहले से बेहतर थे, जो हमारे लिए राहत की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मयंक पसली में खिंचाव और चोट के कारण बाहर चले गए। तेज गेंदबाज यश ठाकुर के पंजे के अलावा, क्रूणाल ने खुद एलएसजी की आईपीएल 2024 की तीसरी जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं कप्तान केएल राहुल इस बात से भी खुश थे कि कैसे मयंक की अनुपस्थिति के बावजूद उनके गेंदबाजों ने अपने घरेलू मैदान पर एक और स्कोर का बचाव करने के लिए एकजुट होकर शानदार गेंदबाजी की। एलएसजी अब चार मैचों में से तीन जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और शुक्रवार शाम को दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगा।

## एशियन बैडमिंटन

# सिंधू और लक्ष्य के सामने कठिन चुनौती

## शुरुआती दौर में ही शीर्ष चीनी शटलरों से मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा। एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और इस वर्ष ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के सामने कठिन चुनौती है। सिंधू दूसरे दौर में पहुंचीं तो उनके सामने छठी वरीय चीन की हान यू होंगी, जबकि लक्ष्य के सामने पहले ही दौर में शीर्ष वरीय चीन के शी यूकी होंगे। एचएस प्रणय का पहले दौर में चीन के लू गुआंग जू से मुकाबला होगा।



### सात्विक-चिराग नाम वापस ले चुके हैं

पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन का यह अंतिम टूर्नामेंट हैं। इसके बाद ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले शीर्ष 16 शटलरों की रैंकिंग जारी होनी है। इस टूर्नामेंट से सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी पहले ही नाम वापस ले चुकी है। बावजूद इसके टूर्नामेंट में एशिया के सभी शीर्ष शटलर शिरकत कर रहे हैं। इनमें शीर्ष वरीय कोरिया की एन से यंग, ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई, ताईवान की ताई जू यिंग, जापान की अकाने यामागुची के अलावा पुरुष वर्ग में शी यूकी, सिंगापुर के लोह कीन यू, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी, जापान के केंता निशिमोतो, कोडाई नरोका जैसे शटलर शामिल हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी इस वर्ष शानदार फॉर्म में चल रही है और उनसे पुरुष डबल्स वर्ग में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद है।

### श्रीकांत पहले दौर में गिंटिंग से भिड़ेंगे

सिंधू के सामने पहले दौर में मलयेशिया की गोह जिन वेई होंगी। अगर वह क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं तो उनके सामने यामागुची हो सकती हैं।

लक्ष्य एशियाई खेलों के दौरान हांगझोऊ में टीम मुकाबलों में शी यूकी को हरा चुके हैं। उनका ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना लगभग तय माना जा रहा है। प्रियांशु राजावत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के तीसरी वरीय एंथोनी सिंसुका गिंटिंग से भिड़ेंगे। महिलाओं में आकर्षी कश्यप पहले दौर में थाईलैंड की ओ बुसानन से खेलेंगी।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने कामिंदु मेंडिस और मैया बाउचर




**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने मार्च 2024 के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम के कामिंदु मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। महिला वर्ग में इंग्लैंड की मैया बाउचर को ये पुरस्कार मिला है। मेंडिस ने प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का दावा करने के लिए टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया है। मेंडिस ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी में 102 रन और दूसरी पारी में 164 रन बनाए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मैट हेनरी और आयरलैंड क्रिकेट टीम के मार्क अडायर को इस दौर में पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया।

मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ, कामिंदु मेंडिस ने कहा, मैं आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बेहद खुश हूं, जिसे मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए प्रेरणा मानता हूं। इस तरह की मान्यता हमें एक खिलाड़ी के रूप में टीम, देश और प्रशंसकों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अधिक से अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है। बाउचर ने न्यूजीलैंड में शानदार श्रृंखला की बदौलत मार्च 2024 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता। बीते महीने बाउचर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 223 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 4-1 टी20 श्रृंखला जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई थी।

## एक नजर

### स्वीप की बिहार आईकॉन मैथिली ठाकुर 10 अप्रैल को करेगी वोटर्स को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक

**औरंगाबाद)(का.सं.)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा विविध प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में बिहार की स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर औरंगाबाद में 10 अप्रैल को मतदाता जागरूकता पर आधारित विभिन्न गतिविधियों में शामिल होगी। मैथिली ठाकुर शहर के नगर भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की प्रस्तुति देगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक आहूत की गई।

### विद्युत चोरी मामले में दो पर प्राथमिकी

**गोह (औरंगाबाद)(का.सं.)।** गोह में विद्युत विभाग ने बिजली चोरी को लेकर छापेमारी करते हुए डिंगराही गांव के रामप्रवेश यादव व हसनपुर गांव के विकास कुमार के घर में विद्युत चोरी पकड़ी है। विभाग ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में विभाग के कनीय अभियंता सूरज कुमार ने अपनी टीम के साथ डिंगराही गांव निवासी रामप्रवेश यादव व हसनपुर गांव निवासी विकास कुमार के घर जब छापेमारी करने पहुंची तो पाया कि बिना विद्युत कनेक्शन के एलईडी बल्ब एवं पंखा का उपयोग किया जा रहा है। जांच के क्रम में रामप्रवेश यादव व विकास कुमार के द्वारा विद्युत से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। घरेलू परिसर में विद्युत भार पाया गया। मामले में कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए रामप्रवेश यादव पर 15144 व विकास कुमार पर 2414 रुपया का जुर्माना लगाया गया है।

### सर्किल इंस्पेक्टर ने की अम्बा थानाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक

**नवीनगर (औरंगाबाद)(का.सं.)।** नवीनगर के अंचल पुलिस निरीक्षक ने मंगलवार को अम्बा थाना में थानाध्यक्ष के साथ आगामी ईद और रामनवमी की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने दोनो पर्व को शांति से मनाने को ले कई निर्देश दिए।

# चैती छठ महापर्व को लेकर प्रशासन ने शुरु की तैयारी व्रतियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं होगी उपलब्ध

निज संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** जिले के भगवान भास्कर की नगरी देव में चैती छठ महापर्व को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारिया शुरु कर दी गई है। छठ पर्व पर व्रर्तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी की जा रही है। आपको बता दू कि औरंगाबाद के त्रेतायुगीन ऐतिहासिक भगवान भास्कर की नगरी देव में चैती छठ महापर्व पर भारी भीड़ जुटती है। देश के कोने-कोने से लोग यहां छठ पर्व करने को आते है। जिसे लेकर जिला प्रशासन के द्वारा तैयारिया जोरो पर चल रही है। इसकी जानकारी देते हुए औरंगाबाद अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने बताया कि औरंगाबाद के ऐतिहासिक नगरी देव में चैती छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होने की संभावना जताई जा रही है। जिसको लेकर जिला प्रशासन के नेतृत्व में तैयारी शुरू कर दी गई है। पूजा के दौरान आसान पार्किंग, पेयजल, शौचालय, मेडिकल टीम एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन सशक्त है। उन्होंने यह भी बताया कि इस साल दो-दो महापर्व एक साथ पड़ रहा है। एक तरफ जहां लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर ऐतिहासिक नगरी देव में चार दिवसीय मेला का आयोजन होता है। जिसमे लाखो लाख की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते है। वहीं दूसरे तरफ लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 की प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। जिसको लेकर थोड़ी कठिनाइया तो जरूर हो रही है, लेकिन इसके बावजूद भी जिला प्रशासन हर पहलू पर बारीकी से नजर बनाई हुई हैऔर सभी तरह की तैयारिया अंतिम चरण में चल रही है। उन्होंने बताया की छठ व्रत को लेकर भगवान भास्कर की ऐतिहासिक मेला देव में तकरीबन 10 से 15 लाख की संख्या में श्रद्धालुओं को जुटने की संभावना जताई जारही है। जिसको ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाएं की तैयारी की जा रही है। ताकि देश-विदेश से आए हुए श्रद्धालुओ को किसी भी तरह का कोई कष्ट न पहुंचे।

# छापेमारी में दो देशी कट्टा, दो थर्नेट एवं दो अर्ध निर्मित बैरल पाइप के साथ एक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देशन में अम्बा थाना अंतर्गत ग्राम बलिया बिगहा से अंबा थाने की पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार के अपराहन जानकारी देते हुए अंबा थानाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को एसपी के निर्देश पर अवैध शराब, खनन एवं शीर्ष अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अवैध हथियार की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान एसएसबी के इंस्पेक्टर अजय कुमार जडेजा द्वारा सूचना दी गई कि बलिया बिगहा में अवैध हथियार रखे गए हैं। सूचना मिलते ही संयुक्त रूप से छापेमारी की गई और इस छापेमारी में 02 देशी कट्टा,02 थर्नेट, 02 अर्ध निर्मित बैरल पाइप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गांव के ही संतोष महतो के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रात्रि में गश्ती के दौरान लावारिस हालत में मिला चार बोरा अंग्रेजी शराब

**जम्होर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद सदर प्रखंड में जम्होर थाना की पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान दुधैला पुल के पास से 04 बोरा में रखे 100.26 लीटर अंग्रेजी शराब (रॉयल क्लासिक लेमन बोदका) लावारिस हालत में बरामद किया है। वहीं नवीनगर के बड़ेम ओपी की पुलिस ने हरखु बीघा निवासी अनिल प्रजापति को 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## पंचायत में जीसीईएस एप के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग का किया निरीक्षण



निज संवाददाता

**बरूण (औरंगाबाद)।** मंगलवार 9 अप्रैल को भारत सरकार के जीसीईएस एप के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार, पटना के उप निदेशक, बिरेन्द्र कुमार सिंह, द्वारा औरंगाबाद जिले के बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत दुधार पंचायत के अमौना ग्राम में किया गया। उक्त प्रयोग अमौना ग्राम के किसान अरूण सिंह एवं भीम सिंह के खेसरा संख्या-1197 एवं 1082 पर जितेन्द्र कुमार, प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी, बारूण प्रखण्ड द्वारा किया गया। प्रयोग के दौरान वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 50 वर्ग मीटर क्षेत्र में अरूण सिंह के खेत में 4.560 किलो ग्राम एवं भीमसिंह के खेत में 10.140 किलो ग्राम उपज प्राप्त हुआ। प्रयोग के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, औरंगाबाद मोती कुमार दिनकर, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, अभय प्रताप सिंह, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, विजय ठाकुर, कृषि समन्वयक एवं विकास मित्र के साथ किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामनवमी व छठ पूजा को ले शांति समिति की बैठक संपन्न



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना परिसर में मंगलवार को रामनवमी एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं पूजा समिति के सदस्यों को शांतिपूर्वक हर्षोउल्लास के साथ रामनवमी व छठ पूजा मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने रामनवमी व छठ पूजा में किसी भी तरह के गलत अफवाहों से लोगों से सचेत रहने की अपील की। कहा कि पूजा को लेकर गश्ती बढ़ा दी जाएगी। शांति भंग करने वालों व मनचलों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। किसी भी विकट परिस्थिति में सीधे थाने के नंबर पर संपर्क करे। पुलिस फौरन आपकी समस्या का समाधान करेगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस से उचित सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। इस मौके पर गोह पंचायत के मुखिया राजू वर्मा, रामजी पासवान, गोह सरपंच मनोरमा देवी, कमिटी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के धंधेबाज को कोर्ट ने सुनाई पांच साल कैद की सजा

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह स्पेशल उत्पाद कोर्ट 02 के न्यायाधीश नीतीश कुमार की अदालत ने मंगलवार को एक अवैध शराब के धंधेबाज को पांच साल कैद और एक लाख के जुर्माना की सजा सुनाई। कोर्ट ने रिसियप थाना कांड संख्या-113/21 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए कुटुम्बा थाना के कोईरी बिगहा निवासी अभियुक्त दिवाकर कुमार को यह सज़ा सुनाई। स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्त को निर्णय पर सुनवाई के दौरान 04 अप्रैल को दोषी ठहराया गया था। मामले में आज़ सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अभियुक्त को बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम की धारा 30 (क) में पांच साल सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है।

## कलश यात्रा के साथ सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ आरंभ



निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में श्री सूर्यनारायण भगवान प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु रघुनाथपुर से 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा बुद्धेश्वर नाथ की नगरी देवकुंड पोखर पहुंचे जहां आचार्य मिथिलेश कुमार, विद्यार्थी पांडेय के नेतृत्व में होली नायक, शांति कुमार, प्रति दक्ष, मधेश प्रसाद, अर्चना कुमारी सिंह, रौनक कुमार, बहादुर सिंह, दिलीप सिंह ने द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा तथा वहां से पैदल यात्रा करते हुए सूर्य नारायण भगवान की जयघोष करते श्रद्धालुओं का जत्था आयोजन स्थल पर पहुंचा। जहां कलश की स्थापना की गई। इस अवसर पर अखंड संकीर्तन का आयोजन किया गया है। मंगलवार को भगवान भास्कर की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा।

## उच्च माध्यमिक विद्यालय में दीक्षांत समारोह धूमधाम से संपन्न

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के विद्यालय के प्रांगण में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या उपमा कुमारी ने किया जबकि संचालन सहायक शिक्षक विश्वजीत कुमार एवं अजय विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्रधानाध्यापक, माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह,अवकाश प्राप्त शिक्षक अवधेश मेहता, कृष्णानंद चौबे, समाजसेवी नरसिंह सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी की गरिमामई उपस्थिति रही। अभिभावक के रूप उपसरपंच सतीश कुमार वर्मा, प्रेमचंद प्रजापति, महेंद्र गुप्ता, सुभाष गुप्ता राम ध्यान प्रसाद, सुरेंद्र मेहता ने शिरकत किया। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलता है।पढ़ाई के प्रति उनकी अभिरुचि बढ़ जाती है। 2024 में नौवीं, दसवीं एवं 12वीं में विद्यालय टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। 12 वीं के विद्यालय टॉपर श्रीजल कुमारी को मोमेंटो एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में खुशी देखी गई उन्होंने कहा कि यह पहली बार आयोजन किया गया है। दीक्षांत समारोह के मौके पर मोहम्मद अमीरुद्दीन, सतीश चंद्र मिश्रा, शशांक कुमार, सफीना बानो, प्रीति कुमारी, कल्पना कुमारी, बबिता कुमारी, गुलरुख जमीन डॉ. संजय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## गर्मी के मद्देनज औरंगाबाद में 15 अप्रैल से मॉर्निंग अवधि में चलेगा कोर्ट

**औरंगाबाद(का.सं.)।** गर्मी को देखते हुए औरंगाबाद में कोर्ट 15 अप्रैल से मॉर्निंग में चलेगा। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज अशोक राज के आदेश से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में 15 अप्रैल से कोर्ट मॉर्निंग में शुरू होगा जो 29 जून तक जारी रहेगा। समयावधि 07 बजे सुबह से 1 बजे दोपहर तक की होगी। अधिवक्ता ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय और महासचिव जगनारायण सिंह ने कोर्ट मॉर्निंग करने का आवेदन जिला जज को दिया था।

## रामभक्तों ने पचार पहाड़ के शिखर पर गाड़ा महावीरी झंडा

निज संवाददाता



**रफीगंज( औरंगाबाद )।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के पचार पहाड़ पर मंगलवार को बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद् एवं अन्य राम भक्तो द्वारा चैत्र नवरात्र के एकम को लेकर पहाड़ के शिखर पर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की तरह महावीरी ध्वज लगाया गया तथा पूजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि कई वर्षों से पचार पहाड़ पर महावीरी ध्वज हमलोग लगाते आ रहे हैं। काफी अधिक संख्या में राम भक्त एवं पचार गांव के ग्रामीण पचार पहाड़ के शिखर पर पहुंचकर महावीरी ध्वज लगाया एवं पुजन किया गया। राम भक्त अशोक प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष हम लोग रामनवमी दो बार मना रहे हैं। पहली रामनवमी हम लोगों ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मनाया था। आज से हम लोगों ने रामनवमी पर्व की शुरुआत के अवसर पर पूजन पाठ शुरू कर दिया है। इस मौके पर राजु गुप्ता, अशोक प्रसाद, संतोष कुमार गुप्ता, इंदल पासवान, गौरव कुमार, दिलीप उर्फ कारु, भीम साव, राजेश पासवान, शंकर शौण्डिक, धीरज कुमार, अजय खत्री, सुमित पाठक, पंकज मिश्रा, प्रांशु सिंह राजपूत, राहुल शर्मा, पप्पू यादव बाबा, चंदन सोनी, दिपेश कुमार, रोहन गुप्ता, किशु गुप्ता, डीके सुरज, शशि सोनी, संतोष कुमार गुप्ता, राहुल शर्मा, राहुल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय मौआर साहब क्रिकेट सीरीज का आयोजन

निज संवाददाता



**देव (औरंगाबाद)।** पांच दिवसीय मौआर साहब क्रिकेट सीरीज का आयोजन मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल देव के परिसर में सोमवार को किया गया। मैच का उद्घाटन मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक शशि रंजन मौआर,औरंगाबाद क्रिकेट अकादमी के प्रकाश मिश्रा एवं मदनपुर के मां उम्गेश्वरी क्रिकेट टीम के पीयूष कुमार द्वारा किया गया। सीरीज मैच रेलवे यूथ क्रिकेट क्लब रांची एवं मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल देव टीम के बीच खेला जा रहा है। रेलवे यूथ क्लब रांची के कप्तान पीयूष कुमार एवं मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल टीम के कप्तान रवि रंजन कुमार ने बताया कि दोनों टीम के सभी खिलाड़ी अनुशासित है और अनुशासन में रहकर ही मैच खेल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय के निदेशक शशि रंजन मौआर क्रिकेट में काफी रुचि रखते हैं। वे एक अच्छे खिलाड़ी के साथ-साथ एक अच्छे क्रिकेट प्रशिक्षक भी है। वे हमेशा अपने बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देते रहते हैं और टूर्नामेंट का भी आयोजन करते रहते हैं। इस मैच के आयोजन में सुनील कुमार, गुड़िया मौआर, संजय कुमार, एवं सुनील मौआर की सरहनीय रही है।

## बीजेपी प्रत्याशी ने किया देव के इलाके में जनसंपर्क

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** औरंगाबाद से राजग प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को देव प्रखंड के देव बाजार, चांदपुर, केशऔर, कुरहाबार, इंगुनियाटांड, बेढ़नी, पचौखर, पांती, डोमन बिगहा, तेतराइन, बरंडा , बालूगंज, डुमरी, नियामतपुर, कोडियारी, बेढ़ना आदि गांवो का दौरा किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि आप सभी लोगो के द्वरा मिल रहे आशीर्वाद से यह साफ है कि इस बार पूरे बिहार के 40 सीट और भारत मे 400 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पिंटू शाहिल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गोलु गुप्ता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, लोजपा अध्यक्ष रवि कुमार, हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद रवि रंजन कुमार उर्फ सीटू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विशाल चौधरी, अप्पू सिंह, बालूगंज मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार सिंह, बसंत सिंह, भाजपा नेता चन्दन कुमार सिंह, जदयू नेता अजिताभ कुमार सिंह, पूर्व मुखिया ओंकार नाथ सिंह, बबलू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली जलयात्रा



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के खड़वां गांव में नव निर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह 11 दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर मंगलवार को हाथी घोड़े और गाजे बाजे के साथ विशाल जलयात्रा निकाली गई।जलयात्रा यज्ञस्थल पर पूजन कर निकाली गई।जलयात्रा आरंभ होते ही पूरा गांव हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालु यज्ञ स्थल से कलश लेकर डेढ़ किलोमीटर दूर रफीगंज-शिवगंज मुख्य पथ तक पैदल गए।वहां से श्रद्धालु बस में सवार होकर 50 किलोमीटर दूर जम्होर के पुनपुन नदी घाट तक गए। वहां यज्ञाचार्य लालभूषण मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी कराई। वहां से पुनः बस में सवार होकर यज्ञस्थल से दूर रफीगंज-शिवगंज मुख्य मार्ग पर उतरकर पैदल यज्ञ स्थल तक पहुंच कर यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर यज्ञ स्थल में कलश को रखा।यज्ञ समिति के अध्यक्ष ब्रजकिशोर पांडेय ने बताया यज्ञाचार्य लालभूषण मिश्र के आचार्यत्व में त्रिदंडी स्वामी के शिष्य गोपालाचार्य उर्फ फलाहारी बाबा के तत्वावधान में 11 दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ हुआ है। प्रतिदिन चित्रकूट धाम के हनुमान गढी के पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य का प्रवचन एवं रात्रि में रासलीला का आयोजन किया गया है। यज्ञ को लेकर पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यजमान के रूप में हरेंद्र सिंह, पपू सिंह, झुनू सिंह, सुधीर सिंह, संतोष सिंह सहित अन्य सात मुख्य श्रोता बने हैं। इस अवसर पर ललन सिंह, रामराज्य सिंह, सत्यनारायण सिंह, केदार सिंह, अर्जुन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गिरिजेश सिंह, अशोक सिंह, अनूज सिंह, शशिशेखर मिश्र, सुशील सिंह, बूलू सिंह, चूनू मिश्र, नीतीश, बलवीर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024
भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA
दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए
आश्वस्त न्यूनतम सुविधाएं
रैम्प एवं व्हील-चेयर
बेल लिपि युक्त ईवीएम
विशेष स्वयंसेवक
दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग लाइन
दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवहन सुविधा
सांकेतिक भाषा

घर से मतदान की सुविधा/डाक मतपत्र सुविधा
निर्वाचक (85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं बेंचमार्क प्रमाणपत्र–धारी दिव्यांगजन) फॉर्म 12घ भरकर घर से वोट डालने की सुविधा और डाक मतपत्र सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। अनिवार्य सेवाओं में कार्यरत निर्वाचक भी फॉर्म 12घ भरकर डाक मतपत्र सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
PR No.- 020256 (Election)D. 2023-24
चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
अधिक जानकारी हेतु 1950 पर कॉल करें या
Voter Helpline App और www.voters.eci.gov.in पर जाएं
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार
Voter Helpline App
Saksham App
www.ceobihar.nic.in | Follow Us On: Biharceo CEOBihar bihar_ceo | visit: www.voters.eci.gov.in